www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, शुक्रवार, 18 अगस्त, 2023 | वर्ष-16 | अंक-132 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए





हमने 70 साल तक लोकतंत्र बचाए रखा तो मोदी बन... 02

■ जब भी संकट आता है तो प्रधानमंत्री मोदी साध लेते हैं...
■ युमा एनर्जी ने दिल्ली नगर निगम व बीएसईएस के साथ... 03

■ अफगानिस्तान में सभी 70 राजनीतिक पार्टियों पर प्रतिबंध
■ लीबिया में त्रिपोली के संघर्ष प्रभावित इलाकों से 300... 07

'खतरों के खिलाड़ी' से टेलीविजन की दुनिया... 10

## सार संक्षेप

### उमर अब्दुल्ला को अनुच्छेद 370 की पुनर्बहाली की उम्मीद



श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और क्षेत्रीय नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने गुरुवार को कहा कि हालांकि न्यायिक प्रक्रिया लंबी है, लेकिन उन्हें उम्मीद है कि सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक पीठ अनुच्छेद 370 मुद्दे पर सुनवाई करेगी और इसे पुनर्स्थापित करेगी। सुप्रीम कोर्ट द्वारा अनुच्छेद 370 की बहाली के लिए लड़ने के लिए एनसी ने कुछ अन्य राजनीतिक दलों की तरह वकीलों को भी शामिल किया है।

### हमने 70 साल तक लोकतंत्र बचाए रखा : खडगे



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा है कि जब वह पूछते हैं कि कांग्रेस ने इस देश को क्या दिया तो इसका सीधा जवाब यही है कि कांग्रेस ने 70 साल से लोकतंत्र बचाए रखा इसलिए श्री मोदी देश के प्रधानमंत्री बन पाए हैं। श्री खडगे ने गुरुवार को यहां तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित महिला कांग्रेस के राष्ट्रीय सम्मेलन 'प्रतिज्ञा उज्वल भारत की' के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए यह बात कही।

### दिल्ली में नीरज बवाना गैंग के दो सदस्य गिरफ्तार



नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने नीरज बवाना गैंग के दो प्रमुख सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। दोनों राष्ट्रीय राजधानी और उसके आसपास दर्ज हत्या और मारपीट समेत कई आपराधिक मामलों में शामिल थे। गिरफ्तार सदस्यों की पहचान मोहित (29) और नितिन (28) के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, मोहित सिंडिकेट के सबसे महत्वपूर्ण सदस्यों में से एक है और गैंग को हथियार और गोला-बारूद की आपूर्ति करता रहा है।

### मौसम विभाग को पूरे देश में बारिश होने का अनुमान



नई दिल्ली। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने गुरुवार को कहा पूरे भारत में भारी बारिश की संभावना जताई है। आईएमडी ने कहा कि शनिवार को पूर्वी तथा आसपास के मध्य भारत में, साथ ही 21 अगस्त को पूर्वोत्तर में भारी बारिश होने की संभावना है।

### मध्य प्रदेश के सतना में 5 साल की बच्ची से दुष्कर्म

भोपाल। मध्य प्रदेश के सतना जिले में पांच साल की एक बच्ची के साथ बलात्कार किया गया है। पुलिस ने गुरुवार को कहा कि मासूम बच्ची का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पीड़िता के माता-पिता भिखारी हैं और एक मंदिर के पास रहते थे।

101 महिला अधिवक्ताओं ने चीफ जस्टिस से लगाई गुहार

# महिला वकीलों ने नफरत भरे भाषणों पर रोक लगाने का किया आग्रह

## चिन्हित कर संबंधित लोगों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई के लिए सीजेआई को लिखा पत्र

**नई दिल्ली,** 17 (एजेंसियां)। दिल्ली उच्च न्यायालय महिला लॉयर्स फोरम ने नूंह हिंसा के बाद भय का माहौल पैदा कर रहे नफरती भाषण और

**नूंह हिंसा**

वीडियो पर प्रतिबंध लगाने के लिए हरियाणा सरकार को निर्देश देने की उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ से गुहार लगाई है। महिला अधिवक्ताओं ने एक पत्र याचिका के माध्यम से हरियाणा सरकार को नफरत फैलाने वाले



वीडियो को चिन्हित कर संबंधित लोगों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश देने की गुहार लगाई है। पत्र पर 101 महिला अधिवक्ताओं के हस्ताक्षर हैं, जिसमें उन वीडियो को चिन्हित करने और प्रतिबंध लगाने की गुहार लगाई गई है। ऐसे वीडियो पर प्रतिबंध लगाने की गुहार लगाई गई है जो कथित तौर पर किसी भी समुदाय, पूजा स्थलों को नुकसान पहुंचाने या आर्थिक बहिष्कार का आग्रह करने की धमकी देते हैं।

### शांति व सद्भाव को कर रहे बाधित

पत्र में कहा गया है कि उन्होंने महिला, मां और न्यायालय के कामकाज से जुड़े होने के नाते हम सांप्रदायिक सद्भाव, कानून के शासन और जिम्मेदारी की भावना के प्रति एक मजबूत प्रतिबद्धता महसूस करते हैं। नूंह क्षेत्र में हुई हालिया घटनाओं के मद्देनजर सोशल मीडिया पर नफरत फैलाने वाले भाषण और लक्षित हिंसा भड़काने वाले वीडियो सामने आने से गंभीर चिंता पैदा हो गई है, जो समाज में शांति और सद्भाव को बाधित कर रहे हैं।

**बिलकिस बानो मामला**

### दोषियों की रिहाई पर सरकार पर उठाया सवाल

सुप्रीम कोर्ट ने बिलकिस बानो गैंगरेप केस में गुरुवार 17 अगस्त को सुनवाई हुई। जस्टिस नागरत्ना ने पूछा कि रिहाई में छूट का फायदा सिर्फ बिलकिस के दोषियों को ही क्यों दिया गया, बाकी कैदियों को ऐसी छूट क्यों नहीं मिली। अदालत ने यह भी पूछा कि जब गोधरा की कोर्ट ने ट्रायल नहीं किया, तो उससे राय क्यों मांगी गई? बेंच ने इस मामले में एडवाइजरी कमेटी का ब्योरा मांगा है। अगली सुनवाई 24 अगस्त को होगी।

## बिट्टू बजरंगी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

■ पुलिस ने उसके पास से आठ तलवारें बरामद की

**गुरुग्राम।** गौरक्षक बिट्टू बजरंगी को 31 जुलाई को जिले में हुई सांप्रदायिक झड़पों के सिलसिले में गुरुवार को नूंह की एक अदालत ने 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। नूंह पुलिस के एक प्रवक्ता ने कि पुलिस ने उसके पास से आठ तलवारें बरामद की हैं। सहायक पुलिस अधीक्षक (एएसपी) उषा कुंडू की शिकायत के आधार पर नूंह के सदर पुलिस स्टेशन में एक नई प्राथमिकी दर्ज होने के बाद राज कुमार उर्फ बिट्टू बजरंगी को मंगलवार को फरीदाबाद से गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने कहा कि सोशल मीडिया पोस्ट से पहचाने गए बिट्टू बजरंगी ने समर्थकों के साथ 31 जुलाई को विहिप की ब्रजमंडल जलाभिषेक यात्रा के दौरान नलहर मंदिर में तलवार और त्रिशूल ले जाते समय एएसपी उषा कुंडू और पुलिस टीम के साथ कथित तौर पर दुर्व्यवहार किया था।



कांग्रेस संगठन में किया गया फेरबदल

# सुरजेवाला को बनाया गया मप्र का प्रभारी



■ मुकुल वासनिक को दी गई गुजरात की जिम्मेदारी
■ अजय राय उप्र कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त किए गए

**नई दिल्ली,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। कांग्रेस ने गुरुवार को पार्टी संगठन में फेरबदल किया। पार्टी ने रणदीप सुरजेवाला को मध्य प्रदेश के सीनियर ऑब्जर्वर के बाद अब राज्य का ही प्रभारी महासचिव का अतिरिक्त प्रभार दिया है, वहीं मुकुल वासनिक को गुजरात के प्रभारी महासचिव पद की जिम्मेदारी दी गई है।

इसके अलावा बृजलाल खाबरी की जगह अजय राय को उत्तर प्रदेश कांग्रेस का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। मध्य प्रदेश के प्रभारी महासचिव की जिम्मेदारी सुरजेवाला को वरिष्ठ नेता जेपी अग्रवाल की जगह दी गई तो वहीं वासनिक को राजस्थान कांग्रेस के नेता रघु शर्मा के इस्तीफे देने के बाद प्रभारी महासचिव बनाया गया है। गुजरात में हुए पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को करारी हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद रघु शर्मा ने प्रभारी पद से इस्तीफा दे दिया था।

**मध्य प्रदेश में होने वाले है विधानसभा चुनाव**

इस साल के आखिर में मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव है। ऐसे में सुरजेवाला को जिम्मेदारी देना काफी अहम माना जा रहा है। इसके अलावा अगले साल लोकसभा चुनाव है। वहीं उत्तर प्रदेश में लोकसभा की 80 सीटें हैं। ऐसे में अजय राय की नियुक्ति भी काफी अहम है।

मणिपुर विधानसभा सत्र 21 अगस्त से हो रहा है शुरू

# दस आदिवासी विधायक विधानसभा सत्र का करेंगे बहिष्कार

**इंफाल**, 17 अगस्त (एजेंसियां)। सुरक्षा कारणों से मणिपुर में आदिवासियों के लिए अलग प्रशासन की मांग कर रहे 10 आदिवासी विधायक 21 अगस्त से शुरू होने वाले राज्य विधानसभा सत्र का बहिष्कार करेंगे। इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम (आईटीएलएफ) के प्रवक्ता गिन्जा वुअलजोंग ने कहा कि आदिवासी मंत्री, विधायक, साथ ही आम जनता, मेइतेई बहुल राज्य की राजधानी इंफाल का दौरा करने से डरती है। वुएलजोंग ने बताया, कुकी, ज़ोमी और अन्य आदिवासी समुदायों से संबंधित कोई भी मंत्री, विधायक और नेता सुरक्षा कारणों से इंफाल जाने के इच्छुक नहीं हैं, इसलिए वे सत्र



■ मणिपुर हिंसा में अब तक मारे गए 260 से अधिक लोग
■ कहा, इंफाल का दौरा करने से डरती है जनता
■ आईटीएलएफ के प्रवक्ता वुअलजोंग ने दी जानकारी

का बहिष्कार करेंगे। विपक्षी कांग्रेस सहित विभिन्न वर्गों की मांग के बाद बुलाए गए आगामी सत्र में जातीय हिंसा पर चर्चा होने की संभावना है, जो 3 मई को भड़की थी और अब तक 260 से अधिक लोग मारे गए हैं, 600 से अधिक घायल हुए हैं और बड़े पैमाने पर विनाश हुआ है। मणिपुर के अग्रणी और प्रभावशाली आदिवासी संगठनों में से एक आईटीएलएफ भी आदिवासियों की हत्याओं और हमलों के प्रति एकजुटता दिखाते हुए विधानसभा सत्र का बहिष्कार कर रहा है। 12 मई से राज्य की सत्तारूढ़ भाजपा के सात विधायकों सहित 10 विधायक आदिवासियों के लिए एक अलग प्रशासन की मांग कर रहे हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह, भाजपा, मैतेई निकाय समन्वय समिति ऑन मणिपुर इंटीग्रिटी (सीओसीओएमआई) और कई अन्य संगठनों ने अलग प्रशासन की मांग का कड़ा विरोध किया।

आयुष्मान योजना पर सीएजी रिपोर्ट में किया गया खुलासा

# लाभार्थियों को इलाज के लिए करना पड़ा भुगतान

**नई दिल्ली,** 17 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) ने आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) पर अपनी ऑडिट रिपोर्ट में खुलासा किया कि योजना की मंशा के बावजूद लाभार्थियों को इलाज के लिए पैसे का भुगतान करना पड़ा। गौरतलब है कि एबी-पीएमजेएवाई के तहत लाभार्थियों को प्रति वर्ष पांच लाख रुपए तक का स्वास्थ्य कवर प्रदान किया जाता है। यह लाभार्थियों को सेवाओं के लिए कैशलेस और पेपरलेस सुविधा प्रदान करता है। एबी-पीएमजेएवाई पर हाल ही में संसद में पेश सीएजी की ऑडिट रिपोर्ट ने कहा, एसएचए (राज्य स्वास्थ्य एजेंसी) और निजी ईएचसीपीएस (पैनलबद्ध स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता) द्वारा हस्ताक्षरित समझौते में कहा गया है कि पीएमजेएवाई लाभार्थियों को पूरी तरह से कैशलेस तरीके से सेवा प्रदान किया गया। अस्पताल में मरीज के प्रवेश के बाद, सभी नैदानिक परीक्षणों, दवाओं, प्रत्यारोपण आदि का खर्च अस्पताल द्वारा वहन किया जाना चाहिए, लेकिन लेखापरीक्षा में ऐसे उदाहरण सामने आया, जहां रोगियों को इलाज के लिए भुगतान करना पड़ा। हिमाचल प्रदेश में, पांच ईएचसीपी के 50 लाभार्थियों को अपने नैदानिक परीक्षणों का प्रबंधन अन्य अस्पताल/नैदानिक केंद्र से करना पड़ा और परीक्षणों की लागत लाभार्थियों द्वारा वहन की गई।







लाभार्थियों को पांच लाख तक का मिलता है स्वास्थ्य कवर

### 75 मरीजों को 6.70 लाख रुपए की प्रतिपूर्ति अभी बाकी

रिपोर्ट में कहा गया है कि 75 मरीजों को 6.70 लाख रुपए की प्रतिपूर्ति अभी बाकी है। सीएजी रिपोर्ट में कहा गया है, झारखंड में, बीमा कंपनी ने पाया कि लाइफ केयर हॉस्पिटल, गोड्डा के 36 मरीजों ने दवाओं, इंजेक्शन, रक्त आदि की खरीद के लिए भुगतान किया। बीमा कंपनी के अवलोकन के आधार पर एसएचए ने 28 अगस्त, 2020 को अस्पताल को पांच दिनों के भीतर स्पष्टीकरण देने के लिए कहा। लेकिन अस्पताल ने न तो कोई स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया, न ही उसके खिलाफ कोई कार्रवाई की गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि मेघालय में, फरवरी 2019 से मार्च 2021 तक पांच निजी ईएचसीपी में इलाज कराने वाले 19,459 लाभार्थियों में से 13,418 (69 प्रतिशत) को छुट्टी के समय 12.34 करोड़ रुपए की अतिरिक्त राशि का भुगतान करना पड़ा।

भाजपा ने विधानसभा चुनाव की तैयारी की तेज

# छत्तीसगढ़, मप्र के लिए भाजपा की पहली सूची जारी

■ **विंध्यवासिनी त्रिपाठी**

**नई दिल्ली**, 17 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव की कठिन चुनौतियों से पार पाने के लिए भाजपा ने अभी से अपनी तैयारियां तेज कर दी है। खास रणनीति के तहत पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने चुनाव तारीखों के ऐलान का इंतजार किए बिना छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। इसमें छत्तीसगढ़ से 21 और मध्यप्रदेश के लिए 39 उम्मीदवारों की घोषणा की गई है।



■ मध्य प्रदेश से 39 और छत्तीसगढ़ से 21 उम्मीदवारों के नाम घोषित
■ भूपेश बघेल के खिलाफ भतीजे विजय बघेल को बनाया उम्मीदवार

**चौथी बार चाचा-भतीजे आमने-सामने होंगे**

छत्तीसगढ़ की सूची में सर्वाधिक चर्चित नाम दुर्ग से सांसद विजय बघेल का है। उन्हें भाजपा ने पाटन से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सामने उतारा है। विजय रिश्ते में भूपेश के भतीजे हैं। चौथी बार चाचा-भतीजे एक दूसरे के सामने होंगे। अभी तक केवल एक बार 2008 के चुनाव में विजय ने चाचा भूपेश बघेल को मात दी है। जबकि 2003 और 2013 के चुनाव में वे भूपेश बघेल से हार चुके हैं। वहीं भाजपा ने अपने सबसे बड़े आदिवासी चेहरे राम विचार नेताम की सीट बदल दी है। उन्हें अब बलरामपुर के बजाय रामानुजगंज सीट से उम्मीदवार बनाया गया है। इसके अलावा छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह के रिश्तेदार विक्रांत सिंह को खैरागढ़ से टिकट दिया गया है। वहीं मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान तमाम बड़े नेताओं के नाम पहली सूची से बाहर हैं। छत्तीसगढ़ के 21 उम्मीदवारों की सूची में 5 महिलाओं सरायपाल सुरक्षित से सरला केसरिया, खल्लारी से अल्का चंद्राकर, खुज्जी से गीता घासी साहू को टिकट दिया गया है।

नेहरू मेमोरियल का नाम बदलने पर बोले राहुल

# नेहरू की पहचान नाम नहीं, कर्म से है

**नई दिल्ली,** 17 अगस्त (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने दिल्ली स्थित नेहरू मेमोरियल का नाम बदलकर प्रधानमंत्री मेमोरियल कर दिया। तीन दिन बाद गुरुवार को इस पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि नेहरू जी की पहचान उनके कर्म हैं, उनका नाम नहीं। राहुल के इस बयान को लेकर केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि हम अपने पूर्व प्रधानमंत्रियों को सम्मान दे रहे हैं, चाहें वे किसी भी पार्टी के हों। कांग्रेस पार्टी इसे बेकार में मुद्दा बना रही है। मुझे नहीं पता कि इसमें समस्या क्यों है।



भाजपा ने कहा, हम सभी पूर्व प्रधानमंत्रियों को दे रहे है सम्मान

### दो दिनी दौरे पर लद्दाख पहुंचे राहुल

**लेह।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी गुरुवार को दो दिवसीय दौरे पर लद्दाख पहुंचे। यहां पर लेह एयरपोर्ट पर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर अपने भाषण के दौरान कहा था कि वह जल्द ही लेह का दौरा करेंगे।

# शिमला मंदिर आपदा में मरने वालों की संख्या 14 पहुंची

## हिमाचल विश्वविद्यालय एक प्रोफेसर का मिला शव

**शिमला**, 17 अगस्त (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश की राजधानी में भूस्खलन के कारण मंदिर ढहने की घटना के चौथे दिन गुरुवार को फिर से खोज अभियान शुरू करते हुए बचावकर्मियों ने एक शव बरामद किया। इसके साथ ही घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 14 हो गई। एक अधिकारी ने बताया कि शव हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के एक प्रोफेसर का है। इसे आपदा स्थल से दो किमी दूर से बरामद किया गया।




**कामयाबी** *चंद्रयान-3 का अहम पड़ाव पूरा*

# मुख्य अंतरिक्ष यान से अलग हुआ विक्रम लैंडर

**चेन्नई, 17 अगस्त (एजेंसियां)। चंद्रमा को फतह करने निकले चंद्रयान-3 ने गुरूवार को अपने मिशन का एक और बेहद अहम पड़ाव पार कर लिया जिसमें विक्रम लैंडर मॉड्यूल, प्रॉपल्शन मॉड्यूल से सफलतापूर्वक अलग होकर आगे की यात्रा पर रवाना हो गया है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधन संगठ्न (इसरो) के अनुसार अब लैंडर रोवर को लेकर आगे की यात्रा अकेले तय करेगा और इसके 23 अगस्त शाम को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव की सतह पर उतरने का कार्यक्रम है।**

इसके लिए सभी अभ्यास पूरे कर लिये गये हैं। इसरो के अनुसार इस चरण के सफलतापूर्वक पूरा होने का मतलब है कि चंद्रयान 3 की सभी प्रणालियां सही तरीके से काम कर रही हैं। चंद्रयान 3 का प्रक्षेपण 14 जुलाई को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र से किया गया था। चंद्रमा की सहत पर उतरने के बाद लैंडर से रोवर बाहर निकलेगा और मिशन के उद्देश्यों को पूरा करेगा। इस मिशन के सफल होने के बाद भारत यह उपलब्धि हासिल करने वाला चौथा देश बन जायेगा। अभी तक अमेरिका, रूस और चीन ने ही यह उपलब्धि हासिल की है। चंद्रयान 3 ने पिछले तीन हफ्तों में कई चरणों का पार कर चांद की अलग अलग कक्षाओं में प्रवेश करते हुए इस महत्वपूर्ण चरण को पूरा किया है।

**23 अगस्त शाम को चंद्रमा की सतह पर उतरेगा**




### 5 अगस्त को चंद्रमा की कक्षा में पहुंचा था यान

22 दिन के सफर के बाद चंद्रयान 5 अगस्त को शाम करीब 7:15 बजे चंद्रमा की कक्षा में पहुंचा था। तब उसकी स्पीड कम की गई थी ताकि यान चंद्रमा की ग्रैविटी में कैप्चर हो सके। स्पीड कम करने के लिए इसरो वैज्ञानिकों ने यान के फेस को पलटकर थ्रस्टर 1,835 सेकेंड यानी करीब आधे घंटे के लिए फायर किए।

# देश

**उवाच** “ दिल्ली में महागठबंधन के लोगों ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पहचानने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि यह समझने की बात है कि जब लोग राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद से मिल ही रहे हैं, तो कोई नीतीश कुमार से क्यों मिलेगा :-सम्राट चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष, भाजपा



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 36.7 | 27.5 |
| मुंबई | 31.7 | 26.8 |
| कोलकाता | 33.0 | 26.3 |
| चेन्नई | 36.5 | 35.3 |

### मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा

# हमने 70 साल तक लोकतंत्र बचाए रखा तो मोदी बन सके प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली,** 17 अगस्त (एजेंसियां)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा है कि जब वह पूछते हैं कि कांग्रेस ने इस देश को क्या दिया तो इसका सीधा जवाब यही है कि कांग्रेस ने 70 साल से लोकतंत्र बचाए रखा इसलिए श्री मोदी देश के प्रधानमंत्री बन पाए हैं।

श्री खडगे ने गुरुवार को यहां तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित महिला कांग्रेस के राष्ट्रीय सम्मेलन 'प्रतिज्ञा उज्ज्वल भारत की' के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा श्री मोदी बार बार सवाल करते हैं कि कांग्रेस ने 70 साल में क्या किया जबकि इस दौरान और कई दलों की सरकार रही है लेकिन वह कांग्रेस से ही अक्सर सवाल पूछते हैं। उन्होंने कहा 'मोदी जी बोलते हैं– कांग्रेस ने 70 साल में क्या किया। हमने लोकतंत्र और संविधान को बचाकर रखा, इसलिए आप प्रधानमंत्री बन पाए। यदि कांग्रेस लोकतंत्र को बचाए नहीं रखते तो मोदी देश के प्रधानमंत्री नहीं होते और वह गुजरात में ही रहते।

कांग्रेस नेता ने कहा कि श्री मोदी के अगले साल भी लाल किला पर तिरंगा फहराने को लेकर हमला किया और कहा 'मोदी जी ने कहा कि वह 2024 में भी 15 अगस्त को लाल किले पर तिरंगा फहराएंगे। मुझे लगता है कि वह तिरंगा तो जरुर फहराएंगे, लेकिन लाल किले पर नहीं, अपने घर पर फहराएंगे। आश्चर्य की बात यह है कि श्री मोदी उस पार्टी के लिए यह बात कहते हैं जिस पार्टी ने देश के लिए कुर्बानी दी।' उन्होंने कहा 'देश को एकजुट रखने के लिए इंदिरा जी और राजीव जी ने अपने प्राणों का बलिदान दिया। कांग्रेस पार्टी के बड़े–बड़े नेताओं ने देश के लिए अपनी जान दी। भाजपा के पास कौन सा ऐसा नेता है।' उन्होंने कहा कि कांग्रेस मणिपुर के हालात को लेकर चिंतित हैं, इसलिए संसद में श्री मोदी से आग्रह करते रहे कि संसद में आएं और इस बारे में कुछ बोलें लेकिन वह कुछ बोले नहीं, इसलिए विपक्षी दल अविश्वास प्रस्ताव लेकर आए ताकि वह संसद में अपनी बात कहें। उनका कहना था कि श्री मोदी मणिपुर को लेकर संसद के बाहर बोलते हैं और फिर थोड़ा लाल किला पर इस मुद्दे पर अपनी बात रखते हैं।



'देश को एकजुट रखने के लिए इंदिरा जी और राजीव जी ने अपने प्राणों का बलिदान दिया। कांग्रेस पार्टी के बड़े-बड़े नेताओं ने देश के लिए अपनी जान दी। भाजपा के पास कौन सा ऐसा नेता है:-मल्लिकार्जुन खडगे, अध्यक्ष कांग्रेस

#### मोदी 'भारत तोड़ो' पर विश्वास करते हैं: खडगे

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि श्री मोदी 'भारत तोड़ो' पर विश्वास करते हैं, जबकि कांग्रेस नेता राहुल गांधी देश की एकता के लिए काम करते हुए भारत जोड़ो यात्रा निकालते हैं।

### कांग्रेस ने गुजरात, मध्य प्रदेश के प्रभारी महासचिव बदले

कांग्रेस ने वरिष्ठ नेता मुकुल वासनिक को गुजरात का महासचिव नियुक्त कर कर्नाटक के प्रभारी रणदीपसिंह सुरजेवाला को मध्य प्रदेश का अतिरिक्त प्रभार दिया है। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने इन नियुक्तियों को मंजूरी दी है और नव नियुक्त पदाधिकारियों को तत्काल प्रभाव से अपना काम शुरु करने को कहा है।

### भाजपा की सूची में परिवारवाद की छाया, कांग्रेस ने कसा तंज

भोपाल। मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी ने 39 उम्मीदवारों की जो पहली सूची जारी की है, उसमें परिवारवाद की भी छाया नजर आ रही है। भाजपा ने कई ऐसे उम्मीदवार बनाए हैं, जिनके पिता या तो विधायक रहे हैं अथवा सांसद रह चुके हैं। कांग्रेस के प्रवक्ता अब्बास हफीज ने इसको लेकर भाजपा पर तंज कसा है और कहा है कि भाजपा की कथनी और करनी सामने है। भाजपा की पहली सूची पर हम गौर करें तो एक बार साफ होती है कि सबलगढ़ से सरला रावत को उम्मीदवार बनाया गया है, जिनके ससुर मेहरबान सिंह रावत पूर्व में विधायक रह चुके हैं। इसी तरह जबलपुर की पाटन विधानसभा सीट से प्रतिभा सिंह के बेटे नीरज सिंह ठाकुर को टिकट दिया गया है। जबकि, छतरपुर के महाराजपुर विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक और पूर्व मंत्री मानवेंद्र सिंह के बेटे कामाख्या प्रताप सिंह को मैदान में उतारा गया है। इसी तरह राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री गोविंद नारायण सिंह के बेटे धुर्वे नारायण सिंह पर भी पार्टी ने दांव लगाया है।

## मोदी सरकार ने जंगलों को किया बर्बाद: जयराम



**नई दिल्ली,** 17 अगस्त (एजेंसियां)। केंद्र पर निशाना साधते हुए कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने गुरुवार को कहा कि 'मानित' जंगलों को खत्म करने की जल्दबाजी में नरेंद्र मोदी सरकार ने वास्तव में जंगलों को बर्बाद कर दिया। कांग्रेस नेता ने एक ट्वीट में कहा, 'संसद द्वारा पिछले सप्ताह वन संरक्षण अधिनियम, 1980 में खतरनाक संशोधन पारित करने के बाद ओडिशा सरकार ने तुरंत आदेश पारित कर दिया कि 'मानित' वनों को अब वन नहीं माना जाएगा।' राज्यसभा सांसद ने कहा, 'अब केंद्रीय मंत्रालय का कहना है कि राज्य का आदेश वापस ले लिया गया है। भ्रम की स्थिति है। 'मानित' वनों को खत्म करने की जल्दबाजी में, मोदी सरकार ने वास्तव में वनों को बर्बाद कर दिया है।' उन्होंने ओडिशा सरकार द्वारा डीम्ड फॉरेस्ट आदेश को वापस लेने की एक समाचार रिपोर्ट भी संलग्न की। कांग्रेस ने संसद में वन संरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2023 का विरोध किया है। 2 अगस्त को एक बयान में, रमेश ने कहा था कि संशोधनों के सार को संसद में दबा दिया गया है, जो मोदी सरकार की मानसिकता को दर्शाता है, और पर्यावरण, वन व पर्यावरण पर उसकी वैश्विक बातचीत और घरेलू प्रयासों के बीच मौजूद अंतर को दर्शाता है। उन्होंने यह भी कहा कि विधेयक के जल्द ही कानून बनने तक की यात्रा, एक केस स्टडी है कि कैसे विधायी प्रक्रिया को पूरी तरह से नष्ट किया जा सकता है।

### शिवराज ने स्वतंत्रता दिवस पर भी झूठ बोला : कमलनाथ



भोपाल। कांग्रेस की मध्य प्रदेश इकाई के प्रदेशाध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा है कि उन्होंने पिछले साल स्वतंत्रता दिवस पर झूठी घोषणाएं की थी। राज्य में शिवराज सरकार एक लाख युवाओं को नौकरी देने के वादे लगातार कर रही है। इस पर कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष कमलनाथ ने पिछले साल स्वतंत्रता दिवस पर की गई घोषणा को याद दिलाते हुए ट्वीट किया, मुख्यमंत्री जी आपने पिछले साल 15 अगस्त को वादा किया था कि एक साल में एक लाख सरकारी नौकरियां प्रदान करेंगे। मुझे आशा थी कि इस स्वतंत्रता दिवस पर आप उन एक लाख सरकारी नौकरियों का ब्यौरा मध्य प्रदेश की जनता के सामने देंगे। नौजवान अगले दिन भी प्रतीक्षा करते रहे कि शायद व्यस्तता के चलते आप एक दिन बाद वह नौकरियां उनके सामने रखें।

## सार संक्षेप

### सीएम हेमंत ने भाजपा नेत्री के खिलाफ भूमि और संपत्ति के मामले में जांच की इजाजत दी

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भाजपा नेत्री मिस्फिका हसन के खिलाफ अवैध तरीके से भूमि और संपत्ति अर्जन के मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो को पीई (प्रिलिमिनरी इन्क्वायरी) दर्ज करने की अनुमति दी है। मिस्फिका हसन अभी भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की राष्ट्रीय मंत्री हैं। वह पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता भी हैं। उन पर पाकुड़ के ईलामी प्रखंड की मुखिया रहते अवैध संपत्ति अर्जित करने का आरोप है। एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने मिस्फिका के खिलाफ पीई (प्रिलिमिनरी इन्क्वायरी) दर्ज करने की स्वीकृति मांगी थी। उनके खिलाफ एसीबी को एक शिकायतकर्ता ने शपथ पत्र के साथ कंप्लेन लेटर दिया है।

### कांग्रेस ने इंडिया गठबंधन की रक्षा के लिए तमिलनाडु को छोड़ा पानी : कुमारस्वामी

बेंगलुरु। पूर्व मुख्यमंत्री एच.डी. कुमारस्वामी ने गुरुवार को तमिलनाडु के लिए कावेरी नदी का पानी छोड़ने पर सिद्धारमैया सरकार की आलोचना की और आरोप लगाया कि यह कर्नाटक के किसानों के हितों की कीमत पर इंडिया गठबंधन के लिए ऐसा किया गया है। कुमारस्वामी ने सोशल मीडिया पर कहा, 'कांग्रेस ने मेकेदातु पदयात्रा का नाटक किया और कर्नाटक के लोगों को बेवकूफ बनाया। अब, पार्टी ने राज्य के हितों की बलि चढ़ाकर कर्नाटक और कन्नडिगा के किसानों के साथ बहुत बड़ा विश्वासघात किया है और इंडिया गठबंधन की खातिर कावेरी नदी से पानी छोड़ा है ।' कुमारस्वामी ने तंज कसा, 'अपर्याप्त बारिश के कारण जलाशय नहीं भरे हैं। राज्य के किसानों की फसलों के लिए पानी नहीं है। बेंगलुरु शहर गंभीर पेयजल समस्या का सामना कर रहा है।

### विशाखापत्तनम-सिकंदराबाद वंदे भारत एक्सप्रेस रद्द

विशाखापत्तनम। विशाखापत्तनम-सिकंदराबाद वंदे भारत एक्सप्रेस को तकनीकी समस्याओं के कारण गुरुवार को रद्द कर दिया गया। इससे यात्रियों को असुविधा हुई। ट्रेन संख्या 20833 विशाखापत्तनम-सिकंदराबाद वंदे भारत एक्सप्रेस सुबह 5.45 बजे रवाना होने वाली थी। यात्रियों ने कहा कि उन्हें सुबह 5 बजे रद्द होने की सूचना दी गई। हालांकि, ईस्ट कोस्ट रेलवे के वाल्टेयर डिवीजन ने वंदे भारत एक्सप्रेस के समान स्टॉपेज के साथ उसी रास्ते पर विशाखापत्तनम से सिकंदराबाद तक एक विशेष ट्रेन चलाकर यात्रियों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की। डिवीजन रेलवे मैनेजर, वाल्टेयर ने कहा, 'असुविधा के लिए गहरा खेद है।' विशेष ट्रेन सुबह 7 बजे विशाखापत्तनम रेलवे स्टेशन से रवाना हुई।

## ज्योतिरादित्य सिंधिया के एक समर्थक का टिकट कटा



**भोपाल,** 17 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय जनता पार्टी ने इसी साल होने वाले मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनाव के लिए 39 उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। इस सूची में दो ऐसे विधानसभा क्षेत्र हैं, जहां के नेता केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ भाजपा में शामिल हुए थे। मगर, इन दोनों में से भाजपा ने एक उम्मीदवार बनाया है। जबकि, दूसरे का टिकट काट दिया है। भाजपा ने 39 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की है। उसमें उन क्षेत्रों के उम्मीदवार भी शामिल हैं, जो सिंधिया के साथ कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए। दो विधानसभा क्षेत्रों सुमावली और गोहद के तत्कालीन विधायकों ने सिंधिया के साथ कांग्रेस छोड़ी थी। उसके बाद उपचुनाव हुए तो भाजपा ने सुमावली से एंदल सिंह कसाना और रणवीर सिंह जाटव को उम्मीदवार बनाया। यह दोनों उम्मीदवार उप चुनाव हार गए। आगामी विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने जिन 39 उम्मीदवारों की सूची जारी की है, उनमें सुमावली और गोहद विधानसभा क्षेत्र के भी उम्मीदवारों के नाम हैं। भाजपा ने जहां एदल सिंह कंसाना को सुमावली से फिर उम्मीदवार बनाया है तो वहीं गोहद से रणवीर जाटव के स्थान पर लाल सिंह आर्य को टिकट दिया है। कुल मिलाकर सिंधिया के साथ आए इन दो विधायकों में से एक का टिकट बीजेपी ने काट दिया है।

## सभी निचली अदालतों में वर्चुअल सुनवाई की योजना: सीजेआई


### सुप्रीम कोर्ट निचली अदालतों में वर्चुअल सुनवाई के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के लिए अपना क्लाउड सॉफ्टवेयर स्थापित कर रहा

**नई दिल्ली,** 17 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डी.वाई. चंद्रचूड़ ने गुरुवार को कहा कि सुप्रीम कोर्ट देश की सभी निचली अदालतों में वर्चुअल सुनवाई को संभव बनाने के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के लिए अपना क्लाउड सॉफ्टवेयर स्थापित कर रहा है। अनुच्छेद 370 पर संविधान पीठ की सुनवाई के दौरान, वरिष्ठ वकील दुष्यंत दवे ने सुझाव दिया कि क्या प्रौद्योगिकी–संचालित हाइब्रिड सुनवाई को जिला न्यायपालिका तक भी बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने कहा, 'यदि आप इसे (आभासी सुनवाई) मुफस्सिल अदालतों सहित निचली अदालतों तक ले जा सकें। यह सबसे बड़ा योगदान होगा।' इस पर न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, 'ईकोर्ट्स (प्रोजेक्ट) के तीसरे चरण में, हमारे पास एक बड़ा बजट है, इसलिए हम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के लिए अपना खुद का क्लाउड सॉफ्टवेयर स्थापित करने की प्रक्रिया में हैं।' एक संक्षिप्त बातचीत में उन्होंने याद किया कि कैसे राज्य सरकारें अदालतों में न्यायिक बुनियादी ढांचे के लिए धन उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा, 'कुछ राज्य सरकारें बहुत सहयोग कर रही हैं, दूसरों के बारे में आपको पता है, मुझे याद है महामारी के समय, मैं उच्च न्यायालय का नाम नहीं लूँगा। उनके पास इन वीडियो (कॉन्फ्रेंसिंग) प्लेटफार्मों के लाइसेंस के लिए भुगतान करने के लिए पैसे नहीं थे।' सीजेआई ने कहा, 'वे (वह हाई कोर्ट) बिल्कुल गंभीर स्थिति में थे। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने अपना वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग लाइसेंस उन्हें स्थानांतरित कर दिया। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास के दीक्षांत समारोह में अपने हालिया संबोधन में सीजेआई ने कहा था कि महामारी के दौरान देश भर की अदालतों ने वर्चुअल मोड के माध्यम से 4.3 करोड़ सुनवाई की।



'कुछ राज्य सरकारें बहुत सहयोग कर रही हैं, दूसरों के बारे में आपको पता है, मुझे याद है महामारी के समय, मैं उच्च न्यायालय का नाम नहीं लूँगा। उनके पास इन वीडियो (कॉन्फ्रेंसिंग) प्लेटफार्मों के लाइसेंस के लिए भुगतान करने के लिए पैसे नहीं थे:-डी.वाई. चंद्रचूड़

## विपक्षी दलों के नेताओं से मिलने का कोई कार्यक्रम नहीं था: नीतीश



उनकी बातचीत विपक्षी नेताओं से होती रहती है। वे जब फोन करते हैं तो बात होती ही है:-नीतीश कुमार

**पटना,** 17 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गुरुवार को दिल्ली से वापस पटना लौट गए। यहां लौटने के बाद उन्होंने कहा कि उनका दिल्ली में विपक्षी दलों के नेताओं से मिलने का कोई कार्यक्रम नहीं था। नीतीश कुमार ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि कुछ निजी कार्य से वे दिल्ली गए थे। उन्होंने कहा कि उनका विपक्षी नेताओं से मुलाकात का कोई कार्यक्रम था ही नहीं। बुधवार को नीतीश जब दिल्ली गये थे तब कहा गया था कि वे वहां अरविंद केजरीवाल के अलावा कांग्रेस नेताओं से मुलाकात करेंगे। इसके बाद गुरुवार को नीतीश वापस पटना लौट गए। नीतीश कुमार ने बुधवार को अटल बिहारी वाजपेयी की समाधि स्थल पर जाकर श्रद्धांजलि दी थी। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल के बिहार की स्थिति पाकिस्तान से बदतर संबंधित बयान पर जब मुख्यमंत्री से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि कहां आपराधिक घटना घट रही है। कितना कम है अपराध यहां। जरा फीगर देख लीजिये। बहुत कम है अपराध। उन्होंने कहा कि कोई बिना मतलब का बोलता रहता है, क्योंकि मीडिया में वही चलता है जो वो लोग बोलता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी बातचीत विपक्षी नेताओं से होती रहती है। वे जब फोन करते हैं तो बात होती ही है। ऐसा थोड़े ही है कि कांग्रेस के नेताओं से बात नहीं होती।

## महाराष्ट्र की महिला संस्था 'स्वराज्य महिला संगठन' का मुख्यमंत्री केसीआर की मौजूदगी में बीआरएस पार्टी में विलय हुआ



**हैदराबाद,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। 'अब की बार किसान सरकार' के नारे के साथ आगे बढ़ रही बीआरएस पार्टी में कई राजनीतिक दल, सार्वजनिक संगठन और पेशेवर संगठन शामिल हो रहे हैं। महिलाओं के मुद्दों पर लड़ने वाली महाराष्ट्र की प्रमुख महिला संस्था 'स्वराज्य महिला संगठन' का बुधवार को हैदराबाद में मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की मौजूदगी में बीआरएस पार्टी में विलय हो गया। इस अवसर पर, बीआरएस अध्यक्ष केसीआर ने स्वराज्य महिला आंदोलन की अध्यक्ष वनिता ताई गुट्टे के साथ स्वराज्य महिला आंदोलन के सदस्यों को गुलाबी स्कार्फ पहनाकर पार्टी में सौहार्दपूर्वक शामिल किया। इस अवसर पर 'स्वराज्य महिला संगठन' की अध्यक्ष वनिता ताई गुट्टे ने कहा कि तेलंगाना राज्य में महिलाओं के उत्थान और कल्याण के लिए बीआरएस सरकार द्वारा लागू की गई योजनाओं और नीतियों ने महाराष्ट्र राज्य की महिलाओं को बहुत प्रभावित किया है। इसी क्रम में हमने बीआरएस पार्टी के साथ मिलकर काम करने के उद्देश्य से विलय का निर्णय लिया है, जो समाज के गरीबों, जरूरतमंदों, असहायों और विधवाओं के कल्याण और स्वावलंबन के लिए काम कर रही है। वनिता ताई ने कहा कि वह बीआरएस पार्टी की नीतियों को आगे बढ़ाने में पार्टी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री केसीआर के आदेशों का ईमानदारी से पालन करेंगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि हम जीवन भर बीआरएस पार्टी के साथ काम करने के लिए तैयार हैं।

#### समाजिक समानता के लिए पपन्ना के प्रयास इतिहास में किए जाएंगे दर्ज

मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव (केसीआर) ने कहा कि सरदार सरवई पपन्ना गौड़ तेलंगाना बहुजनों के स्वाभिमान और बहादुरी के प्रतीक के रूप में खड़े थे। समुदाय के लोगों के लिए राजनीतिक और सामाजिक समानता के लिए पपन्ना के प्रयास इतिहास में दर्ज किये जाएंगे।

## अगले एक वर्ष में 100 करोड़ का व्यापार बढ़ाए निगम: तेजप्रताप

**पटना,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री तेजप्रताप यादव की अध्यक्षता में गुरुवार को विभाग के वरीय पदाधिकारियों के साथ बिहार वानिकी विकास निगम लिमिटेड को क्रियाशील कर उसे सार्थक बनाने पर बैठक हुई। इस मौके पर मंत्री ने कहा कि निगम सर्वप्रथम एक वर्ष की कार्य योजना तैयार करें तथा उसमें किये जाने वाले कार्यों की विस्तृत जानकारी दें। इसके साथ–साथ उनके द्वारा ई–मंडी ऐप का निर्माण कर उसे व्यापक प्रचार–प्रसार के साथ उपयोग करने के लिए आमजनों, किसानों आदि को प्रोत्साहित किये जाने का निदेश दिया गया है। मंत्री ने पदाधिकारियों को यह भी निदेश दिया गया है कि वे राज्य में को बढ़ावा देने के लिए एक एप बनायें, जिससे की पर्यटकों को राज्य के विभिन्न इको–पर्यटन स्थलों की जानकारी मिल सके तथा वे उन जगहों पर असानी से घुम सके।

## मोदी सरकार में हुई भीषण लूट, भाजपा नेताओं के बोल नहीं रहे हैं फूट: जदयू



**पटना,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। जदयू के राष्ट्रीय महासचिव व प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा है कि मोदी सरकार में जनता के पैसों की किस कदर लूट मची है यह कैग की हालिया रिपोर्ट से पता चलता है। इस रिपोर्ट में सड़क निर्माण से स्वास्थ्य व्यवस्था में हुई भयावह लूट–खसोट के बारे में बताया गया है। कैग ने एक–दो नहीं बल्कि सात घोटालों का खुलासा किया है, जिसपर भाजपा नेताओं के बोल नहीं फूट रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली–गुड़गांव सीमा पर बने द्वारका एक्सप्रेसवे के इसके दो किलोमीटर के निर्माण के लिए लागत लगभग 18 करोड़ रुपए प्रति किलोमीटर तय की गयी थी, लेकिन कैग के मुताबिक बाद में इसे बढ़ाकर 250 करोड़ रुपए प्रति किलोमीटर कर दिया गया। केंद्र सरकार को बताना चाहिए कि सड़क के नाम पर वह कैसा शीशमहल खड़ा कर रहे थे जो इतनी रकम उसके निर्माण में लग गयी। जितने में यह दो किमी सड़क बनी है उतने में मंगलयान मंगल ग्रह पर उतर गया। उन्होंने कहा कि इसी तरह कैग ने पांच टोल प्लाजा के ऑडिट के बाद पाया है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने संशोधित शुल्क लागू न करने के कारण आम जनता से गलत तरीके से 132 करोड़ रुपए एकत्र किए हैं। यह सोचने की बात है कि जब केवल पांच टोल प्लाजा में इतना बड़ा घोटाला हुआ है तब यदि इस देश के हर टोल प्लाजा का ऑडिट किया जाए तो कितने बड़े घोटाले का पता चलेगा? रिपोर्ट के मुताबिक इस योजना के 7.5 लाख लाभार्थियों को एक ही मोबाइल फोन नंबर के साथ पंजीकृत किया गया था और 88,670 मृत लोगों के नाम पर नए इलाज के लिए बीमा दावों का भुगतान किया गया था।

#### जदयू ने मनाया दशरथ मांझी का महापरिनिर्माण दिवस


पटना। जदयू के द्वारा पर्वत पुरुष बाबा दशरथ मांझी का 16वीं पुण्यतिथि अर्थात महापरिनिर्वाण दिवस समारोह का आयोजन जदयू प्रदेश मुख्यालय, सभागार हॉल, पटना में,17 अगस्त 2023 को समय दोपहर 12:30 से किया गया है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, समाज कल्याण मंत्री मदन साहनी तथा विशिष्ट अतिथि कल्याण मंत्री रत्नेश सदा रहें। कार्यक्रम के अध्यक्षता बिंदेश्वरी सिंह और संचालन डॉ हुलेश मांझी ने किया। उक्त कार्यक्रम में प्रतिभा सिन्हा, सदस्य महिला आयोग, अतिपिछड़ा आयोग, कंचनमाला चैधरी, तूफानी राम, राम कुमार राम, प्रदेश सचिव, योगेश कुशवाहा, कर्मवीर, राजकिशोर सिंह कक्कू, शिवशंकर निषाद, जार्ज मांझी, प्रभात कुमार सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया।

**चिंताजनक** *राष्ट्रपति ने नशे पर अंकुश लगाने के लिए सभी मोर्चों पर कदम उठाने के लिए जोर दिया*

# नशे की बढ़ती प्रवृत्ति समाज और देश के लिए चिंता का विषय : मुर्मू

**कोलकाता, 17 अगस्त (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को नशे की बढ़ती प्रवृत्ति को समाज और देश के लिए बेहद चिंता का विषय बताते हुए इस पर अंकुश लगाने के लिए सभी मोर्चों पर कदम उठाने के लिए जोर दिया। श्रीमती मुर्मु यहां राजभवन में राज्यपाल सीबी आनंद बोस और राज्य मंत्री शशि पांजा की मौजूदगी में 'नशा मुक्त भारत अभियान' के तहत 'मेरा बंगाल, व्यसन मुक्त बंगाल' पहल का शुभारंभ किया।**

उन्होंने कहा कि इन व्यसनों के कारण युवा अपने जीवन की राह भटक रहा है और सही दिशा नहीं चुन पा रहे हैं। यह बेहद चिंताजनक है और इस मामले में सभी मोर्चों पर आगे आकर इस पर काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक जागृति, चिकित्सा, सामाजिक एकजुटता और राजनीतिक इच्छाशक्ति के माध्यम से इस स्थिति में सुधार किया जा सकता है। उन्होंने ऐसे मुद्दों पर चर्चा करने और उन्हें हल करके काम करने के लिए ब्रह्माकुमारीज जैसे संगठनों की सराहना की। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की लत मानसिक तनाव और साथियों के दबाव के कारण विकसित होती है। नशा स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। नशे से कई अन्य विकार भी उत्पन्न होते हैं। नशा करने वालों के परिवार और दोस्तों को भी काफी परेशानी उठानी पड़ती है। उन्होंने सभी युवाओं से नशे की लत के बारे में अपने किसी भी दोस्त के परिवार को इसके बारे में सूचित करने का आग्रह किया। राष्ट्रपति ने नशीली वस्तुओं का सेवन करने वाले लोगों से आग्रह किया कि वे अपना जीवन बर्बाद न करें। उन्होंने कहा 'यदि वे किसी भी तरह के तनाव में रहते हैं तो उन्हें अपने दोस्तों, परिवार या किसी सामाजिक संगठन के समक्ष अपनी बात रखनी चाहिए। सभी समस्याओं को समाधान हो सकता है बशर्ते मनुष्य की इच्छाशक्ति मजबूत होने चाहिए। असामाजिक तत्व नशा करने और उसकी लत लगाने वालों से फायदा उठाते हैं।



■ किसी भी तरह की लत मानसिक तनाव और साथियों के दबाव के कारण विकसित होती है। नशा स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है:- द्रौपदी मुर्मु राष्ट्रपति

#### मुर्मु ने जीआरएसई के तीसरे युद्धपोत की लॉचिंग की

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल में कोलकाता के खिदिरपुर में हुगली नदी के तट पर गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) के स्वदेश निर्मित तीसरे युद्धपोत 'आईएनएस विंध्यगिरि' लॉन्च किया। सुश्री मुर्मू भारतीय नौसेना के लिए उन्नत स्टील युद्धपोत का उद्घाटन करने के लिए सुबह शहर पहुंची। 'आईएनएस विंध्यगिरि' युद्धपोत का नाम कर्नाटक में स्थित पर्वत श्रृंखला के नाम पर रखा गया। विंध्यगिरि प्रोजेक्ट 17ए युद्धपोत का छठा जहाज है। इस अवसर पर युद्धपोत को नवीनतम उपकरणों से सुसज्जित किया जाएगा और सेवा में शामिल करने के लिए भारतीय नौसेना को सौंपे जाने से पहले व्यापक परीक्षणों से गुजरना होगा। पी17ए युद्धपोत का विस्थापन लगभग 6,670 टन और गति 28 समुद्री मील है। जीआरएसई के अधिकारी ने बताया कि ये युद्धपोत बेहतर स्टेल्थ सुविधाओं, उन्नत हथियारों और सेंसर तथा प्लेटफ़ॉर्म प्रबंधन प्रणालियों के साथ शिवालिक क्लास प्रोजेक्ट 17 युद्धपोत के अनुवर्ती हैं और हवा, सतह एवं उपसतह के सभी तीन आयामों में खतरों को बेअसर करने में सक्षम हैं।

# कैपिटल ज़ोन

उल्टा पुल्टा

डॉक्टर - तुम रोज सुबह क्लिनिक के बाहर खड़े होकर औरतों को क्यों घूरते हो?
युवक - जी आपने ही तो लिखा है, 'औरतों को देखने का समय सुबह 9 बजे से 11 बजे तक।'

## जब भी संकट आता है तो प्रधानमंत्री मोदी साध लेते हैं चुप्पी : केजरीवाल

**नई दिल्ली,**17 अगस्त (देशबन्धु)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर मणिपुर में जातीय हिंसा पर चुप रहने का आरोप लगाया और कहा कि कम से कम वह शांति की अपील कर सकते थे। दिल्ली विधानसभा में केजरीवाल ने कहा कि जब भी देश में संकट की स्थिति आती है तो प्रधानमंत्री चुप्पी साध लेते हैं। केजरीवाल ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री पिता तुल्य हैं। उन्होंने मणिपुर की बेटियों से मुंह मोड़ लिया। आप अपने कमरे में बैठे रहे। पूरा देश प्रधानमंत्री की चुप्पी का कारण पूछ रहा है। यह पहली बार नहीं है कि वह चुप हैं। जब भी पिछले नौ वर्षों में संकट की स्थिति आई प्रधानमंत्री चुप्पी साधे रहे। भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व प्रमुख और भाजपा के सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ महिला पहलवानों के हालिया विरोध के बारे में मुख्यमंत्री ने कहा कि चैंपियन पहलवानों ने सिंह पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया, लेकिन प्रधानमंत्री चुप रहे। केजरीवाल ने कहा कि जब पहलवानों ने ओलंपिक में पदक जीते तो प्रधानमंत्री मोदी उनके साथ तस्वीरें खिंचवाने वाले पहले व्यक्ति थे। उन्होंने उनसे कहा था तुम मेरी बेटी हो। लेकिन जब वे विरोध कर रहे थे, तो वह चुप रहे। कम से कम वह कह सकते थे मैं यहां हूं। दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं इसकी जांच कराऊंगा और लोगों को सजा दिलाऊंगा।

■ **पीएम ने मणिपुर की बेटियों से मुंह मोड़ लिया**



केजरीवाल ने कहा कि महिला पहलवानों को प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए उच्चतम न्यायालय जाना पड़ा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मणिपुर के मामले में, वह कम से कम शांति के लिए अपील जारी कर सकते थे।

### याचिका समिति की रिपोर्ट को लेकर विधायकों में जुबानी जंग

याचिका समिति की रिपोर्ट को लेकर सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) और भाजपा विधायकों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर चला। दिल्ली विधानसभा में भाजपा विधायक विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि समिति की सिफारिशें प्रशासनिक प्रणाली को पंगु बनाने के इरादे से अपने ही पाले में गोल दागने की तरह थीं। उन्होंने विधानसभा में याचिका समिति को बंद करने की मांग की। वहीं, स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज सहित आप नेताओं की ओर से आपत्ति जताए जाने के बाद उपाध्यक्ष राखी बिडलान ने गुप्ता को विधानसभा के सामने तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश नहीं करने की चेतावनी दी थी। आप विधायक राजेश गुप्ता ने कहा कि भाजपा विधायक एक पुरानी रिपोर्ट पढ़ रहे थे।

**एक दिन और बढ़ाया गया दिल्ली विधानसभा का सत्र**

दिल्ली विधानसभा के सदस्यों की ओर से कार्यवाही को एक दिन बढ़ाने के पक्ष में मतदान करने के बाद सत्र शुक्रवार को भी जारी रहेगा। दिल्ली विधानसभा के दो दिवसीय सत्र की शुरुआत बुधवार को हुई।

राष्ट्रीय राजधानी में सेवाओं के नियंत्रण संबंधी जीएनसीटीडी (संशोधन) अधिनियम 2023 लागू होने के बाद विधानसभा का यह पहला सत्र है। इस महीने की शुरुआत में राज्यसभा में दिल्ली सेवा विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था दिल्ली विधानसभा देश की एकमात्र विधानसभा है जिसका सत्रावसान नहीं होता है और 2020 से 2023 तक इसे केवल बजट सत्र के लिए आहूत किया गया।

## डिसेंट्रलाइज्ड सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम के तहत कचरा प्रबंधन सिस्टम की शुरुआत

**नई दिल्ली,**17 अगस्त (देशबन्धु)। मयूर विहार फेज-1 के परवाना अपार्टमेंट्स ने भारत के 77वें स्वतंत्रता दिवस को आध्यात्मिकता और पर्यावरण की जिम्मेदारी के साथ मनाया। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर यहां एक आध्यात्मिक हवन किया गया, जो कि एकता, आध्यात्मिकता, और जीवन की दिशा में एक नई शुरुआत को समर्पित था। हवन के बाद, डिसेंट्रलाइज्ड सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम के तहत कचरा प्रबंधन सिस्टम का उद्घाटन सहायक आयुक्त, एमसीडी, शाहदरा दक्षिण जोन के द्वारा किया गया। यहां पर समुदाय की पर्यावरण संरक्षण और जिम्मेदार कचरा प्रबंधन के प्रति प्रतिबद्धता देखी गई, इस प्रणाली से ऑर्गेनिक कचरा साइट पर तरीके से संचालित किया जाएगा, कार्बन प्रदूषण को कम किया जाएगा और कचरे के अवशेष को कम किया जाएगा। कार्यक्रम में महत्वपूर्ण अतिथियों की उपस्थिति थी, विशेष रूप से अमिताभ श्रीवास्तव, शाहदरा दक्षिण जोन के सहायक आयुक्त, नगर निगम दिल्ली, और भारतीय प्रदूषण नियंत्रण संघ के संस्थापक और निदेशक आशीष जैन, जो एमसीडी शाहदरा दक्षिण जोन के लिए एमसीडी ब्रांड एम्बेसडर के रूप में भी कार्यरत हैं। आशीष जैन ने निवासियों के सक्रिय दृष्टिकोण की प्रशंसा की और माना कि परवाना अपार्टमेंट्स की जिम्मेदार कचरा प्रबंधन की प्रतिबद्धता शहर के लिए एक स्वस्थ और अधिक सतत भविष्य में योगदान करेगी।


**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

YEIDA FUTURE IS HERE

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, ओमेगा-1 (पी-2), ग्रेटर नौएडा

Toll Free No. 18001808296, वेबसाइट : www.yamunaexpresswayauthority.com

पत्रांक: वाई.ई.ए./भूलेख/715/2023 दिनांक : 14.08.2023

**सार्वजनिक सूचना**

निम्नलिखित भूमि यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा आपसी सहमति के आधार पर काश्तकारों से क्रय किया जाना प्रस्तावित है। क्रय हेतु काश्तकार, गाटा संख्या, क्षेत्रफल व काश्तकार का हिस्सा निम्नलिखित तालिका में अंकित है :-

ग्राम - म्याना, सैक्टर - 10 के अन्तर्गत क्रय भूमि हेतु

| क्र. सं. | ग्राम का नाम | खाता संख्या | खसरा संख्या | खसरे का कुल क्षेत्रफल (हे॰ में) | तहसील की आख्यानुसार काश्तकार का हिस्सा | काश्तकार का विक्रय हेतु क्षेत्रफल (हे॰ में) | खातेदार का नाम व पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | म्याना | 152 | 591 | 0.4360 | में से | 0.0632 | ब्रहमसिंह पुत्र कुवंरपाल नि॰ म्याना |
| 2. | म्याना | 130<br>319<br>318 | 272<br>273<br>274 | 2.1070<br>0.2000<br>0.2050 | में से | 0.1076<br>0.1333<br>0.0178 | सोनू शर्मा, मोनू शर्मा, पुत्र त्रिलोकचन्द निवासी इन्दिरापुरम मकनपुर गा॰बाद |
| 3. | म्याना | 130 | 272 | 2.1070 | में से | 0.1170 | शकुन्तला देवी पत्नी त्रिलोकचन्द नि॰ इन्द्रापुरम, मकनपुर, गा॰बाद |
| 4. | म्याना | 78 | 530 | 1.2310 | में से | 0.0632 | राजकुमार पुत्र कुंवरपाल नि॰ म्याना |
| 5. | म्याना | 78 | 530 | 1.2310 | में से | 0.0632 | राजकुमार पुत्र मूलचन्द नि॰ नित्यानन्द नंगली, बुलन्दशहर |
| 6. | म्याना | 92 | 402<br>342द<br>413पू॰ | 0.9540<br>0.0510<br>0.6380 | में से | 0.2385<br>0.0127<br>0.1525 | देवदत्त पुत्र घमन्डी निवासी म्याना |
| 7. | म्याना | 130 | 436 | 3.8860 | में से | 0.4894 | प्रवेश कुमार शर्मा पुत्र लीलाधर नि॰ म्याना |
| 8. | म्याना | 18 | 541 | 0.4100 | सम्पूर्ण | 0.4100 | योगेश गुप्ता पुत्र एस॰ के॰ गुप्ता नि॰ डी. 85, सैक्टर-26, नोएडा |
| 9. | म्याना | 179 | 467<br>470 | 0.4810<br>0.4810 | 1/12 भाग | 0.0401<br>0.0401 | प्रदीप कुमार माहेश्वरी पुत्र स्व॰ श्री धनेश कुमार माहेश्वरी नि॰ रबूपुरा |
| 10. | म्याना | 210 | 251 | 3.6670 | में से | 0.6320 | दिव्या अग्रवाल पुत्र रामप्रकाश अग्रवाल म॰न॰ 169 सूर्य निकेतन विकास मार्ग एक्सटेंशन दिल्ली |
| 11. | म्याना | 18 | 515ख | 0.2840 | में से | 0.1897 | कौशल कुमार शर्मा पुत्र हीरा लाल शर्मा नि॰ आई-621 अल्फा-2 ग्रेटर नोएडा |
| 12. | म्याना | 296 | 181<br>614<br>651<br>630 | 0.3290<br>0.4300<br>0.2150<br>0.9990 | 1/32<br>1/32<br>1/32<br>1/32 | 0.0103<br>0.0134<br>0.0067<br>0.0312 | श्री सुरेश सिंह पुत्र हीरा सिंह नि॰ म्याना |
| | | 297 | 766<br>768 | 0.0130<br>0.0130 | 1/24<br>1/24 | 0.0005<br>0.0005 | |
| | | 298 | 483<br>501<br>512<br>549M<br>658M | 0.0380<br>0.6200<br>0.3410<br>0.0250<br>0.1650 | 1/12<br>1/12<br>1/12<br>1/12<br>1/12 | 0.0031<br>0.0517<br>0.0284<br>0.0021<br>0.0135 | |
| | | 299 | 618<br>619<br>657<br>658M | 0.6700<br>0.8470<br>1.0120<br>0.8470 | 1/32<br>1/32<br>1/32<br>1/32 | 0.0209<br>0.0265<br>0.0316<br>0.0265 | |
| | | 300 | 517 | 0.5190 | 1/12 | 0.0432 | |
| 13. | म्याना | 296 | 181<br>614<br>651<br>630 | 0.3290<br>0.4300<br>0.2150<br>0.9990 | 1/32<br>1/32<br>1/32<br>1/32 | 0.0103<br>0.0134<br>0.0067<br>0.0312 | उदयवीर सिंह पुत्र हीरा सिंह नि॰ म्याना |
| | | 297 | 766<br>768 | 0.0130<br>0.0130 | 1/24<br>1/24 | 0.0005<br>0.0005 | |
| | | 298 | 483<br>501<br>512<br>549M<br>658M | 0.0380<br>0.6200<br>0.3410<br>0.0250<br>0.1650 | 1/12<br>1/12<br>1/12<br>1/12<br>1/12 | 0.0031<br>0.0517<br>0.0284<br>0.0021<br>0.0135 | |
| | | 299 | 618<br>619<br>657<br>658M | 0.6700<br>0.8470<br>1.0120<br>0.8470 | 1/32<br>1/32<br>1/32<br>1/32 | 0.0209<br>0.0265<br>0.0316<br>0.0265 | |
| | | 300 | 517 | 0.5190 | 1/12 | 0.0432 | |
| 14. | म्याना | 296 | 181<br>614<br>651<br>630 | 0.3290<br>0.4300<br>0.2150<br>0.9990 | 1/32<br>1/32<br>1/32<br>1/32 | 0.0103<br>0.0134<br>0.0067<br>0.0312 | श्री धर्मवीर सिंह पुत्र हीरा सिंह नि॰ म्याना |
| | | 297 | 766<br>768 | 0.0130<br>0.0130 | 1/24<br>1/24 | 0.0005<br>0.0005 | |
| | | 298 | 483<br>501<br>512<br>549M<br>658M | 0.0380<br>0.6200<br>0.3410<br>0.0250<br>0.1650 | 1/12<br>1/12<br>1/12<br>1/12<br>1/12 | 0.0031<br>0.0517<br>0.0284<br>0.0021<br>0.0135 | |
| | | 299 | 618<br>619<br>657<br>658M | 0.6700<br>0.8470<br>1.0120<br>0.8470 | 1/32<br>1/32<br>1/32<br>1/32 | 0.0209<br>0.0265<br>0.0316<br>0.0265 | |
| | | 300 | 517 | 0.5190 | 1/12 | 0.0432 | |
| 15. | म्याना | 296 | 181<br>614<br>651<br>630 | 0.3290<br>0.4300<br>0.2150<br>0.9990 | 1/32<br>1/32<br>1/32<br>1/32 | 0.0103<br>0.0134<br>0.0067<br>0.0312 | श्री राधाचरण पुत्र हीरा सिंह नि॰ म्याना |
| | | 297 | 766<br>768 | 0.0130<br>0.0130 | 1/24<br>1/24 | 0.0005<br>0.0005 | |
| | | 298 | 483<br>501<br>512<br>549M<br>658M | 0.0380<br>0.6200<br>0.3410<br>0.0250<br>0.1650 | 1/12<br>1/12<br>1/12<br>1/12<br>1/12 | 0.0031<br>0.0517<br>0.0284<br>0.0021<br>0.0135 | |
| | | 299 | 618<br>619<br>657<br>658M | 0.6700<br>0.8470<br>1.0120<br>0.8470 | 1/32<br>1/32<br>1/32<br>1/32 | 0.0209<br>0.0265<br>0.0316<br>0.0265 | |
| | | 300 | 517 | 0.5190 | 1/12 | 0.0432 | |
| 16. | म्याना | 167 | 745M | 0.4250 | में से | 0.1420 | धीरज अरोड़ा पुत्र यशपाल अरोड़ा, काशवी अरोड़ा पुत्री धीरज अरोड़ा, दिव्या अरोड़ा पत्नी धीरज अरोड़ा निवासीगण डी-108, पंचशील एन्क्लेव, नई दिल्ली एवं मनीश खन्ना पुत्र राजवेश्वर खन्ना व अंजू खन्ना पत्नी राजेश्वर खन्ना निवासी 140 गायत्री नगर बी, महारानी फार्म, दुर्गापुरा जयपुर |
| 17. | म्याना | 70 | 185/1 | 0.4170 | 1/2 | 0.2085 | रहीसुद्दीन पुत्र हमीद नि॰ म्याना |
| 18. | म्याना | 70 | 185/1 | 0.4170 | 1/2 | 0.2085 | जीमल पुत्र हमीद नि॰ म्याना |

उपरोक्त भूमि क्रय किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति है तो वह लिखित रूप में 15 दिन के अंदर अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण कार्यालय में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

**डिप्टी कलेक्टर, यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण**


## सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ाने की पहल




**नई दिल्ली,**17 अगस्त (देशबन्धु)। राष्ट्रव्यापी सुरक्षा अभियान के मद्देनजर भारत के प्रमुख ऑटो-टेक एग्रीगेटर रैपिडो ने दिल्ली में 1000 से अधिक ऑटो में सीटबेल्ट और रेन कर्टेन उपलब्ध कराए हैं। ऑटो में सुरक्षा बढ़ाना और सड़क सुरक्षा के बारे में जागरुकता बढ़ाना इस पहल का मुख्य उद्देश्य है, ताकि सडक् पर अचानक रुकने या टक्कर होने की स्थिति में चोट लगने की संभावना को कम किया जा सके। इसके अलावा रेन कटेज्न से राइडर खराब मौसम में भी आरामदायक राइड का अनुभव पा सकेंगे। इस पहल के तहत दिल्ली-एनसीआर के रैपिडो ऑटो में सीटबेल्ट और रेन कर्टेन उपलब्ध कराए गए हैं। ये प्रयास सड़क सुरक्षा जागरुकता को बढ़ाने, उपभोक्ताओं का भरोसा जीतने और राइड के अनुभव को बेहतर बनाने के रैपिडो के समर्पण की पुष्टि करते हैं। सड़क सुरक्षा प्रयासों पर बात करते हुए पवन गुंटुपल्ली, सह-संस्थापक, रैपिडो ऑटो ने कहा कि भारत में ऑटो में आमतौर पर दुर्घटना से सुरक्षा के उपायों को नहीं अपनाया जाता।

एक जिम्मेदार सेवा प्रदाता होने के नाते हमारा मानना है कि इस क्षेत्र में बदलाव लाने की ज़रूरत है। हम राइडरों को सड़क सुरक्षा के बारे में जागरुक बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहे हैं।

## युमा एनर्जी ने दिल्ली नगर निगम व बीएसईएस के साथ की साझेदारी

**नई दिल्ली,**17 अगस्त (देशबन्धु)। दिल्ली में विकसित हो रहे ई-मोबिलिटी इकोसिस्टम का सपोर्ट करने की दिशा में आगे बढ़ते हुए युमा एनर्जी ने दिल्ली नगर निगम और बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड के साथ साझेदारी की है। जिसके तहत दिल्ली के सिरी फोर्ट ऑडिटोरियम में एक नए बैटरी स्वैपिंग स्टेशन का उद्घाटन किया गया। युमा इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों के लिए बैटरी चार्जिंग और स्वैपिंग स्टेशनों के भारत के सबसे बड़े नेटवर्क में से एक का संचालन करता है। युमा एनर्जी के मैनेजिंग डायरेक्टर और जनरल मैनेजर मुथु सुब्रमण्यन ने कहा की हम दिल्ली क्षेत्र में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में तेजी लाने में मदद करने के लिए एमसीडी और बीआरपीएल को उनके निरंतर समर्थन के लिए धन्यवाद देते हैं। हम एमसीडी और बीआरपीएल के साथ मिलकर काम करने के लिए तत्पर हैं क्योंकि वे अपनी ग्रीन-मोबिलिटी पहल को आगे बढ़ा रहे हैं




■ **दिल्ली में बैटरी स्वैपिंग स्टेशन स्थापित करेगी**

और दिल्ली में युमा की पैठ बढ़ाने के लिए हम इसे जारी रखेंगे। एमसीडी के डिप्टी कमिश्नर अमित कुमार ने कहा की एमसीडी ईवी बैटरी स्वैपिंग स्टेशनों और ईवी चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना के माध्यम से दिल्ली में एक बेहतर ई-मोबिलिटी इको-सिस्टम बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। बीआरपीएल के ईवी चार्जिंग इंफ्रा पार्टनर युमा एनर्जी द्वारा सिरी फोर्ट ऑडिटोरियम में बैटरी स्वैपिंग स्टेशन की शुरुआत से दिल्ली में ईवी परिवहन को बढ़ाने में मदद मिलेगी।

## देश के शिक्षकों को मॉरिसस के राष्ट्रपति करेंगे सम्मानित

**नई दिल्ली,**17 अगस्त (देशबन्धु)। इंटेलिजेंट माइंड्स ट्रस्ट आईएमटी द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले देशभर के तीन दर्जन से अधिक स्कूल लीडर्स को सम्मानित करने के लिए चयनीत किया गया है। चयनीत स्कूल लीडर्स 23 अगस्त को मॉरिसस के वर्ल्ड हिंदी सेक्रेटेरिएट में वहां के राष्ट्रपति माननीय पृथ्वीराजसिंग रूपन द्वारा पुरस्कार से सम्मानित किये जाएंगे। समारोह के दौरान मॉरिसस की उप-प्रधानमंत्री लीलादेवी दूकुन-लुचूमुन और विदेशमंत्री अलान गनू भी उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी आईएमटी के ट्रस्टी राजेश बजाज ने एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान दी। गुरुवार को प्रेस क्लब ऑफ इंडिया में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए आईएमटी के ट्रस्टी राजेश बजाज ने बताया कि तीसरे एक्सिलेंस इन एजुकेशन अवार्ड्स-2023 के लिए दिल्ली, हरियाणा, यूपी, पंजाब, कर्नाटक, राजस्थान, आंध्रप्रदेश, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, गुजरात, हिमाचल प्रदेश सहित देशभर के 37 स्कूल लीडर्स का चयन किया गया है। जाने माने गणितज्ञ और मशहूर सुपर30 के आनंद कुमार को भी सम्मानित किया जाएगा। राजेश बजाज ने बताया कि इसके पूर्व प्रथम और द्वितीय एक्सिलेंस इन एजुकेशन अवार्ड्स का आयोजन भी क्रमश: लंदन और मॉरिसस में किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि देश की अगली पीढ़ी के निर्माण की जिम्मेदारी शिक्षकों के कंधों पर होती है और इसलिए शिक्षकों का सम्मान किया जाना बेहद जरूरी है। आईएमटी की स्थापना के उद्देश्यों में से यह उद्देश्य सर्वोपरि है और हम इसके प्रति पूरी तरह समर्पित हैं।




## छात्रों को यूरोप में तकनीकी नौकरियां दिलाने के लिए साझेदारी

**नई दिल्ली,**17 अगस्त (देशबन्धु)। ग्लोबल हॉस्पिटैलिटी कंपनी, ओयो ने हरियाणा सरकार की श्री विश्वकर्मा स्किल यूनिवर्सिटी एसवीएसयू के साथ एक सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसका लक्ष्य डेनमार्क जैसे यूरोपीय देशों में हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री से संबंधित विभिन्न विषयों में छात्रों को नौकरी पर प्रशिक्षण प्रदान करना है। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहरलाल की उपस्थिति में उनके आवास पर सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर रितेश अग्रवाल, संस्थापक और सीईओ ओयो ने कहा की मैं विश्वकर्मा स्किल यूनिवर्सिटी के साथ साझेदारी के माध्यम से कौशल विकास को बढ़ावा देने की मुख्यमंत्री श्री मनोहर लालजी की दूरदर्शी पहल के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करना चाहता हूँ। इस ग्लोबल कंपनी का हेडक्वार्टर भारत में है, जिसका संचालन विभिन्न क्षेत्रों में होता है। इसके



तहत, हम भारत में नियमित रूप से विभिन्न पहलों को इजात करते हैं और फिर उनका विस्तार अन्य देशों में करते हैं। हमने देखा है कि भारतीय प्रतिभा हर क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान रखती है। इस बात ने हमें एक और महत्वपूर्ण कदम उठाने के लिए प्रेरित किया है और हमारे वेकेशन होम्स बिज़नेस में तकनीकी और व्यावसायिक भूमिकाओं के लिए यूनिवर्सिटी के प्रतिभाशाली छात्रों को डेनमार्क, नीदरलैंड आदि जैसे विभिन्न यूरोपीय देशों में भेजकर उनकी एक अलग पहचान बनाने के लिए प्रोत्साहित किया है।

## क्रिया फाउंडेशन ने मनाया स्वतंत्रता दिवस

**नई दिल्ली।** क्रिया फाउंडेशन ने 14 अगस्त 2023 को अपने शाहपुरजाट स्थित थैरेपी सेंटर में स्वतंत्रता दिवस मनाया। इस अवसर पर क्रिया फाउंडेशन की संस्थापक अध्यक्षा डॉक्टर प्रियंका भाभू जैन ने अपनी थैरेपी सेंटर के बारे में बताया क्रिया फाउंडेशन बच्चों को थैरेपी के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास करता है।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव | G20

**निविदा सूचना**

पत्र सं. 6-SEFile-166192RTTender दिनांक : 16.08.2023

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य कार्यशाला प्रबंधक कार्यालय, रेल कोच नवीनीकरण कारखाना, सोनीपत, उत्तर रेलवे, निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा करते हैं।

| | |
|---|---|
| निविदा संख्या | 6-SE-FileNo166192RTTender |
| कार्य का नाम और कार्य स्थान | आरसीएनके सोनीपत में मुख्य दुकान, शॉट ब्लास्ट शॉप, पेंट शॉप, बॉडी रिपेयर शॉप, व्हील शॉप, बोगी शॉप, पावर कार शॉप और विविध दुकान के अंदर कक्षों को उपलब्ध कराने के लिए एल्युमिनियम पार्टिशन की आपूर्ति, फिक्सिंग और कमीशनिंग का प्रावधान। |
| अनुमानित लागत | रू. 47,38,234.23/- जीएसटी @ 18% सहित |
| बयाना राशि | रू. 94,800.00/- |
| निविदा फार्म का मूल्य | शून्य |
| कार्य अवधि | अवधि कार्य आरंभ होने से तीन महीने |
| निविदा प्रपत्र जमा करने की तथा खुलने की तिथि व समय | दिनांक 18.09.2023 खुलने का समय 11.30 बजे। |
| निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने के लिए इंटरनेट साइट | उपरोक्त निविदा IREPS साईट पर उपलब्ध है जो कि है www.ireps.gov.in |

नोट: यदि हिन्दी व इंग्लिश के नोटिस मे कोई विरोधाभास है, तो इंग्लिश का नोटिस ही मान्य होगा। 2546/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव | G20

**खुली ई-निविदा सूचना**

मुख्य अभियंता/टी.एम.सी., उत्तर रेलवे, बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली (भारत के राष्ट्रपति की ओर से) द्वारा मुहरबंद निम्नलिखित कार्य हेतु दो पैकेट खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. **कार्य का विवरण और स्थान :** सेवा प्रदाता की अपनी मशीनों के द्वारा (अपने स्वयं के स्पेयर, उपभोग सामग्री, स्वयं के कर्मचारियों से संचालन व रख-रखाव के साथ) उत्तर रेलवे के सभी बीजी मार्गों पर सभी प्रकार की मुख्य लाईन ट्रैक की डीप स्क्रीनिंग की सेवा प्रदान करना।
2. **कार्य समाप्त अवधि :** 180 महीने (12 महीने गुणा 15 वर्ष)
3. **अनुमानित लागत :** रुपये 2,82,16,87,854.00
4. **धरोहर राशि (ऑनलाइन जमा) :** रुपये 1,00,00,000.00
5. **निविदा पत्र का मूल्य (ऑनलाइन जमा) :** शून्य
6. **निविदा जमा करने व खुलने की तिथि एवं समय :** निविदा प्रपत्र दिनांक 17.08.2023 से दिनांक 15.09.2023 सायंकाल 15.00 बजे तक रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेगा। निविदा 15.09.2023 को अपराह्न 15:00 बजे के बाद खुलेगा।
7. **निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र का पूर्ण विवरण :** इस निविदा की सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा प्रपत्र बिडिंग के लिए IREPS (www.ireps.gov.in) पर दिनांक 01.09.2023 से दिनांक 15.09.2023 अपराह्न 15:00 बजे तक उपलब्ध रहेगा। निविदा से संबंधित सभी नियम व शर्तें निविदा प्रपत्र में दी गयी हैं। निविदा सूचना का विवरण इस कार्यालय के सूचना पटल पर भी देख सकते हैं।

सं.: 219-एस/1/टीएमसी/निविदा-सूचना/02/2023-24 दिनांक: 16.08.2023 2532/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## 'अब दिल्ली होगी साफ' पहल को मेयर शैली ओबरॉय ने आगे बढ़ाया, वार्डों को कर रही औचक निरीक्षण



**नई दिल्ली,**17 अगस्त (देशबन्धु)। सीएम अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली को कूड़ा मुक्त करने के लिए 'अब दिल्ली होगी साफ' पहल आगे बढ़ाते हुए मेयर डॉ शैली ओबरॉय स्वयं ग्राउंड जीरो पर जाकर रोजाना वार्डों का औचक निरीक्षण कर रहीं हैं। दिल्ली की सड़कों पर स्वयं झाड़ू लगाकर सफ़ाई कर्मियों का मनोबल बढ़ा रही है। पिछले 5 दिनों में मेयर डॉ शैली ओबरॉय 10 वार्डों का औचक निरीक्षण कर चुकी हैं। मेयर डॉ शैली ओबरॉय ने आज महा-सफाई अभियान के अंतर्गत पश्चिमी जोन के सुभाष नगर वार्ड और शाहदरा दक्षिणी ज़ोन के आईपी एक्सटेंशन वार्ड व विश्वास नगर वार्ड का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि क्षेत्र में सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त सफ़ाई कर्मचारी लगाकर सड़कों के किनारे से कूड़ा व अवैध मलबा उठाया जाये। रामलीला ग्राउंड और पार्कों की मरम्मत की जाए। इस दौरान मेयर ने मातृ शिशु कल्याण केन्द्र का दौरा भी किया। मरीजों से बातचीत कर केन्द्र में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में उनका फीडबैक भी लिया।

**दस दिन के भीतर सीएंडडी वेस्ट को हटाकर प्लांट भेजा जाए: डॉ शैली ओबरॉय**

अब दिल्ली होगी साफ अभियान के तहत मेयर डॉ शैली ओबेरॉय ने शाहदरा दक्षिणी क्षेत्र में वार्ड संख्या-205 आई पी एक्सटेंशन में अभियान का जायजा लिया। इस दौरान मेयर ने सफाई कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाने के लिए स्वयं झाड़ू लगाया और क्षेत्र को साफ बनाये रखने की मुहिम की शुरुआत की। मेयर ने आईपी एक्सटेंशन में खाली ग्राउंड का निरीक्षण किया, जिसमें बड़ी मात्रा सीएंडडी वेस्ट पड़ा हुआ था। मेयर डॉ शैली ओबरॉय ने कहा कि इस ग्राउंड का धार्मिक महत्व है। हर साल यहां छठ पर्व मनाया जाता है। इस ग्राउंड से 10 दिन के भीतर सीएंडडी वेस्ट को हटाकर प्लांट भेजा जाए। इसके साथ ही ग्राउंड का सौंदर्यीकरण किया जाए।

# कैपिटल ज़ोन

**उवाच**

"क्रम में वाहनों की मरम्मत एवं रखरखाव को लेकर विषय पर चर्चा हुई जिसमें स्वास्थ्य विभाग के ई रिक्शा, कूड़ा उठाने वाले वाहन, मशीनें, जलकल विभाग के वाहन तथा उद्यान विभाग के वाहन तथा प्रकाश विभाग के वाहनों की मरम्मत एवं रखरखाव का विशेष ध्यान देने के लिए कड़े निर्देश अधिकारियों को जारी किए गए हैं, नगर आयुक्त ने संबंधित कंपनियों को फर्मों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं एक सप्ताह में सभी वाहनों एवं उपकरणों की मरम्मत कराने के लिए आदेशित किया है। **डॉ. नितिन गौड़, नगर आयुक्त**

## नोएडा मेट्रो में अब यूपीआई से करे भुगतान



■ डिजिटल इंडिया के तहत 21 मेट्रो स्टेशन के सभी काउंटर पर सेवा शुरू

**नोएडा,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। डिजिटल इंडिया के तहत अब नोएडा मेट्रो में टिकट लेने के लिए एक क्यूआर कोड स्कैन करना होगा। स्कैन करने के बाद पेमेंट मोड पर जाकर पैसा देना होगा। इसके तुरंत बाद आपको प्रिंट टिकट दे दिया जाएगा। सभी 21 मेट्रो स्टेशनों के काउंटर टिकटों के लिए यूपीआई से भुगतान की सुविधा शुरू कर दी है। इससे नोएडा मेट्रो में सफर करने वाले यात्रियों को लाइन में नहीं लगाना पड़ेगा। कोई भी यात्री यूपीआई से पेमेंट करके टिकट खरीद सकता है।

**सेक्टर-51 मेट्रो स्टेशन पर यूपीआई का किया उद्घाटन**

जिन यात्रियों के पास मेट्रो का टिकट खरीदने के लिए खुले पैसे नहीं होंगे, वे अब रेल नेटवर्क के सभी स्टेशनों पर यूपीआई से भुगतान की सुविधा का इस्तेमाल कर परेशानी से बच सकते हैं। नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक लोकेश एम. ने गुरुवार को सेक्टर-51 मेट्रो स्टेशन पर यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) भुगतान सुविधा का उद्घाटन किया है।

**काउंटर पर भी मिलेगा टिकट**

काउंटर पर टिकट खरीदने के लिए नकद, क्रेडिट और डेबिट कार्ड या स्टेशनों पर ग्राहक सेवा केंद्र पर एनएमआरसी स्मार्ट कार्ड का इस्तेमाल सामान्य रूप से जारी रहेगा। एक्वा लाइन पर कुल 21 स्टेशन हैं, जो नोएडा और ग्रेटर नोएडा को जोड़ते हैं। दिल्ली, नोएडा से ग्रेटर नोएडा तक सफर करने वालों के लिए यह राहत भरी खबर है। बता दे नोएडा मेट्रो में रोजाना करीब 50 हजार मुसाफिर सफर करते है।

## 50 सालों के लिए जाम मुक्त होगा गौतमबुद्धनगर

**नोएडा,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। इकोनॉमिक ग्रोथ को बढ़ावा देने के लिए नोएडा, ग्रेटरनोएडा और यमुना विकास प्राधिकरण क्षेत्र के लिए रीजनल कांप्रेहेंसिव मोबिलिटी प्लान (सीएमपी) तैयार किया जा रहा है। ये प्लान रोड इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाएगा और बेहतर कनेक्टिविटी देगा। ये प्लान इस जनपद के लिए आगामी 50 सालों तक जाम मुक्त, बेहतर ट्रांसपोर्ट सिस्टम देगा।

■ 9 प्वाइंट पर सीएमपी प्लान किया जाएगा तैयार
■ तीनों प्राधिकरण को माननी होगी डीपीआर, नोएडा करेगा लीड

ये काम एक कंपनी करेगी। जिसकी डीपीआर तीनों प्राधिकरण को फॉलो करने होगी। इसकी तैयारी नोएडा प्राधिकरण ने शुरू की। बोर्ड 210वीं बैठक में इसे अप्रूव करते हुए आरएफपी तैयार कराई गई। जिसमें चयन करने वाली कंपनी का स्कोप वर्क बताया गया। उसी का चयन किया जाएगा जो हर तरह से सर्वे करने के बाद एक बेहतर ट्रांसपोटेशन और लोगों के लिए बेहतर कनेक्टिविटी दे सके। ये प्लान 9 प्वाइंट पर बनेगा। इसके लिए नोएडा प्राधिकरण के सीईओ की अध्यक्षता में तीनों प्राधिकरण की एक समिति का गठन किया जा रहा है। इस समिति में अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी (प्लानिंग), तीनों प्राधिकरण के महाप्रबंधक (प्लानिंग) और तीनों प्राधिकरण के वित्त नियंत्रक शामिल होंगे। आरएफपी के जरिए सलाहकार कंपनी का चयन होगा। वो जो भी डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करेगी। उसे तीनों प्राधिकरण को मानना होगा। अब सवाल ये है कि रीजनल प्लान में क्या क्या शामिल किया जा सकता है या किया जाएगा। सीईओ नोएडा प्राधिकरण लोकेश एम के अनुसार ये प्लान तीनों रीजन के रोड कनेक्टिविटी के लिए होगा। दरअसल, इसकी आवश्यकता इसलिए पड़ी क्योंकि गौतमबुद्ध नगर के पास ही देश का सबसे बड़ा इनवेस्टमेंट हब न्यू नोएडा (डीएनजीआईआर) बनाया जाना है। ये 84 गांवों की जमीन पर 203 वर्ग किमी में आबादी करीब 6 लाख की होगी। निवेश का केंद्र होने से इस पूरे क्षेत्र में इकनोमिक ग्रोथ तेजी से होगी। इसलिए यहा मोबिलिटी रीजनल प्लान जरूरी है।

### वो प्वाइंट समझते है जिनको सीएमपी में किया जाएगा शामिल

- सबसे पहले सलाहकार कंपनी तीनों शहर के लोकल अथॉरिटी के प्लानिंग सेल से बात और विजिट करके शहरी और ग्रामीण इलाकों की एक ब्रीफ तैयार करेगी। जिसमें लोकेशन, लैंड एरिया,रोड नेटवर्क, रीजनल इकोनामिक, स्ट्रक्चर उपलब्धता को शामिल किया जाएगा।
- सभी प्रकार की डाटा एनालिसिस रिपोर्ट को एकत्रित करना जिसमें यहां सामाजिक परिवेश, रजिस्टर्ड वाहनों की संख्या और ट्रांसपोर्ट नेटवर्क, अर्बन ट्रांसपोर्ट नियम, रीजनल ट्रांसपोर्ट पॉलिसी, नेशलन और स्टेट रूल, सड़क हादसे, लैंड यूज , मेप शामिल है।
- इसके बाद एक प्राथमिक सर्वे प्लान तैयार किया जाएगा।
- इसके बाद हितधारक, पब्लिक और अन्य लोगों से इस सर्वे प्लान पर बातचीत की जाएगी।
- डिटेल सर्वे की जिसमें यहां निर्मित इमारतों की संख्या, ट्रैफिक, रोड पर स्पीड, पार्किंग, पेडेस्ट्रेन का डाटा लेकर ग्राउंड रिपोर्ट की जाएगी। ये टाइम, कास्ट, कंफर्ट, सेफ्टी और सिक्योरिटी के लिहाज से तैयार की जाएगी।
- यहां एक महत्वपूर्ण पाइंट प्रदूषण से संबंधित भी होगा। इसके लिए डीजल, पेट्रोल, एलपीजी और इलेक्ट्रिक का डाटा लेकर ये चेक किया जाएगा कि इसका कितना असर प्लान के अनुसार कम होगा या बढ़ेगा।
- नोएडा ग्रेटरनोएडा और यमुना क्षेत्र में ई बस चलाने का प्राविधान है। इसे मोबिलिटी प्लान में ही शामिल किया जाएगा। इसके लिए अलग से इंफ्रास्ट्रक्चर की अवाश्यकता होगी। जिसमें एडमिन ब्लाक, चार्जिंग स्टेशन, डिपो, वार्कशॉप आदि।
- रोड नेटवर्क, इंटर कनेक्टिविटी, पार्किंग उपलब्धता और उसके प्रकार, पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम, पेरा ट्रांजिस्ट सिस्टम, सड़कों पर ट्रैफिक का भार, ट्रैफिक सेफ्टी को शामिल करते हुए फाइनल ड्राफ्ट तैयार किया जाएगा।
- ये फाइनल ड्राफ्ट कंपनी गठित की गई समिति के सामने रखेगी। बोर्ड से अप्रूव होने पर इस पर काम शुरू किया जाएगा।

## आज जिले में आएंगे अमित शाह, प्रशासन की चौकस व्यवस्था, यातायात रहेगा डायवर्ट

**नोएडा,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज नोएडा-ग्रेटर नोएडा में आयोजित सरकारी कार्यक्रम में आएंगे। उनके आगमन को लेकर प्रशासन और प्राधिकरण स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इस बाबत गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट में एक बैठक आयोजित कर दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

**सीआरपीएफ कैंप जाएंगे गृहमंत्री शाह**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ग्रेटर नोएडा के सुथियाना गांव के पास सीआरपीएफ कैंप में जाएंगे। इसके अलावा नोएडा के सेक्टर-1 के ए-10 स्थित कृभको भवन में भी उनका कार्यक्रम प्रस्तावित है। इसे लेकर सिटी मजिस्ट्रेट की ओर से नोएडा-ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ को एक पत्र के माध्यम से सूचित करते हुए सीसीटीवी कैमरे लगाने, सड़क का काम कराने, साफ-सफाई, पेड़ों की छटाई, रेहड़ी पटरी को हटाने, कोविड-19 की गाइडलाइन का पालन कराए जाने और रोड साइन आदि लगाए जाने का अनुरोध किया गया था। ये सभी तैयारी पूरी हो चुकी है।

**कमिश्नरेट पुलिस ने भी की तैयारी**

शाह के गौतमबुद्ध नगर दौरे को लेकर कमिश्नरेट पुलिस की तैयारियां भी चल रही हैं। बुधवार को सेक्टर-6 स्थित डीसीपी कार्यालय में डीसीपी हरीश चंदर ने नोएडा जोन के पुलिस अधिकारियों के साथ एक बैठक की और उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## सार संक्षेप

### महिला उन्नति संस्था की पश्चिमी उप्र की डॉ. वन्दना सिंह बनी अध्यक्ष

**नोएडा।** महिला उत्थान को समर्पित संगठन महिला उन्नति संस्था द्वारा दिल्ली एनसीआर के महत्वपूर्ण नजदीकी क्षेत्र पश्चिम उत्तर प्रदेश की कमान ग्रेटर नोएडा निवासी डॉ. वन्दना सिंह को सौंपी गई है। उन्हें अध्यक्ष पद पर नियुक्त करते हुए संगठन की मुख्य संरक्षक इंदू गोयल ने कहा कि वंदना सिंह नोएडा, ग्रेटर नोएडा मे पिछले काफी समय से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर उन्हें विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य कर रही है। जिसे अब वह संगठन के साथ जुड़कर सक्रिय रूप से महिला उत्थान के लिए काम करना चाहती है। वहीं डॉ. वंदना सिंह ने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का उनका सपना रहा है, वह एक ऐसे संगठन से जुड़कर काम करना चाहती थी जो महिला उत्थान को समर्पित हो। महिला उन्नति संस्था से जुड़कर काफी अच्छा महसूस कर रही है। इस अवसर पर संस्थापक डॉ. राहुल वर्मा, कोऑर्डिनेटर मनोज झा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रणवीर चौधरी आदि सदस्य उपस्थित रहे।

### अभिषेक जैन बने राष्ट्रीय सचिव संयुक्त किसान मजदूर संगठन

**नोएडा।** संयुक्त किसान मजदूर संगठन राष्ट्रीय अध्यक्ष पूनम पंडित व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एडवोकेट दिनेश अवाना ने अभिषेक जैन को राष्ट्रीय सचिव संयुक्त किसान मजदूर संगठन का मनोनयन पत्र देकर जिम्मेदारी दी। संयुक्त किसान मजदूर संगठन राष्ट्रीय सचिव अभिषेक जैन ने कहा कि पूरी मजबूती के साथ किसानों व मजदूरों व्यापारियों की लड़ाई पूरे देश में प्रदेश में लड़ी जाएगी। अधिक से अधिक लोगों को संगठन में जोड़ कर मजबूत किया जाएगा। जनता की समस्याओं का निदान करने के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। इस मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित राष्ट्रीय अध्यक्ष पूनम पंडित, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अधिवक्ता दिनेश अवाना, राष्ट्रीय महासचिव शहाबुद्दीन, राष्ट्रीय संयोजक एससीएसटी राजकुमार भारती व पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

### आरक्षी सुंदर पाल को दिया गया प्रशंसा चिन्ह स्वर्ण



**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर कमिश्नरेट में तैनात मुख्य आरक्षी सुंदर पाल को उनके कार्य और व्यवहार के लिए पुलिस महानिदेशक प्रशंसा चिन्ह स्वर्ण से नवाजा दिया गया। 15 अगस्त को पुलिस लाइन में पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने उन्हे मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा उमाकांत तिवारी और सुनील गुलाटी को प्रशंसा चिन्ह सिल्वर से नवाजा गया। इस मौके पर साथी पुलिस कर्मियों ने प्रशंसा की और तालियां बजाकर पुलिस कर्मियों का उत्साह बढ़ाया।

## लगातार बढ़ रही डेंगू मरीजों की संख्या, लार्वा मिलने पर लगेगा जुर्माना

**नोएडा,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। नोएडा में डेंगू के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। वहीं स्वास्थ्य विभाग ने सोसायटियों पर लार्वा मिलने पर पांच 5-5 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। अब यह आंकड़ा 111 हो गया है। सिर्फ अगस्त में ही 50 से ज्यादा मरीज मिले हैं। इसकी वजह से लोगों के बीच डर बना हुआ है। बढ़ते मामलों को लेकर गौतमबुद्ध नगर के जिला अधिकारी ने भी स्वास्थ्य विभाग की बैठक बुलाई थी और उन्हें निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि अतिरिक्त टीमें बनाकर जलभराव को रोका जाए, लार्वा मिलने पर जुर्माना लगाने के साथ ही लोगों को जागरूक करने का काम किया जाए। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक अभी तक स्वास्थ्य विभाग द्वारा की गई कार्रवाई के मुताबिक 76 जगहों के मालिकों को स्वास्थ्य विभाग की ओर से नोटिस जारी किया गया है। इनके कंपाउंड में लार्वा मिलने की पुष्टि हुई है। साथ ही साथ दो सोसायटियों पर लार्वा मिलने पर पांच 5-5 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। जिला अधिकारी ने अब इस कार्रवाई को और तेज करने की बात की है और साथ-साथ अतिरिक्त टीम लगाने के भी निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को यह निर्देश दिया गया है कि प्रभावित क्षेत्रों के आरडब्लूए एवं बिल्डर के साथ बैठक आयोजित कर उन्हें जागरूक करें और साफ-सफाई के प्रति निर्देशित करें, क्योंकि बीते 9 दिन में ही डेंगू के 35 मामले सामने आए हैं।

## इनफोर्समेंट सेल की नजर में रहेगी निर्माणाधीन इमारत

**नोएडा,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। नोएडा 19 हजार 600 हेक्टेयर जमीन पर बसाया गया। इसके 45 लाख वर्गमीटर जमीन पर अवैध कब्जा है। इसकी कीमत लगभग 16 हजार करोड़ रुपए ज्यादा है। ये आंकड़ें सीएजी की रिपोर्ट बता रही हैं। ये निर्माण बिना नक्शा पास कराए, बिना किसी प्रकार की एनओसी लिए और अनुमति लिए बनाए गए। ये जमीन प्राधिकरण अधिसूचित जमीन है। अब ऐसा नहीं होगा, इसके लिए प्राधिकरण ने इनफोर्समेंट सेल बना दिया है। इस सेल में 20 जूनियर इंजीनियरों होंगे। इनकी नियुक्ति आउटसोर्सिंग से की जाएगी।

■ सीएजी की रिपोर्ट में 45 लाख वर्गमीटर पर अवैध कब्जा
■ जमीन पर बना दी बिना नक्शा पास कराए इमारतें

जिनका काम सिर्फ ये देखना होगा कि नोएडा में स्वीकृत नक्शे के अनुसार निर्माण हो रहा है या नहीं। इनकी ड्यूटी होगी कि वे साइट पर जाए और निरीक्षण करे। इस कदम का उद्देश्य स्वीकृत योजनाओं का उल्लंघन करके निवासियों और डेवलपर्स द्वारा किए गए अवैध निर्माण पर अंकुश लगाना है। ये काम पहले होता तो करीब 45 लाख वर्गमीटर जमीन पर अवैध निर्माण नहीं होता। हालांकि अवैध निर्माण रोकने की जिम्मेदारी प्राधिकरण के लैंड विभाग की है। आपसी सामन्जस्य की कमी से ऐसा हुआ।



**अवैध निर्माण और कब्जे को लेकर क्या कहती है सीएजी की रिपोर्ट**

2017 में शासन ने प्राधिकरण के कार्य का ऑडिट सीएजी से कराया था। सीएजी ने अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट बताया कि नोएडा के दस वर्क सर्किल में करीब शहर की 45 लाख 26 हजार 464 वर्गमीटर जमीन पर अवैध कब्जा है। जिसकी कीमत करीब 16 हजार करोड़ रुपए है। जमीन की कीमत का आकलन 36 हजार 200 रुपए प्रतिवर्गमी की दर यानी आवासीय दर से किया गया। ये रिपोर्ट सामने के बाद प्राधिकरण ने एनआईसी से एक सर्वे कराया। इस सर्वे में उसने अवैध निर्माण और लैंड की लोकेशन देखी, जिससे लैंड बनाया जा सके। सर्वे के आधार पर लैंड ऑडिट कराया जा सके। ये काम अभी प्राधिकरण के विभिन्न विभागों की ओर कराया जा रहा है।

| सर्किल | अवैध कब्जा ( वर्गमी ) | रुपए |
|---|---|---|
| वर्क सर्किल-1 | 97,500 | 3529500000 |
| वर्क सर्किल-2 | 71,808 | 2599449600 |
| वर्क सर्किल-3 | 2,27,849 | 8248133800 |
| वर्क सर्किल-4 | 43,950 | 1590990000 |
| वर्क सर्किल-5 | 3,29,821 | 11939520200 |
| वर्क सर्किल-6 | 3,46,466 | 12542069200 |
| वर्क सर्किल-7 | 95,840 | 3469408000 |
| वर्क सर्किल-8 | 4,61,169 | 166944317800 |
| वर्क सर्किल-9 | 10,47,901 | 37934016200 |
| वर्क सर्किल-10 | 18,04,160 | 65310592000 |

**इन गांवों में हुए अवैध कब्जे**

सरकारी जमीन पर, सर्फाबाद गढ़ी चौखंडी, छिजारसी, ममूरा, बरौला, भंगेल, सलारपुर, चौड़ा, गिझौड़, हरौला, नयाबांस, बख्तावरपुर, नंगली-वाजितपुर आदि गांवों में बड़ी संख्या में कब्जे हो रहे हैं। इसके अलावा 4 से 5 हजार हेक्टेयर में यमुना व हिंडन के डूब क्षेत्र की जमीन पर कब्जा है। तेजी से यहां कॉलोनियां काटी जा रही हैं। हिंडन नदी में छिजारसी से लेकर ग्रेटर नोएडा के सफीपुर तक डूब क्षेत्र की करीब 90 प्रतिशत तक जमीन पर कब्जा हो चुका है।

## वाहनों की मरम्मत को लेकर अधिकारियों पर भड़के नगर आयुक्त

**गाजियाबाद,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। नगर आयुक्त डॉ. नितिन गौड़ शहर की व्यवस्थाओं में लगातार योजना अनुसार कार्य कर रहे हैं जिसके चलते लगातार विभाग की आंतरिक गतिविधियों पर भी नजर बनाए हुए हैं।

■ संबंधित कंपनियों के विरूद्ध कार्रवाई के दिए आदेश



कई पार्षदों की शिकायतों के क्रम में वाहनों की मरम्मत को लेकर नगर आयुक्त द्वारा विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं साथ ही संबंधित कंपनियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने के लिए भी आदेशित किया गया है। क्षेत्रीय पार्षदों की नगर आयुक्त के साथ हुई बैठक के क्रम में वाहनों की मरम्मत एवं रखरखाव को लेकर विषय पर चर्चा हुई जिसमें स्वास्थ्य विभाग के ई रिक्शा, कूड़ा उठाने वाले वाहन, मशीनें, जलकल विभाग के वाहन तथा उद्यान विभाग के वाहन तथा प्रकाश विभाग के वाहनों की मरम्मत एवं रखरखाव का विशेष ध्यान देने के लिए कड़े निर्देश अधिकारियों को जारी किए गए हैं, नगर आयुक्त ने संबंधित कंपनियों को फर्मों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं एक सप्ताह में सभी वाहनों एवं उपकरणों की मरम्मत कराने के लिए आदेशित किया है। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश द्वारा संबंधित कंपनियों को नोटिस जारी किए हैं।

## साहिबाबाद में भवनों को कर्ज देने से पहले लेनी होगी जीडीए की एनओसी

**गाजियाबाद,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। साहिबाबाद इलाके में जीडी द्वारा स्वीकृत मानचित्र के विपरीत बनाए जा रहे भावनाओं को अब बैंक ऋण नहीं मिलेगा साथ ही जो ऋण पूर्व में स्वीकृत किया जा चुका है वह भी निरस्त हो सकता है। इस संबंध में जीडीए ने साहिबाबाद क्षेत्र के 8 बैंकों को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि बैंक मानचित्र के विपरीत बन रहे भवनों को ऋण न दें। साथ ही इस पत्र में कहा गया है कि जीडीए की किसी भी संपत्ति पर ऋण देने से पहले बैंकों को जीडीए की एनओसी लेनी होगी ।

इस संबंध में प्रवर्तन जोन 7 के अधिशासी अभियंता ने एक पत्र बैंकों को लिखा है। जिन बैंकों को यह पत्र लिखा गया है उनमें स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स, बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ बड़ौदा, केनरा बैंक, एचडीएफसी बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, इंडियन बैंक तथा आईसीआईसीआई बैंक शामिल है। इस पत्र में लिखा गया है कि राजेंद्र नगर सेक्टर 2,3,5, श्याम पार्क, श्याम पार्क एक्सटेंशन, लाजपत नगर, श्याम पार्क, शालीमार गार्डन, शालीमार एक्सटेंशन 2, स्वरूप पार्क में भूखंडों पर मानचित्र के विपरीत भवन बनाए जा रहे हैं। जिनको जीडीए द्वारा आए दिन ध्वस्त किया जाता रहता है। बावजूद इसके निर्माण करता बाज नहीं आते और निर्माण करते रहते हैं। इसको लेकर जीडीए की तरफ से आए दिन पुलिस में भी शिकायत की जाती रहती है। पत्र में अनुरोध किया गया है कि बैंक मानचित्र के विपरीत बनाए गए भवन को ऋण न दे साथी जिन्हें ऋण दे दिया गया है उसको निरस्त कर दिया जाए। जीडीए ने कहा है कि बैंकों को ऋण देने से पहले जीडीए की एनओसी लेनी होगी।




■ मानचित्र के विपरीत बने भवनों को न मिले लोन, जीडीए ने आठ बैंकों को लिखा पत्र

# 180 करोड़ से चमकेगा गाजियाबाद महानगर

## वायु गुणवत्ता में सुधार व सॉलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट होगी प्राथमिकता

**गाजियाबाद,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। गाजियाबाद नगर निगम महानगर को चमकाने व नागरिकों को सुविधा देने के लिए 180 करोड़ रुपए खर्च करेगा। जिसमें अवस्थापना निधि से 30 करोड़ एवं 15वां वित्त के लगभग 150 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसको लेकर गुरुवार को महापौर सुनीता दयाल की अध्यक्षता में अवस्थापना व 15वें वित्त आयोग को बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के बाद महापौर ने बताया कि इसके महानगर की एयर क्वालिटी में सुधार तथा सॉलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट पर कार्य प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि कार्यों की गुणवत्ता में जीरो टॉलरेंस,नालो के ढलान का रखें विशेष ध्यान वह खुद करेंगी। उन्होंने बताया कि शहर के विकास के लिए लगातार शासन द्वारा अवस्थापना निधि एवं 15वां वित्त आयोग का पैसा नगर निगम को मिलता है जिससे शहर में बड़े-बड़े कार्य किए जाएं हैं। जिससे शहर की सड़कें, जल निकासी नाला निर्माण, पेयजल आपूर्ति के लिए लाइन का कार्य, पम्प अधिष्ठापित, भवन निर्माण, सॉलिड वेस्ट के कार्य, एयर क्वालिटी पर कार्य, कूड़ा निस्तारण, वाहन क्रय एवं अन्य कार्य किये जाते है। जिससे शहर में विकास होता है और शहर सुंदर बनता है।

■ अवस्थापना निधि एवं 15वें वित्त आयोग से मिलने वाली धनराशि को लेकर हुई बैठक

**प्रकाश विभाग से सम्बंधित कार्य**

1. उद्योगिक क्षेत्र बुलंदशहर रोड, साईट 3, मेरठ रोड, साईट 4 साहिबाबाद, लोहा मंडी, हर्षा कंपाउंड, अजन्ता कंपाउंड, अमृत स्टील, राजेन्द्र नगर इण्ड एरिया, पाइप मार्केट में प्रकाश व्यवस्था हेतु 500 नग 110 वाट एल ई डी लाइट्स लागत 55 लाख।
2. औद्योगिक क्षेत्र एस एस जी टी रोड, कविनगर इण्ड एरिया, मेरठ रोड, उद्योग कुंज, आनन्द इण्ड एरिया, पांडव नगर, पंजाब एस्पेलर कंपाउंड, मुकंद नगर, बोंझा, हिण्डन विहार में प्रकाश व्यवस्था हेतु 600 नग 110 वाट एल ई डी लाइट्स लागत 66 लाख।
3. समस्त जोनों के सभी वार्डों के लिए 50 वाट एल ई डी लाइट्स का क्रय लागत 1 करोड़ 4 लाख।



**स्वास्थ्य विभाग से सम्बंधित कार्य**

1. कविनगर ज़ोन, वसुंधरा जोन, सिटी ज़ोन के अंतर्गत डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन का समस्त कार्य लागत 7 करोड़ 62 लाख।
2. समस्त जोन में सेकेंडरी कूड़ा कलेक्शन का कार्य लागत 48 करोड़ 53 लाख।
3. नगरीय क्षेत्र में मुख्य मार्गों की मशीनीकृत सफाई का कार्य लागत 13 करोड़ 60 लाख।
4. नगरीय क्षेत्र में रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था का कार्य लागत 6 करोड़ 30 लाख।
5. नगरीय क्षेत्र में उत्सर्जित ठोस अपशिष्ट के प्रबंधन, प्रसंस्करण एवं निपटान का कार्य लागत 23 करोड़ 4 लाख।
6. नगरीय क्षेत्र में संचालित सार्वजनिक शौचालय, सामुदायिक शौचालय एवं पिंक शौचालय की मशीनीकृत सफाई का कार्य लागत 1 करोड़ 44 लाख।
7. नगरीय क्षेत्र में संचालित मूत्रालयों की मशीनीकृत सफाई का कार्य लागत 96 लाख।
8. नगरीय क्षेत्र में 350 नए डोर टू डोर सीएनजी वाहनों के संचालन एवं अनुरक्षण का कार्य लागत 5 करोड़ 25 लाख।

बैठक में नगर आयुक्त डॉ. नितिन गॉड, अपर जिला मजिस्ट्रेट प्रशासन राजस्व रणविजय सिंह, अपर नगर आयुक्त अरुण यादव, सहायक नगर आयुक्त पल्लवी सिंह, जी एम जल आनंद त्रिपाठी, मुख्य अभियंता एन के चौधरी, मुख्य अभियंता जी डी ए मानवेन्द्र सिंह, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी रामराज, लेखाधिकारी गीता कुमारी, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथलेश कुमार, उद्यान प्रभारी डॉ. अनुज सिंह एवं अन्य लोग शामिल रहे।

### निर्माण विभाग से सम्बंधित कार्य

1. बुलंदशहर रोड इंडस्ट्रियल एरिया में आई एम एस कॉलेज से रोड न 4 बड़े नाले आर सी सी नाला निर्माण लागत 5 करोड़ 57 लाख।
2. साउथ साइट जी टी रोड औद्योगिक क्षेत्र में बालाजी ट्रेडर्स से कार्बन फैक्ट्री बड़े नाले तक आर सी सी नाला निर्माण लागत 1 करोड़ 12 लाख।
3. ब्रिज विहार साईं प्रयास मेडिकल से डी 349 व श्री दुर्गा मंदिर से बाल भर्ती स्कूल तक आर सी सी नाला निर्माण लागत 1 करोड़ 47 लाख।
4. शालीमार गार्डेन मेन 80 फूटा रोड पर प्लाट न 41 से 790 एव बीकानेर स्वीट तक अवशेष आर सी सी नाला निर्माण लागत 2 करोड़ 28 लाख।
5. नवयुग मार्केट में मुरैना गजक से अम्बेडकर पार्क एवं जी डी ए की पुलिया/एटलस साईकल तक व पुलिस चौकी से रेमांड्स शोरूम तक आर सी सी नाला निर्माण लागत 1 करोड़ 48 लाख।
6. रमतेराम रोड स्थित निगम मार्किट के जीणोद्धार का कार्य लागत 4 करोड़।
7. राजकीय आयुर्वेद/यूनानी चिकित्सालय का निर्माण लागत 60 लाख।
8. राज नगर एक्सटेंशन में प्रधानमंत्री आवास योजना में जल निकासी हेतु बरसाती नाला निर्माण लागत 5 करोड़ 39 लाख।
9. प्रताप विहार प्रधानमंत्री आवास योजना की जल निकासी हेतु नाला निर्माण लागत 58 लाख।

उवाच

खिलौना भारत के खिलौने और खेल उद्योग के भविष्य के लिए बड़ी महत्वाकांक्षाओं को दर्शाता है। इसके साथ ही यह आयोजन खिलौना निर्माताओं, मुख्य रूप से एमएसएमई और पारंपरिक खिलौना निर्माताओं को अपने आकर्षण को बढ़ाने के लिए आवश्यक बाजार लिंकेज प्राप्त करने में सक्षम बनाएगा।

**डॉ. राकेश कुमार, आईईएमएल अध्यक्ष**

# कैपिटल ज़ोन

## सड़क हादसे में घायल बाइक सवार युवक की उपचार के दौरान मौत

**जेवर,**17 अगस्त (देशबन्धु)। कोतवाली क्षेत्र के गांव अलावलपुर के समीप यमुना एक्सप्रेस वे की सर्विस रोड पर बुधवार की शाम ट्रैक्टर की टक्कर से घायल बाइक सवार युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। जिससे स्वजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



ज्ञात हो कि अलीगढ जिले के गांव वैना निवासी रतनपाल का पुत्र राहुल कुमार (23) बुधवार को गांव से बाइक पर सवार होकर किसी काम से जेवर जा रहा था। उसी दौरान जब वह अलावलपुर गांव के समीप यमुना एक्सप्रेस वे के सर्विस रोड पर पहुंचा तो सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे मे बाइक सवार राहुल गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसको लोगों ने गंभीर अवस्था में कस्बे के एक निजी अस्पताल मे भर्ती कराया था। जहां उपचार के दौरान बुधवार रात को उसकी मौत हो गई। पीड़ित पिता रतनपाल की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने के आरोप में मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

## नोएडा एयरपोर्ट देश का सबसे बड़ा एमआरओ हब का बनेगा प्रमुख केंद्र

- विमानों का पाट्र्स बनाने वाली कंपनियां करेगी यहां उत्पादन
- नियाल अगले सप्ताह एविएशन हब उद्योग से जुड़े प्रस्ताव लेने के लिए निकालेगा ईओआई

**ग्रेटर नोएडा,**17 अगस्त (देशबन्धु)। जेवर एयरपोर्ट के दूसरे चरण में एमआरओ हब विकसित होगा। इसमें विमानों के पाट्र्स बनाने वाली कंपनियां भी आएंगी। इस उद्योग से जुड़ी कंपनियों से प्रस्ताव लेने के लिए अगले हफ्ते ईओआई निकाली जाएगी। कंपनियों के प्रस्ताव आने के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

जेवर एयरपोर्ट के दूसरे चरण के लिए 1365 हेक्टेयर जमीन की अधिग्रहण की प्रक्रिया चल रही है। जिला प्रशासन किसानों को मुआवजा बांट रहा है। दूसरे चरण में एमआरओ (मेंटेनेंस, रिपेयरिंग एंड ओवरहालिंग) हब विकसित करने की योजना है। इसके लिए एक डेडीकेटेड रनवे भी बनाया जाएगा। अभी तक देश में विमानों की मरम्मत के लिए दूसरे देशों पर निर्भर रहना पड़ता है। इस हब के विकास में कौन-कौन सी कंपनियां आ सकती हैं, इसको लेकर नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (नायल) अगले हफ्ते तक ईओआई निकालेगा। इसके जरिए इस उद्योग से जुड़ी कंपनियों से प्रस्ताव मांगे जाएंगे। प्रस्ताव में उनसे यह जानने का प्रयास रहेगा कि वह किस तरह से इस उद्योग में आएंगी।

प्रस्ताव आने के बाद आगे का फैसला लिया जाएगा। नियाल की योजना है कि एमआरओ के साथ-साथ यहां पर एयरक्राफ्ट के पाट्र्स बनाने वाली कंपनियों को भी लाया जाए। अगर यहां पर एयरपोर्ट की मरम्मत होगी तो उसके लिए पाट्र्स की भी जरूरत पड़ेगी।

नियाल के अधिकारियों का कहना है कि इसके लिए योजना निकाली जाए, जिसमें एयरक्राफ्ट के पाट्र्स बनाने वाली कंपनियों को जमीन आबंटित की जाए। यहां पर इस उद्योग से जुड़ी कंपनियों को लाने का प्रयास रहेगा।

## यमुना प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र से 112 गांव हुए बाहर, 74 नए जुड़े

- यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में छह जिलों के कुल 1149 गांव शामिल

**ग्रेटर नोएडा,**17 अगस्त (देशबन्धु)। यमुना प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र से 112 गांवों को हटाया गया है। हालांकि प्राधिकरण में 74 गांवों को जोड़ा भी गया है। अब प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में गांवों की संख्या 1149 हो गई है। यमुना प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में कई स्थानीय निकाय बने और कुछ पुराने स्थानीय निकायों को विस्तार हुआ। इसके चलते प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र को डिनोटिफाई किया गया है। प्राधिकरण के फेज-2 के अधिसूचित क्षेत्र के 112 गांवों को डिनोटिफाई किया गया है। इसमें अलीगढ़ जिले के 15 गांव, मथुरा के 15, हाथरस के 65 आगरा के 17 गांव शामिल हैं। इसके साथ ही फेज-1 और फेज-2 में 74 गांव जोड़े गए हैं। इसमें बुलंदशहर जिले के 55 गांव, अलीगढ़ के दो, हाथरस के चार और आगरा के 13 गांव शामिल हैं। यमुना प्राधिकरण क्षेत्र के अधिसूचित क्षेत्र में पहले 1187 गांव थे। अब नये गांव शामिल होने और कुछ गांवों को हटाने के बाद अब प्राधिकरण क्षेत्र में 1149 गांव हैं। अब प्राधिकरण का अधिसूचित क्षेत्र 3352 वर्ग किमी हो गया है। इसमें फेज-1 में 759 और दूसरे फेज में 2793 वर्ग किमी क्षेत्र शामिल है।

## बिजली की समस्या को लेकर एनपीसीएल के साथ उद्यमियों की बैठक



**ग्रेटर नोएडा,**17 अगस्त (देशबन्धु)। इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की बैठक एनपीसीएल के साथ हुई, जो जिलाधिकारी के अनुरोध पर रखी गई। बैठक में एनपीसीएल के अधिकारी अरुण आशीष डे, एजीएम ऑपरेशन त्यागी, बीपी ऑपरेशन, हरेंद्र सिंह हेड कामर्शियल, निखिल कुमार गर्ग, डिप्टी सीएम जितेंद्र धामात, जोनल इंचार्ज तथा इंडस्ट्री के विभिन्न पदाधिकारी एवं आईआईए के चेयरमैन राकेश बंसल, विशारद गौतम, सेक्रेटरी जेड रहमान, चेयरमैन टेक्नोलॉजी इंडस्ट्री 4.0 जगदीश सिंह मौजूद रहे। इस वार्ता में चेयरमैन ने साइट-बी एवं साइड-सी के अंदर बिजली 24 घंटे की व्यवस्था की मांग की तथा रहमान ने औद्योगिक सेक्टर्स में अंडरग्राउंड सर्विस केबल की डिमांड रखी, जिससे अनइंटरप्टेड 24 घंटे सप्लाई मिल सके और उद्योग को बढ़ावा मिल सके। विशरद ने कस्टमर केयर की गुणवत्ता को सुधारने का अनुरोध किया। इन सभी विषयों को एनपीसीएल के अधिकारियों ने सकारात्मक कदम बताया और यह आश्वासन दिया कि इन बिंदुओं पर कार्रवाई की जाएगी।

## सार संक्षेप

### घर से स्कूल के लिए निकला छात्र संदिग्ध अवस्था में लापता

**दनकौर।** दनकौर क्षेत्र के पारसौल गांव निवासी 11वीं कक्षा का छात्र सागर चौधरी (16) संदिग्ध अवस्था में 2 दिन से लापता है। जिनके पिता उदयवीर ने गुरुवार को दनकौर कोतवाली में अपने बेटे की गुमशुदगी दर्ज कराई है। पिता का कहना है कि बुधवार को उनका बेटा घर से रोजाना की तरह दनकौर कस्बे में स्थित एक इंटर कॉलेज में पढ़ाई करने के लिए आया था। लेकिन वापस नहीं लौटा है। काफी तलाश के बाद भी कोई सुराग नहीं चल पाया तो, उन्होंने गुमशुदगी दर्ज कराई है। कोतवाली प्रभारी दनकौर संजय सिंह का कहना है कि जल्द ही गायब छात्र का सुराग लगा लिया जाएगा।

### बच्चों ने इस्कॉन मंदिर का किया भ्रमण, भारतीय संस्कृति से हुए रुबरू



**ग्रेटर नोएडा।** स्वर्ण नगरी स्थित जी डी गोयनका स्कूल के प्रीप्राइमरी के छात्रों को भ्रमण के लिए नोएडा स्थित इस्कॉन मंदिर ले जाया गया। वहां पर छात्रों को कृष्ण जन्म के बारे में जानकारी दी गई तथा उनके जन्म से जुड़ी रोचक बातें भी बताई गई। छात्रों को हिन्दू धर्म तथा संस्कृति का महत्व बताया गया। छात्रों ने हाथ जोड़कर भगवान श्री कृष्ण से प्रार्थना की। छात्रों को वापस आते समय प्रसाद में हलवा का वितरण भी हुआ। छात्रों को वहां पर बहुत ही खुशी एवं आंनद का अनुभव हुआ। विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. रेनू सहगल ने छात्रों को आशीर्वाद एवं बहुत शुभकामनाएं दी और श्री कृष्ण के बारे में कुछ बातें बताई।

## खिलौना उद्योग को एक मंच पर लाने के लिए खिलौना-इंडिया का दूसरा संस्करण आज से

- कपड़ा मंत्रालय, एमएसएमई मंत्रालय और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के सहयोग से हो रहा है आयोजन

**ग्रेटर नोएडा,**17 जुलाई (देशबन्धु)। हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) द्वारा आयोजित खिलौना-इंडिया टॉयज एंड गेम्स फेयर के दूसरे संस्करण का आयोजन 18-20 अगस्त 2023 तक इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट, ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस वे पर किया जा रहा है। ईपीसीएच की अवधारणा पर हो रहे इस बी2बी आयोजन को कपड़ा मंत्रालय, एमएसएमई मंत्रालय और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के सहयोग से किया जा रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य भारतीय खिलौनों और खेल क्षेत्र के व्यापक प्रतिनिधित्व को एक साथ लाना है। ईपीसीएच के अध्यक्ष दिलीप बैद ने बताया कि खिलौना-इंडिया टॉयज एंड गेम्स फेयर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के खिलौनों और खेलों में 'वोकल फॉर लोकल' और 'आत्मनिर्भर भारत' के दृष्टिकोण को प्रतिबिंबित करता है। उन्होंने कहा कि खिलौना का उद्देश्य एक ऐसे पूरे स्पेक्ट्रम को एक मंच पर लगाना है, जिसमें 150 से अधिक उद्योग- व्यवसाय, छोटे और मझौले निर्यातकों, कारीगरों, उद्यमियों, डिजाइनरों और शिल्पियों से लेकर भारत के अग्रणी निर्माता निर्यातकों तक का क्रास सेक्शन शामिल हो। आईईएमएल के अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार ने कहा कि खिलौना भारत के खिलौने और खेल उद्योग के भविष्य के लिए बड़ी महत्वाकांक्षाओं को दर्शाता है। इसके साथ ही यह आयोजन खिलौना निर्माताओं, मुख्य रूप से एमएसएमई और पारंपरिक खिलौना निर्माताओं को अपने आकर्षण को बढ़ाने के लिए आवश्यक बाजार लिंकेज प्राप्त करने में सक्षम बनाएगा। ऐसी उम्मीद है कि यह आयोजन वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में भारत की उपस्थिति और विदेशी बाजारों में खिलौनों, गेम्स व्यापार में भारत की हिस्सेदारी बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## पिछड़ा वर्ग शादी अनुदान योजना के तहत स्वीकृत समिति की हुई बैठक



**ग्रेटर नोएडा,**17 अगस्त (देशबन्धु)। जिलाधिकारी के निर्देश में मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में अन्य पिछड़ा वर्ग शादी अनुदान योजना के तहत जिला स्तरीय स्वीकृत समिति की बैठक हुई, जिसमें एमएलसी श्रीचंद शर्मा, सांसद प्रतिनिधि संजय बाली, जिला अध्यक्ष विजय भाटी, जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र बहादुर सिंह, अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी लवेश सिसोदिया तथा अन्य संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे। बैठक में अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी लवेश सिसोदिया ने जिला स्तरीय स्वीकृत समिति को अवगत कराया कि जनपद में अन्य पिछड़ा वर्ग शादी अनुदान योजना की जा रही है, जिसके माध्यम से गरीब परिवारों की पुत्रियों की शादी के लिए शासन द्वारा अधिकतम अनुदान की धनराशि 20,000 प्रति पुत्री देय है, जिसके लिए विभागीय वेबसाइट पर लाभार्थी द्वारा स्वयं आवेदन करना अनिवार्य होता है। उन्होंने बताया कि उक्त योजना के तहत अनुदान प्राप्त करने के लिए आय प्रमाण पत्र (शहरी क्षेत्र में अधिकतम आए 56460 रुपए वार्षिक तथा ग्रामीण क्षेत्र में अधिकतम आय 46080 रुपए होनी चाहिए), जाति प्रमाण पत्र, आवेदक का आधार कार्ड, शादी का कार्ड, आवेदक की बैंक की कॉपी, पुत्री की उम्र का प्रमाण पत्र आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। उन्होंने यह भी बताया कि एक आवेदक अधिकतम दो पुत्रियों की शादी के अनुदान के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि अन्य पिछड़ा वर्ग शादी अनुदान योजना के तहत जनपद में वर्तमान तक 14 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 3 अस्वीकृत हुए, 5 लंबित चल रहे हैं एवं जिला स्तरीय स्वीकृति समिति के द्वारा आज 6 आवेदन को स्वीकृति दी गई। मुख्य विकास अधिकारी ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि अन्य पिछड़ा वर्ग शादी अनुदान योजना को लेकर व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार सुनिश्चित कराया जाए।

## मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

- उड़ीसा से गांजा लाकर दिल्ली एनसीआर में अलग-अलग स्थानों पर करते थे बिक्री
- ग्रेनो के कॉलेजों व पीजी में पुड़िया बनाकर सप्लाई करते थे गांजा

**ग्रेटर नोएडा,**17 अगस्त (देशबन्धु)। बीटा-दो कोतवाली पुलिस ने दिल्ली एनसीआर में मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गैंग का पर्दाफाश किया है। अलग-अलग स्थानों से तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर इनके पास से 82 किलो 200 ग्राम गांजा, कार व तस्करी में प्रयुक्त बाइक बरामद की है। तस्करों का नेटवर्क उड़ीसा से दिल्ली एनसीआर तक फैला हुआ है। उड़ीसा से ट्रक के माध्यम से तस्करी कर लाया गया गांजा उच्च शिक्षण संस्थानों में पढ़ने वाले छात्रों को बेचते हैं। पुलिस गैंग के सरगना की तलाश कर रही है। बता दें कि दिल्ली एनसीआर मादक पदार्थ की तस्करी का प्रमुख अड्डा बनता जा रहा है। पुलिस द्वारा आए दिन गांजा तस्करों की गिरफ्तारी की जा रही है, इसके बाद भी तस्करी पर अंकुश लगता नहीं दिख रहा है। एडीसीपी ग्रेटर नोएडा जोन अशोक कुमार ने बताया कि मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए गौतमबुद्धनगर कमिश्नरेट द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत बीटा-टू कोतवाली पुलिस ने गांजा तस्कर गैंग का पर्दाफाश करते हुए दो अलग-अलग स्थानों से तीन अभियुक्तों राजेश, अमित कुमार व चुन्नू को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी राजेश को होंडा चौक के पास से जबकि अमित कुमार व चुन्नू को सेक्टर गामा-1 के गेट नंबर-3 के पास से गिरफ्तार किया गया। राजेश के पास से 80 किलो ग्राम गांजा व तस्करी में प्रयुक्त स्विफ्ट कार व मोबाइल जबकि अमित कुमार व चुन्नू के कब्जे से 2 किलो 200 ग्राम गांजा व तस्करी में प्रयुक्त बाइक बरामद हुई है। पुलिस के मुताबिक आरोपी राजेश का गांजा तस्करी का एक बड़ा नेटवर्क है, जो उड़ीसा तक फैला हुआ है। गैंग का सरगना सुभाष नाम का व्यक्ति है,जो कि उड़ीसा से ट्रक के माध्यम से भारी मात्रा में गांजा तस्करी कर छिबरामऊ लेकर आता है। अभियुक्त राजेश इसी गैंग का सदस्य है,जो छिबरामऊ से गांजा लाकर दिल्ली एनसीआर में लाकर बेचता है।




गैंग के सरगना की तलाश जारी है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्र ने बताया कि पुलिस के हत्थे चढ़े अभियुक्त अमित कुमार व चुन्नू चोरी की बाइक से गांजा तस्करी करते हैं। दिल्ली से सस्ते दामों में गांजा खरीदकर उसे पुड़ियों में भरकर पीजी व कॉलेजों के आसपास घूम कर ऊंचे दामों में बेचते हैं।

## किशोरों के स्वास्थ्य व व्यक्तित्व निर्धारक पर कार्यशाला आयोजित

**ग्रेटर नोएडा,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। जीएलबीआईएमआर में स्वास्थ्य मानव संसाधन उत्कृष्टता केंद्र (सीईएचआरएच) और ओडी अकादमी प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से किशोरों के स्वास्थ्य और व्यक्तित्व निर्धारक पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में लिमिटेड व्यवसायिक एवं पर्यावरणीय स्वास्थ्य संघ के द्वारा कार्यशाला में किशोरों के व्यक्तित्व नियंत्रण के स्थान, शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियों से संबंधित समस्याओं, मुद्दों और चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया गया। कार्यशालाओं में बड़े पैमाने पर इंटरैक्टिव प्रक्रिया (एलएसआईपी) का उपयोग किया गया और किशोरों की समस्याओं के लिए ढांचे और मॉडल विकसित करने के लिए चर्चा के साथ साथ युवाओं के संघर्षों, चिंता और तनाव को कम करने के तरीकों पर चर्चा की गई।

## बीस दिन से बिजली गुल होने को लेकर ग्रामीणों ने बिजली घर पर किया प्रदर्शन

- बिजली विभाग के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया समाप्त



**दनकौर,**17 अगस्त (देशबन्धु)। दनकौर डेरीन गुजरान गांव में पिछले करीब बीस दिनों से बिजली गुल होने के विरोध में बुधवार रात ग्रामीणों ने बिजली घर पर पहुंचकर जमकर हंगामा किया। रात भर ग्रामीण बिजली घर पर ही बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते रहे। बाद में मौके पर पहुंचे विभाग के अधिकारियों ने उनकी समस्याओं को जल्दी समाधान करने का आश्वासन दिया। जिसके बाद भी गुस्साए लोग वहां से हट सके। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले करीब 20 दिनों से गांव में बिजली का ट्रांसफॉर्मर फूंका हुआ हैं। जिसको बदलवाने के लिए कई बार विभाग विभागीय अधिकारियों से शिकायत की गई है। लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया जाता है। जिसकी वजह से गर्मी से लोगों का काफी हाल बुरा हो गया है। शिकायत के बाद भी विभागीय अधिकारी समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन देते हैं। लेकिन आज तक समाधान नहीं हुआ। जिसके विरोध में बुधवार की रात ग्रामीणों ने सैकड़ों की संख्या में बिजली घर पर पहुंचकर हंगामा किया। जहां ग्रामीणों ने बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। लोगों का आरोप है कि विभागीय अधिकारियों की अनदेखी की वजह से ही ग्रामीण रात के वक्त अंधेरे और गर्मी में जी रहे हैं। बिजली नहीं आने की वजह से पानी पीने तक कि ग्रामीणों को समस्या हो रही है। ग्रामीणों ने कहा कि इसको लेकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन भी करेंगे। बाद में विभागीय अधिकारियों ने पहुंचकर उनको समस्या का गुरुवार की शाम तक समाधान करने का आश्वासन दिया है।

ग्रामीणों ने बताया कि यदि समाधान नहीं होता है तो शुक्रवार से वह बिजली घर पर पहुंचकर सैकड़ों गांवों की बिजली को भी बाधित करेंगे। इस मौके पर अरविंद नागर, नागेंद्र, अमित, लाला, रणजीत, रोहन, बृजेश, सुन्दर, कुंवर प्रताप शर्मा, अरुण, फिरे, रोहित प्रधान और मनोज समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे।

### ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

**भूखण्ड संख्या-1, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नौएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर उ0प्र0**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि Flat No. G-701, 7th Floor, Block-G, Area-95.41 Sqm Stellar Jeevan, Plot No. GH-03, Sector-01, Greater Noida जो कि Mrs. Aruna Gupta & Mr. Atul Kumar Gupta निवासी A6/1002, Mirchandani Palms, Rahatani Road, Near Kokane Chowk, Rahatani Pune City, Pune, Pimpri Colony, Maharashtra के नाम पर उप निबंधन कार्यालय, सदर गौतमबुद्ध नगर में दिनांक-27.04.2019 को पंजीकृत है। Mrs. Aruna Gupta & Mr. Atul Kumar Gupta की मृत्यु के उपरान्त उनके पुत्र Mr. Ankit Gupta S/o Late Sh. Atul Kumar Gupta ने उक्त भूखण्ड/भवन का नामांतरण अपने पक्ष में करने हेतु म्यूटेशन प्रपत्र प्रस्तुत किये हैं। अतः इस म्यूटेशन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में Mr. Ankit Gupta S/o Late Sh. Atul Kumar Gupta का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (बिल्डर्स)
ग्रेटर नौएडा औ0 वि0 प्राधिकरण

### ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

भूखण्ड संख्या-1, सैक्टर नॉलेज पार्क-4 ग्रेटर नौएडा
जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि Flat No. Tulip-17, Second Floor, Tower-Tulip, Area-131.921 Sqm., Eldeco Residecy Greens, Sector- Pi, Greater Noida जो कि Mrs. M Bhanumathi & Sh. M Mohan निवासी Flat No. Tulip-17, Second Floor, Tower-Tulip, Eldeco Residecy Greens, Sector-Pi, Greater Noida के नाम पर उप निबंधन कार्यालय, सदर गौतमबुद्ध नगर में दिनांक-29.03.2005 को पंजीकृत है। Sh. M Mohan की मृत्यु के उपरान्त उनकी पत्नी Mrs. M Bhanumathi ने उक्त भूखण्ड/भवन में अपने पति के भाग का नामांतरण प्रस्तुत वारिसान के आधार पर अपने पक्ष में करने हेतु म्यूटेशन प्रपत्र प्रस्तुत किये है। अतः इस म्यूटेशन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में Mrs. M Bhanumathi W/o Late. Sh. M Mohan का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (बिल्डर्स)
ग्रेटर नोएडा औ0 वि0 प्राधिकरण

### ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नौएडा,
जनपद गौतमबुद्ध नगर।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम बिसरख जलालपुर तहसील-दावरी जिला - गौतमबुद्धनगर स्थित खसरा संख्या 829म, क्षेत्रफल 5160 वर्ग मीटर के जाबादी व्यवस्थापन/लीज बैंक का निर्णय प्राधिकरण बोर्ड की 88वीं बैठक में ब्रिजेश पुत्री सुखा निवासी ग्राम खैडा चौगानपुर के पक्ष में लिया गया है, जिसमें खातेदार की मृत्यु के उपरान्त इनके वारिसान श्री श्री महेश पुत्र अजीत सिंह, कु० रूबी पुत्री महेश कुमार व श्री रितिक बंसल, विनय पुत्रगण निवासी मेवला भट्टी, परगना व तहसील-लोनी, जिला-गाजियाबाद के पक्ष में नामान्तरण करने हेतु नामान्तरण प्रपत्र एवं शपथ पत्र प्रस्तुत किये गये है।

अतः इस नामान्तरण के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण के भूलेख अनुभाग में दर्ज कराने का कष्ट करे अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में इनके नाम दर्ज किये जाने की कार्यवाही की जायेगी।

(रजनीकान्त)
विशेष कार्याधिकारी (आर0)

### ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

01, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी-201310
जिला-गौतमबुद्ध नगर।

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम/सैक्टर-सादौपुर की प्रस्तावित आबादी में भूखण्ड सं0 ए37, क्षेत्रफल-220 वर्ग मीटर को श्री पवन कुमार व श्रीमती महेन्द्री पुत्र/पत्नी स्व० धर्मवीर निवासी ग्राम-सादौपुर जिला-गौतम बुद्ध नगर को आवंटित किया गया है। सहआवंटी श्री पवन कुमार की मृत्यु के उपरान्त इनके वारिस श्रीमती सविता, आर्यन (ना0बा0 आयु 10वर्ष) वीर (ना0बा0 आयु 08वर्ष) पत्नी/पुत्रगण स्व० श्री पवन कुमार निवासी ग्राम सादौपुर जिला-गौतम बुद्ध नगर द्वारा अपने पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में श्रीमती सविता पत्नी स्व० श्री पवन कुमार, आर्यन (ना०बा० आयु 10 वर्ष) संरक्षिका स्वयं माता एवं वीर (ना0बा0 आयु 08वर्ष) संरक्षिका स्वयं माता पुत्रगण स्व० श्री पवन कुमार निवासी ग्राम सादौपुर जिला-गौतम बुद्ध नगर का नाम आवंटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (सम्पत्ति)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

### यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, ब्लाक-पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, सिटी-201308
जिला गौतमबुद्ध नगर (उ0प्र0)

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवंटित भूखण्ड संख्या-190, पॉकेट-एन, सैक्टर-20, क्षेत्रफल-300 वर्गमीटर, आवंटन संख्या-YEA006748 के आवंटी LATE. SMT. KAMLESH GOEL (माता) की मृत्यु के उपरांत उनके (पुत्र) SH. RAJAT GOEL द्वारा उक्त भूखण्ड का नामान्तरण अपने नाम कराने हेतु म्यूटेशन प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है।

अतः इस म्यूटेशन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अंदर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में आवंटी LATE. SMT. KAMLESH GOEL की मृत्यु के उपरांत उनके (पुत्र) SH. RAJAT GOEL का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

भवदीय
विशेष कार्याधिकारी- (एस0बी0)

### ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नौएडा,
जनपद गौतमबुद्ध नगर।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम ऐमनाबाद, तहसील-दादरी, जिला गौतमबुद्धनगर स्थित खसरा संख्या-58 क्षेत्रफल 0.4830 वर्ग मीटर के आबादी व्यवस्थापन/लीज बैक का निर्णय प्राधिकरण बोर्ड की 88वीं बैठक में श्री वेदराम पुत्र चन्द निवासी ग्राम के पक्ष में लिया गया है, श्री वेदराम की मृत्यु हो जाने के उपरान्त उनके वारिसान श्री राजवीर सिंह, श्री जगवीर सिंह, श्री बलवीर सिंह, श्री सतवीर सिंह व श्री कर्मवीर निवासी ग्राम ऐमनाबाद तहसील दादरी जिला गौतमबुद्धनगर के पक्ष में नामान्तरण करने हेतु नामान्तरण प्रपत्र एवं शपथ पत्र प्रस्तुत किये गये है।

अतः इस नामान्तरण के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण के भूलेख विभाग में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में इनके नाम दर्ज किये जाने की कार्यवाही की जायेगी।

(रजनीकान्त)
विशेष कार्याधिकारी

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उतर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

{ संपादकीय }

नई दिल्ली, शुक्रवार 18 अगस्त 2023

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

# नारी सम्मान की न्यायिक शब्दावली

न्यायिक प्रक्रिया के दौरान नारी का सम्मान बनाये रखने के लिये सुप्रीम कोर्ट ने नई शब्दावली दी है। अनेक ऐसे शब्द जो नारी की गरिमा को गिराने वाले होते हैं, उसकी बजाय शीर्ष अदालत ने सम्मानजनक शब्द दिये हैं। एक हैंडबुक के जरिये सर्वोच्च अदालत ने जो शब्द इस्तेमाल में लेने के लिये कहा है, आशा है कि अब कचहरी पहुंचने वाली महिलाओं को न्याय पाने के लिये अपनी प्रतिष्ठा के साथ समझौता नहीं करना होगा। शादी, तलाक, लिव इन रिलेशनशिप, यौन उत्पीड़न, प्रताड़ना, सम्पत्ति, विवाद होने पर बच्चों की कस्टडी आदि कई तरह के मुकदमों की सुनवाई के दौरान महिला पक्षकारों का बेहद अपमानजनक भाषावली से सामना होता है जिसके कारण उसके लिये न्याय को भूलकर अपनी प्रतिष्ठा को बचाना प्राथमिकता बन जाता है। पुरुष प्रधान समाज द्वारा रचित महिलाओं की आबरू को तार-तार करने वाले कई शब्द, वाक्य और मुहावरे समाज में खूब प्रचलित हैं। महिलाओं को संबोधित करने वाले ऐसे रुढ़िवादी शब्दों को अदालत की शब्दावली से हटाकर सुप्रीम कोर्ट ने जो नये शब्द दिये हैं, उम्मीद की जानी चाहिये कि वे कचहरी की जिरह और दस्तावेज़ों में ही सीमित न रहकर पूरे समाज में इस्तेमाल होंगे ताकि औरतों को कोर्ट ही नहीं वरन पूरे समाज में अपमानित हुए बिना संबोधित होने का मौका मिले।

हमारे यहां महिलाओं के स्थान के बारे में चाहे जितनी महिमा गाई जाये, सच्चाई यही है कि भारतीय समाज औरतों को वह सम्मान नहीं देता जिसकी आधी आबादी हकदार है। बहुत से देशों का भी यह हाल हो सकता है। यह किसी एक धर्म या वर्ग से जुड़ी महिलाओं की भी बात नहीं है। थोड़े से अंश को छोड़ दिया जाये तो ज्यादातर महिलाएं देश में लैंगिक असमानता का शिकार हैं। फिर वे चाहें निम्न वर्ग की हों या मध्य वर्ग अथवा उच्च वर्ग की। शिक्षा ने कुछ फर्क ज़रूर डाला है पर असलियत यही है कि ज्यादातर महिलाएं अपने वाजिब अधिकारों की तरह ही सम्मान से काफी दूर हैं। पहले पिता या भाई के नियंत्रण में रहती स्त्रियां बाद में पति और अंततः बुढ़ापे में पति के साथ रहते हुए या विधवा के रूप में पुत्रों पर आश्रित जीवन जीती हैं। उनकी भौतिक ज़रूरतों को लेकर होने वाली दुश्वारियां तो अपनी जगह पर हैं, घर हो या बाहर, वे आजीवन ज़िल्लत भरा जीवन जीती हैं। उन्हें जिन शब्दों से संबोधित किया जाता है वह अक्सर अपमानजनक होता है। घरों के बाहर भी महिलाओं को लेकर कोई बहुत अच्छी भाषा का उपयोग नहीं होता।

जो महिलाएं समाज में प्रचलित भाषा को चुपचाप सुन लेती हैं वे अच्छी मानी जाती हैं क्योंकि यह मानकर ही चला जाता है कि उनका जीवन इसी के लिये बना हुआ है या उनके प्रति ऐसे वाक्यों या शब्दों का प्रयोग गैरवाजिब नहीं है। फिर, यदि औरत न्याय की दहलीज तक पहुंचने वाली हो तो, पुरुष का अहम अधिक आहत होता है। ऐसी औरतों के लिये कटुतर व ज्यादा अपमानजनक शब्द प्रयोग में लाये जाते हैं। ये शब्द लोक व्यवहार से चलकर कानूनी प्रक्रिया में दाखिल हो गये हैं। रुढ़िवादी भाषा महिला को उसके हक की लड़ाई में कमजोर कर देती है। औरतों को अपमानित करने वाला कानूनी दांव-पेंच शब्दों तक सीमित न रहकर महिला के विचारों और पोशाकों तक पहुंच जाता है। बलात्कार से पीड़ित महिला को इंसाफ पाने या दिलाने के लिये 'दामिनी' मूवी की तरह उस पीड़ादायी घटना का सिलसिलेवार वर्णन करना होता है जो बलात्कार से कहीं अधिक दर्दनाक होता है; या फिर 'पिंक' फिल्म की भांति महिला पक्षकार को नाइट पार्टी का आदी साबित कर चरित्रहीन बतलाया जाता है।

सुप्रीम कोर्ट ने भारत को सभ्य समाज बनने के रास्ते पर एक और कदम चलाया है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा तैयार की गई एक हैंडबुक बुधवार को जारी की। इसका उद्देश्य महिलाओं के लिये प्रयोग में लाये जाने वाले शब्दों पर रोक लगाना है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इससे जजों और वकीलों को लैंगिक रुढ़िवादी शब्दों के इस्तेमाल से बचने में सहायता मिल सकेगी। हैंडबुक में दिये गये शब्द अब से अदालतों में जिरह करने के दौरान और उनके फैसलों में उपयोग में लाये जायेंगे। अनेक ऐसे शब्दों को वर्जित कर महिलाओं के लिये सम्मानजनक जो शब्द इस हैंडबुक में बतलाये गये हैं, उनमें कुछ प्रमुख इस प्रकार हैं- अब तक प्रचलित प्रास्टिट्यूट, हूकर या रंडी के स्थान पर 'सेक्स वर्कर', अडल्ट्रेस या अफेयर (व्यभिचारिणी) की बजाय 'शादी से इतर संबंध' तथा हाउस वाइफ के बदले 'होममेकर' शब्द का इस्तेमाल होगा। ऐसे ही, कैरियर वूमन, इंडियन या वेस्टर्न वूमन, पवित्र महिला, स्लट या फूहड़ के स्थान पर केवल 'महिला' शब्द का प्रयोग होगा। बिन ब्याही मां को 'मां' तथा कीप या मिस्ट्रेस को 'गैर मर्द से संबंध' कहना होगा। बाल वेश्या को 'ऐसी बच्ची जिसकी तस्करी की गई', जन्म से लड़का-लड़की के स्थान पर 'जन्म के समय निर्दिष्ट लड़का या लड़की', स्त्रैण (जब अपमान के उद्देश्य से इस्तेमाल में लाया गया हो) के बदले लिंग तटस्थ शब्द जैसे 'आत्मविश्वासी' या 'जिम्मेदार' लफ़्ज़ों का प्रयोग होगा। भड़काऊ कपड़े केवल 'कपड़े' कहे जायेंगे और ये महिला की इच्छा के द्योतक नहीं होंगे। उनकी ना का अर्थ ना ही होगा।

आशा है कि महिलाओं को जो सम्मान शीर्ष अदालत दिलाना चाहता है वह सिर्फ मुकदमों की जिरह, सुनवाई और फैसलों में ही सीमित न रहे। कोर्ट परिसरों के बाहर भी समाज औरतों को वास्तविक सम्मान देगा ताकि हम लैंगिक समानता से युक्त समाज रच सकें। कोर्ट द्वारा दिखाया गया नारी सम्मान का रास्ता आम लोगों को कुछ तो सिखायेगा!

# 2024 के चुनावों को लेकर बड़ी दुविधा में है कांग्रेस

■ **हरिहर स्वरूप**

पिछले एक वर्ष से राहुल गांधी स्वयं के और अपनी पार्टी कांग्रेस के राजनीतिक पुनरुत्थान का प्रयास कर रहे हैं। इस दिशा में सबसे पहला उल्लेखनीय कार्यक्रम था भारत जोड़ो यात्रा, जिसके पांच महीने के वॉकथॉन के दौरान उन्हें एक साहसी सेनानी की भूमिका निभाते हुए देखा गया। उसके बाद के पांच महीने उन्होंने संसद के बाहर बिताए, जिस दौरान उन्हें राजनीतिक शहीद की भूमिका निभाने का मौका मिला। राहुल गांधी की लोकसभा से अयोग्यता पर रोक लगाने वाले सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले से शायद उनकी शहीदी परेड पर रोक लग गई हो। फिर भी, यह निर्णय कांग्रेस के अन्यायपूर्ण दंड के दावे को भी पुष्ट करता है।

इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की हत्या से लेकर सोनिया गांधी के त्याग तक, स्पष्ट विचारधारा के अभाव के बावजूद गांधी परिवार की शहादत के आख्यान ने कांग्रेस को एक आवश्यक गोंद प्रदान किया है जिससे कांग्रेस के नेता चिपके रहे हैं।

जो भी हो, 'रीब्रांडिंग राहुल' की यह विशेष पुनरावृत्ति पिछले संस्करण की तुलना में अधिक फलदायी रही है। इसने न केवल कांग्रेस बल्कि बड़े विपक्षी गठबंधन में भी गांधी की केंद्रीय भूमिका को मजबूत करने में मदद की है। कई कांग्रेस समर्थकों का मानना है कि अब तरोताजा गांधी के लिए तीसरा और अंतिम कदम उठाने का मंच तैयार हो गया है, और वह है प्रधानमंत्री पद के लिए नरेंद्र मोदी के प्राथमिक चुनौतीकर्ता की भूमिका।

लेकिन इस सवाल पर कांग्रेस अभी भी खुद को मुश्किल में फंसा हुआ पाती है। इसकी 2024 की रणनीति दो परस्पर विरोधी लक्ष्यों से बनी है: व्यापक विपक्षी एकता की उपलब्धि और पूर्व में 'कांग्रेस की राजनीतिक जगह' की पुनः प्राप्ति।

कांग्रेस को अहसास है कि राष्ट्रीय एजेंडे पर जनमत संग्रह के रूप में राष्ट्रपति शैली की 'राहुल बनाम मोदी' प्रतियोगिता, उसके लिए अनुकूल रूप से काम नहीं कर सकती है। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनावों में कुल 186 सीटों पर कांग्रेस और भाजपा की सीधी लड़ाई थी जिसमें से कांग्रेस 171 सीटें हार गई थी। इनमें से अधिकतर सीटें उत्तरी और मध्य भारत में हैं जहां मोदी और गांधी के बीच लोकप्रियता का अंतर अभी भी बहुत बड़ा है।

**कांग्रेस को अहसास है कि राष्ट्रीय एजेंडे पर जनमत संग्रह के रूप में राष्ट्रपति शैली की 'राहुल बनाम मोदी' प्रतियोगिता, उसके लिए अनुकूल रूप से काम नहीं कर सकती है। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनावों में कुल 186 सीटों पर कांग्रेस और भाजपा की सीधी लड़ाई थी जिसमें से कांग्रेस 171 सीटें हार गई थी। इनमें से अधिकतर सीटें उत्तरी और मध्य भारत में हैं जहां मोदी और गांधी के बीच लोकप्रियता का अंतर अभी भी बहुत बड़ा है।**

उदाहरण स्वरूप मध्य प्रदेश में हाल ही में हुए सी-वोटर सर्वेक्षण से पता चला है कि 57 फीसदी लोगों ने पीएम के लिए अपनी पसंदीदा उम्मीदवार के रूप में मोदी पर भरोसा जारी रखा है, जबकि इससे कहीं बहुत कम 18फीसदी लोग राहुल के पक्ष में हैं। ऐसी स्थिति ही कांग्रेस और क्षेत्रीय दलों दोनों को एक राष्ट्रीय चुनाव को राज्य स्तरीय चुनावों की श्रृंखला में बदलते हुए एक शक्तिशाली सत्ताधारी के खिलाफ साझा मंच बनाने की ओर धकेलता है।

यह बहुत संभव है कि कांग्रेस द्वारा गांधी को अपने प्रधानमंत्री उम्मीदवार के रूप में पेश करने का कोई भी कठोर प्रयास भारत गठबंधन द्वारा शुरू की गई व्यापक विपक्षी एकता के लक्ष्य को, कम से कम, इसके वर्तमान विन्यास में विफल कर देगा। अयोग्यता ने न केवल विपक्षी दलों के बीच एक साझा खतरे की धारणा को बढ़ावा दिया, बल्कि इसने पीएम उम्मीदवार के जटिल मुद्दे को भी आसानी से खत्म कर दिया था, जिससे साथी पीएम पद के दावेदारों अरविंद केजरीवाल, ममता बनर्जी और नीतीश कुमार का प्रवेश संभव हो गया था। इस प्रकार, गांधी के संसदीय कॅरियर का स्वागत भारत गठबंधन से जुड़े नाजुक राजनीतिक समीकरणों को जटिल बनाता है।

अपने गठबंधन सहयोगियों की चिंताओं को दूर करने का एक सीधा तरीका राहुल गांधी को विवाद से बाहर करना होगा। फिर भी, प्रधानमंत्री कार्यालय का ऐसा त्याग कांग्रेस की रणनीति के दूसरे लक्ष्य-'कांग्रेस स्पेस' की पुनःप्राप्ति- के लिए हानिकारक हो सकता है।

कांग्रेस स्पेस से हमारा क्या तात्पर्य है? सीधे शब्दों में कहें तो, यदि आप समग्र रूप से भारतीय राजनीतिक स्थान लेते हैं, और हिंदू राष्ट्रवाद, मंडल राजनीति और विशिष्ट उप-राष्ट्रवाद को हटा देते हैं, तो उदारवादी केंद्र-वाम राजनीति का शेष स्थान कांग्रेस स्थान कहा जा सकता है।

पिछले तीन दशकों में कांग्रेस सिकुड़ गई है क्योंकि उसने कई पार्टियों के हाथों अपनी जगह खो दी है। इसमें से कुछ को पुनः प्राप्त करने के लिए कांग्रेस गांधी परिवार की बढ़ती राष्ट्रीय प्रासंगिकता को साधन बनाने की कोशिश कर रही है।

कोई यह तर्क दे सकता है कि राहुल गांधी को प्रधानमंत्री के रूप में पेश करने से पार्टी को कुछ राज्यों में मदद मिल सकती है जहां उसे इस क्षेत्र में प्रतिद्वंद्वी दावेदारों का सामना करना पड़ रहा है। प्रधानमंत्री पद के लिए प्रमुख दावेदार के रूप में गांधी पर जोर देने से पंजाब, दिल्ली और तेलंगाना में त्रिकोणीय लड़ाई में कांग्रेस का वोट शेयर बढ़ सकता है।

द्विध्रुवीय राज्य केरल में, पार्टी पिछले संसदीय चुनावों में वामपंथियों की हार को दोहराने के लिए काफी हद तक गांधी पर निर्भर है। उनके चारों ओर राष्ट्रीय नेतृत्व की आभा संभावित रूप से यूपी और बंगाल जैसे राज्यों में आंशिक रूप से मुसलमानों और दलितों के बीच पारंपरिक रूप से कांग्रेस के आधार की लामबंदी पर प्रभाव डाल सकती है।

ध्यान रहे कि 2009 के लोकसभा चुनावों में कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश में आश्चर्यजनक रूप से 21 लोक सभा सीटें जीती थीं, जो आंशिक रूप से गांधी की स्पष्ट नेतृत्व भूमिका के कारण थी, जिसे एक तरह से 'प्रतीक्षारत पीएम' के रूप में प्रस्तुत किया गया था।

# उठ रही है वृहदनागालिम की मांग

■ **आशीष विश्वास**

हाल ही में नागा आदिवासियों ने भारत सरकार और पूर्वोत्तर राज्यों को याद दिलाया था कि मणिपुर की समस्याओं का कोई अंतिम समाधान 'वृहदनागालिम' की मांग को संबोधित किये बिना संभव नहीं होगा, जिस पर कोई उल्लेखनीय सार्वजनिक प्रतिक्रिया नहीं हुई है।

अधिकांश पूर्वोत्तर-आधारित पर्यवेक्षकों ने कहा कि चूंकि मणिपुर में रहने वाले नागाओं को हमेशा ही गैर-आदिवासी बहुसंख्यक मैतेई लोगों की तरह राज्य का 'मूलनिवासी' माना जाता है, इसलिए यह केवल समय की बात है कि वे अपना रुख स्पष्ट करें क्योंकि एक ताजा जातीय संघर्ष छिड़ गया है, जिसमें इस बार कुकी शामिल हैं।

हिंसा के वर्तमान दौर में सीधे तौर पर शामिल नहीं होने के बावजूद, ज्यादातर ईसाई होने के कारण नागा लोग मणिपुर में व्याप्त स्थिति के कुछ पहलुओं से परेशान थे। कुछ चर्चों और अन्य पूजा स्थलों को जला दिया गया, जिससे समुदाय चिंतित हो गया। नागालैंड मीडिया ने घटनाओं का विस्तृत ब्यौरा दिया और प्रमुख नागा संगठनों ने चर्चों में आग लगाने की निंदा की।

**अधिकांश पूर्वोत्तर-आधारित पर्यवेक्षकों ने कहा कि चूंकि मणिपुर में रहने वाले नागाओं को हमेशा ही गैर-आदिवासी बहुसंख्यक मैतेई लोगों की तरह राज्य का 'मूलनिवासी' माना जाता है, इसलिए यह केवल समय की बात है कि वे अपना रुख स्पष्ट करें क्योंकि एक ताजा जातीय संघर्ष छिड़ गया है, जिसमें इस बार कुकी शामिल हैं।**

हाल के सप्ताहों में, कुछ पर्यवेक्षकों के अनुसार, कुकी जनजाति और नागाओं के बीच कुछ हद तक सहमति बनती दिख रही है। वृहदनागालैंड की लंबे समय से चली आ रही मांग पर तत्काल सरकारी निर्णय के लिए नागाओं की नवीनीकृत अपील को अब कुकियों ने समर्थन दिया है। यह इस साल 3 मई को भड़की हिंसा के शुरुआती चरण के दौरान कुछ नागा संगठनों द्वारा अपनाये गये पहले के रुख से बदलाव का संकेत देता है।

जैसे-जैसे जातीय हिंसा नियंत्रण से बाहर होती गई, कुकी समुदाय की ओर से मणिपुर के भीतर एक अलग क्षेत्र की जोरदार मांग उठी, जो मैतेई और भारतीय जनता पार्टी द्वारा संचालित (भाजपा) राज्य प्रशासन के एक वर्ग द्वारा लक्षित महसूस कर रहा था। ऐसा राज्य विधानसभा में कुकी नेताओं की अच्छी-खासी संख्या के बावजूद है, जो भाजपा के टिकट पर चुने गये थे।

इन नेताओं ने मणिपुर प्रशासन से बेहतर सुरक्षा की मांग करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह और अन्य से मिलने के लिए दिल्ली का दौरा किया। उन्होंने कुकी और अन्य आदिवासियों के लिए एक नये क्षेत्र के लिए भी दबाव डाला।

पड़ोसी राज्य मिजोरम में, जहां कई डरे हुए कुकी परिवार सशस्त्र हमलावरों से भाग गये थे, नई कुकी मातृभूमि के आह्वान ने नई गति पकड़ ली। कोई और नहीं बल्कि मिजोरम के मुख्यमंत्री ज़ोरमथांगा, जिन्होंने मुश्किल में फंसे बेघर प्रवासियों को आश्रय प्रदान करके कुकी का दिल जीत लिया, ने सार्वजनिक रूप से मणिपुर को तीन अलग-अलग क्षेत्रों में विभाजित करने के प्रस्ताव का समर्थन किया। इतना बड़ा बदलाव करने का तर्क मैतेई और कुकी, जो, हमार, चिन और नागा जैसी विभिन्न जनजातियों के बीच भविष्य में जातीय शांति और सद्भाव सुनिश्चित करना था।

आश्चर्य की बात नहीं, भारत सरकार और भाजपा नेता बीरेन सिंह के नेतृत्व वाली मणिपुर राज्य सरकार दोनों ने इस विचार को तुरंत खारिज कर दिया। मुख्यमंत्री श्री सिंह को पद छोड़ने की मांग भी खारिज कर दी गई। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने खुद कुकी नेताओं के साथ और विभिन्न मंचों पर अपनी बैठकों में प्रस्तावित बदलावों को खारिज कर यिा।

यही वह समय था जब मणिपुर मीडिया के कुछ हिस्सों ने इस मामले पर कुछ नागा नेताओं के विचारों को प्रसारित किया। उन्होंने तर्क दिया कि केवल गैर आदिवासी मैतेई और नागा ही मणिपुर के मूल और सबसे पुराने निवासी थे। जहां तक कुकियों का सवाल है, ऐतिहासिक संदर्भों से पता चलता है कि वे उन्नीसवीं सदी के मध्य या उसके आसपास बर्मा से आये थे। किसी भी अन्य चीज़ से अधिक, यह संदेश पूर्वोत्तर क्षेत्रीय राजनीतिक परिदृश्य में सभी सक्रिय हितधारकों के लिए एक सौम्य अनुस्मारक था, जिसमें इस बात पर जोर दिया गया था कि किसी भी शीर्ष स्तर के निर्णय लेने की प्रक्रिया में कुकियों को हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए।

जब विभिन्न जातियों द्वारा क्षेत्रीय या अन्य दावों से संबंधित मुद्दों को निपटाने की बात आती थी, तो वे मैतेई लोगों की तरह ही अपनी राजनीतिक स्थिति पर जोर देने के लिए उत्सुक थे। जटिल पूर्वोत्तर राजनीतिक परिदृश्य में यह हमेशा एक अति संवेदनशील मुद्दा रहा है।

वृहदनागालैंड मुद्दे पर नागाओं को समर्थन कुकी और हमार से मिला। नागा संगठनों ने अपनी लंबे समय से लंबित मांग पर केंद्र से तत्काल कार्रवाई के लिए दबाव बनाने के लिए 9 अगस्त को मणिपुर के चार जिलों- चंदेल, तामेंगलांग, उखरुल और सेनापति - में सार्वजनिक रैलियां आयोजित कीं, जहां संख्या के लिहाज से उनकी उपस्थिति महत्वपूर्ण है। भारत के प्रधानमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन में, उन्होंने 3 अगस्त, 2015 को समुदाय के नेताओं और भारत सरकार के बीच हुए रूपरेखा समझौते के प्रावधानों का उल्लेख किया।

कुकी समुदाय की ओर से, कुकीइनपी मणिपुर (केआईएम) और हमार के लिए हमारइनपुई ने रैलियों के प्रायोजक यूनाईटेड नागा काउंसिल (यूएनसी) के साथ अपनी एकजुटता व्यक्त की। बाद के एक बयान में, कुकी नेताओं ने क्षेत्र में विभिन्न जनजातियों द्वारा समय-समय पर उठाई जाने वाली आम शिकायतों पर जोर दिया, जिसमें पूर्वोत्तर क्षेत्र में भेदभाव, मौलिक और संवैधानिक अधिकारों की हानि और नीति निर्माताओं, प्रशासकों और प्रमुख राजनीतिक दलों द्वारा आदिवासी हितों की उपेक्षा का आरोप लगाया गया।

रिकॉर्ड के लिए, मणिपुर में 3 मई से शुरू हुई जातीय हिंसा में अब तक कम से कम 160 लोग मारे गये हैं। 700 से अधिक लोग घायल हुए और अनुमानित 10,000 लोग विस्थापित हुए क्योंकि भीड़ की हिंसा के कारण सैकड़ों घर, कार्यालय और दुकानें जल गईं।

## पावन प्रसंग

# परिवर्तन से नए अवसर की उत्पत्ति

जीवन की संपूर्ण यात्रा में व्यक्ति को अपने जीवन में संघर्ष करना पड़ता है और तमाम कठिनाइयों को तोड़कर आगे की ओर अग्रसर होना पड़ता है।

जब जब मनुष्य ने जड़ता को ललकारा है तब तब परिवर्तन ने दस्तक दी है,और प्रत्येक परिवर्तन अपने साथ-साथ बड़े तथा महान अवसर लेकर आया है। इस अवसर का जिसने भी सदुपयोग कर लाभ उठाया है और अपने अनुकूल बनाने का ऊर्जा के साथ प्रयास किया है वह विश्व विजेता बनने में सक्षम हुआ है। मार्टिन लूथर किंग जूनियर ने जिस-आई हैव ए ड्रीम की कल्पना की थी वह जीवन के नए अवसर की कल्पना थी। महात्मा गांधी जी ने भी जिस स्वराज की कल्पना अपने मन में की थी वह भी उसी नए अवसर की खोज में उसकी तरफ छेड़ा गया एक अभियान था और बराक ओबामा ने भी कहा था-'यस वी कैन' ने भी बड़े परिवर्तन को सच्चाई के अवसर की तलाश थी। डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने भी मनुष्य से देवत्व की यात्रा का वर्णन किया था वह भी परिवर्तन के मुख्य द्वार से होकर गुजरता था। जीवन की संपूर्ण यात्रा में व्यक्ति को अपने जीवन में संघर्ष करना पड़ता है और तमाम कठिनाइयों को तोड़कर आगे की ओर अग्रसर होना पड़ता है। अवसर के मार्ग को खोलकर बड़ी विजय की महायात्रा प्राप्त हो सकती है। मूलतः परिवर्तन जीवन की एक मूलभूत विशेषता और एक जरूरी सत्य है बल्कि बेहतर कल तथा विकास के प्रत्येक सपने का हल भी होता है। परिवर्तन में अवसर तलाशने की यात्रा का अस्तित्व ही एक विजय गीत का गान है।

परिवर्तन की इस महा प्रक्रिया का स्वयं इस बात का साक्ष्य है कि परिवर्तन खुद ही नवीनता की एक बड़ी खोज है और परिवर्तन का सीधा अर्थ है जड़ता का नाश। जो हमारी पुरानी परंपराएं जड़ तथा जंगम हो चुकी है या जो स्वयं को नई परिस्थितियों के अनुसार ढाल पाने में सक्षम नहीं है उसका अंत ही परिवर्तन का प्रस्थान बिंदु होता है और इसका अंत एक बड़े शून्य को जन्म देता है और यह नवीन तथा प्राचीनता के बीच की एक समन्वय की कड़ी होती हैं। और इसमें वह सारे और अवसर निहित होते हैं जिनका चयन ही भविष्य की बुनियाद तय करता है और इस शून्य के काल में किया गया प्रयत्न और प्रयास भविष्य के बड़े भाग्य को तय करता है और किसी समय चक्र के बार-बार परिवर्तन को ही जीवन की संज्ञा दी गई है। गीता में कृष्ण ने इस परिवर्तन वह उसमें अंतर्निहित मौके की तलाश करने का संकेत दिया है। मानवीय इतिहास में भी यदि नजर दौड़ाई जाए तो पहला परिवर्तन 1215 में नागरिक अधिकार पत्र यानी मैग्नाकार्टा की प्राप्ति हुई थी। 12वीं और 13वीं सदी का समय सामंती प्रथा व क्रूरता से भरा समय था जहां मनुष्य एक साधन मात्र था और उसी समय जनता को ललकारते हुए परिवर्तन का महत्व तथा सपना मनुष्य के दिमाग में पैदा हुआ,परिवर्तन की इस घड़ी ने एक अवसर को जन्म दिया था और उसी अवसर का उपयोग करते हुए मानव को नागरिक अधिकार पत्र प्रदान किया था। अब मनुष्य स्वयं का कर्ताधर्ता था और उसी नागरिक अधिकार पत्र में किए उल्लेख का परिणाम है कि आज हर समाज को सभ्यता का प्रमाण उसी अधिकार पत्र के आधार पर दिया जाता है। बीसवीं सदी ने जड़ता पर चोट की, मशीनों के शोर, हथियारों की होड़ के बीच कैलिफोर्निया क्रांति ने विश्व को सूचना प्रौद्योगिकी का उपहार दिया था। इस बड़े परिवर्तन ने संपूर्ण मानव समाज को एक बड़ा अवसर प्रदान किया पूरी कार्यप्रणाली को सरल बनाने और संपूर्ण सामाजिक व्यवस्था को पारदर्शी बनाने का उपहार भी दिया था।

**संजीव कुमार**

## आपके पत्र

## एक जिज्ञासा सभी से

प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सरकारी भवनों पर रोशनी की गई परंतु निजी व्यावसायिक भवनों, दुकानों और आवासों पर अंधेरा छाया रहा। क्या आजादी का उत्सव केवल सरकार के लिए है? क्यों आम नागरिक, विशेषकर दुकानदार अपनी दुकानों पर और निजी व्यापारिक कार्यालयों के संचालक एवं अधिकारी अपने कार्यालय भवनों पर दीपावली की तरह स्वतंत्रता दिवस एवं गणतंत्र दिवस पर रोशनी नहीं करते? एक जिज्ञासा।

**- एल. एस. हरदेनिया**
**पत्रकार एवं संयोजक राष्ट्रीय सेक्युलर मंच**

## हिमाचल में सदी की सबसे बड़ी त्रासदी, कुदरत का रौद्ररुप

हिमाचल प्रदेश में कुदरत ने कहर ढाया है जिसकी क्षति की पूर्ति करना शायद इसलिए संभव नहीं है कि भवनों, रेलवे लाइन और मन्दिर की क्षतिपूर्ति करना कठिन तो है,फिर भी मुमकिन है, लेकिन लोगों की मौत की क्षतिपूर्ति मनुष्य के हाथ में नहीं है। हर एक व्यक्ति कुदरत के रौद्ररूप से लाचार है। शिमला पर पहाड़ गिरने से मलबे में दबे लोगों की मौत हुई है। महीने भर में बारिश में करीब दो सौ लोग मारे गए हैं। मन्दिर के गर्भगृह में दबे लोगों के लिए बचाव के कार्य युद्ध स्तर से किये गए हैं,लेकिन अभी तक कोई जीवित शायद ही निकल पाए। यह कुदरत की मार है जिसके चलते करीब तीन सौ पर्यटकों के फंसने का अनुमान था। पहाड़ बारिश का कहर नहीं झेल पा रही है। सुखविंदर सुक्खू के लिए मेन्टेन्स करना मुश्किल होता जा रहा है। दस हजार करोड़ का नुकसान सदी की बड़ी त्रासदी बताया गया। उत्तराखण्ड में चारधाम यात्रा के मार्ग टूटे हैं तो मन्दिर जाने वाले रूट की रेल पटरी हवा में झूलती नजर आई थी। नीचे से पहाड़ खिसक गया। शिमला और समारहिल पहाड़ी पर स्थित शिव मंदिर पहाड़ दरकने से मलबे की ढेर में समा गया था और मन्दिर के मलबे को करीब एक किमी दूर ले गया है। भूस्खलन की चपेट में आ गया है। तेज बारिश के कारण पहाड़ की गलन बढ़ गई है जिससे लोगों का जीना दुश्वार हो गया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू ने हालात का जायजा लिया और यथासंभव मदद करने का आश्वासन दिया है। भारी भरकम नुकसान ने सरकार के कान खड़े कर दिए हैं। लोगों की जान जाने से स्थिति दयनीय बन गई है। चट्टानों की दरारों से पानी रिसने के कारण नुकसान बढ़ता जा रहा है। देश में शिमला की त्रासदी बहुत ज्यादा है। 12 सौ सड़कें बन्द हैं। 120 साल पुराना ट्रेक बारिश के कारण दहक गया है। इस आफत से बचने के लिए लोगों की हर तरह की मदद दी जा रही है। सरकार की मदद किसी भी हालत से मिलनी चाहिए। जो लोग बेघर हुए हैं ।उनके पुनर्वास की जवाबदेही सरकार की है, लेकिन अभी उनके खाने-पीने और रहने की व्यवस्था सरकार की प्राथमिकता पर ध्यान देना आवश्यक है। कालका-शिमला ट्रेक पर रेल पटरी हवा में झूलती जा रही है। इस लाइन के रिनोवेशन और फिर से ट्रेन सुचारू रूप से चालू करने करना सरकार की बड़ी जिम्मेदारी है।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*
*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

# देश विदेश

## नाइजीरिया के राष्ट्रपति ने नए कैबिनेट सदस्यों की सूची जारी की

**अबुजा।** नाइजीरिया के राष्ट्रपति बोला टीनुबू ने लगभग तीन महीने पहले पदभार संभालने के बाद बुधवार को कैबिनेट मंत्रियों की एक सूची जारी की। राष्ट्रपति के प्रवक्ता अजुरी नगेलेले ने यहां मीडिया को बताया कि कैबिनेट को अभी घोषित तारीख पर शपथ दिलाई जाएगी। श्री टीनुबू के सबसे करीबी सलाहकारों में से एक, वेले एडुन को वित्त मंत्री नामित किया गया। अन्य कैबिनेट सदस्यों में विदेश मामलों के मंत्री यूसुफ तुग्गर , रक्षा मंत्री मोहम्मद बदरू अबुबकर और परिवहन मंत्री एडेगबॉयेगा ओयेटोला शामिल है। राष्ट्रपति के राष्ट्रीय एकता और सक्षम सरकार के वादे के अनुसार कैबिनेट में विपक्षी सदस्य भी शामिल है।

# अफगानिस्तान में सभी 70 राजनीतिक पार्टियों पर प्रतिबंध

■ तालिबान ने इन्हें इस्लामिक कानून के खिलाफ बताया ■ कहा, कानून में राजनीतिक पार्टियों का कोई वजूद नहीं

**काबुल,** 17 अगस्त (एजेंसियां)। अफगानिस्तान में तालिबान ने सभी राजनीतिक दलों पर बैन लगा दिया है। तालिबान के मुताबिक, ये शरिया (इस्लामिक) कानून के खिलाफ है।

तालिबान सरकार में मिनिस्टर ऑफ जस्टिस अब्दुल हकीम शरेई ने कहा- मुस्लिमों के लिए बना शरिया कानून ही उनके जीवन का आधार होता है। इस कानून में पॉलिटिकल पार्टीज का कोई वजूद नहीं है। वॉइस ऑफ अमेरिका के मुताबिक, काबुल में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान जस्टिस मिनिस्टर ने कहा- शरिया में राजनीतिक दलों की कोई जगह नहीं है। इसे देश के हित में नहीं माना जाता है और न ही देश इसे पसंद करता है। तालिबान के सत्ता में आने पर करीब 70 राजनीतिक दलों ने जस्टिस मिनिस्ट्री में रजिस्टर करवाया था। उस वक्त तालिबान ने इन्हें बैन करने के संबंध में कुछ नहीं कहा था।



### *मान्यता की मांग कर रहा तालिबान*

*अफगानिस्तान लगातार दुनिया से उसे मान्यता देने की मांग करता रहा है। जुलाई के आखिरी हफ्ते में तालिबान के कार्यकारी रक्षा मंत्री मुल्लाह मोहम्मद याकूब मुजाहिद ने एक साक्षात्कार में कहा था कि सरकार ने मान्यता हासिल करने के लिए सारी जरूरतों को पूरा किया है।*

### तालिबान की वापसी को 2 साल पूरे

मंगलवार को तालिबान के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने कहा था- हम काबुल पर जीत की दूसरी सालगिरह पर अफगानिस्तान और यहां के लोगों को बधाई देना चाहते हैं। अल्लाह की मदद से ही हम ये जीत हासिल कर सकते हैं। मुजाहिद ने कहा था- अब जब देश में पूरी तरह से सुरक्षा सुनिश्चित की जा चुकी है, हम एक लीडरशिप के नेतृत्व में रह रहे हैं। देश में हर जगह इस्लामिक सिस्टम के आधार पर काम किया जाता है और इसी के हिसाब से फैसले भी लिए जाते हैं।

## लीबिया में त्रिपोली के संघर्ष प्रभावित इलाकों से 300 परिवारों को निकाला



**सहायता केंद्र के प्रवक्ता दी जानकारी**

**बेंगाजी,** 17 अगस्त (एजेंसियां)। लीबिया की राजधानी त्रिपोली में सशस्त्र संघर्ष से प्रभावित इलाकों से लगभग 300 परिवारों को निकाला गया है। लीबिया की राष्ट्रीय एकता सरकार (जीएनयू) के स्वास्थ्य मंत्रालय के आपातकालीन चिकित्सा और सहायता केंद्र के प्रवक्ता मलिक मार्सिट ने बुधवार को यह जानकारी दी। श्री मार्सिट ने कहा, आपातकालीन चिकित्सा और सहायता केंद्र ने त्रिपोली के कई इलाकों में झड़पों में फंसे 296 से अधिक परिवारों को निकाला है। प्रवक्ता ने कहा कि बुधवार को त्रिपोली में शांति रही एवं झड़प प्रभावित क्षेत्रों में नियमित आवाजाही बहाल हो गई है और दुकानें फिर से संचालित होने लगी हैं। स्थानीय मीडिया ने पहले दिन में रिपोर्ट दी थी कि त्रिपोली में दो दिनों की झड़पों में कुल 55 लोग मारे गए हैं।

### झड़पों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 55 पहुंची

**त्रिपोली।** लीबिया की राजधानी त्रिपोली में सोमवार को हुई झड़पों में मरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 55 हो गयी और 126 घायल हो गये। रिपोर्ट में कहा गया है कि पीड़ितों में नागरिक और सुरक्षाकर्मी शामिल हैं, जबकि कई शव अज्ञात हैं।

## सुडोकू 6289

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 9 | | | 3 | 8 |
| 8 | | | 5 | | | 1 | | |
| | | 1 | | | 3 | 4 | 5 | |
| 6 | | | | | 5 | | 8 | |
| | 5 | | | | | | 6 | |
| | 8 | | 2 | | | | | 7 |
| | 7 | 2 | 1 | | | 6 | | |
| | | 8 | | | 2 | | | 3 |
| 3 | 6 | | | 4 | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : शुक्रवार 18 अगस्त, 2023 श्रावण कृष्ण पक्ष 15

### राशिफल

मेष -स्वभाव में उग्रता और जिद्दीपन पर संयम रखें। शारीरिक मानसिक अस्वस्थता अनुभव करेंगे। अधिक परिश्रम के अंत में कम सफलता से निराशा पैदा होगी। संतान के मामले में चिंता पैदा होगी। पेट संबंधी बीमारियों से परेशान होंगे।

वृषभ -आप सभी काम दृढ़ आत्मविश्वास और अटल मनोबल के साथ कर सकेंगे। पिता या पैतृक संपत्ति से लाभ होगा। सरकार अथवा उनके साथ के आर्थिक व्यवहार से लाभ होगा। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई में अच्छा प्रदर्शन कर सकेंगे।

मिथुन -नई योजनाओं को अमल में लाने के लिए शुभ दिन है। नौकरीपेशा लोगों को अधिकारियों तथा सरकार की तरफ से परिश्रम का खूब अच्छा फल मिलेगा। पड़ोसियों, भाई-बहनों तथा मित्र मंडल के साथ आनंदपूर्वक समय व्यतीत होगा।

कर्क -गलतफहमी और नकारात्मक व्यवहार आपके चित्त में ग्लानि का भाव पैदा करेंगे। स्वास्थ्य में विशेषरूप से आंख की तकलीफ होगी। पारिवारिक सदस्यों के साथ मनमुटाव होगा। काम के संबंध में संतोष की भावना जागेगी।

सिंह -आज किसी भी काम के संबंध में आत्मविश्वास के साथ त्वरित निर्णय ले सकेंगे। पिता तथा बुजुर्गों का सहयोग मिलेगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आपके स्वभाव में क्रोध और व्यवहार में उग्रता रहेगी। इस पर अंकुश रखें।

कन्या -आज आपके इगो के कारण तकरार होने की आशंका है। शारीरिक और मानसिक चिंता के साथ आज का दिन व्यतीत होगा। स्वभाव में उत्तेजना से काम बिगड़ने की संभावना रहेगी। परिजनों और मित्रों के साथ अनबन होगा।

तुला -आपका आज का दिन शुभफलदायक और लाभप्रद है। मित्रों के साथ मिलना-जुलना या पर्यटन का आनंद मिलेगा। परिवार में खुशी का वातावरण रहेगा। पुत्र और पत्नी से सुख संतोष का अनुभव होगा।

वृश्चिक -आज गृहस्थजीवन की सार्थकता आपको समझ में आएगी। घर में आनंद उल्लास का वातावरण रहेगा। आपके सभी काम सरलता से पूरा होंगे। व्यापारियों को व्यापार में अच्छे अवसर मिलेंगे।

धनु -आज आपको तबीयत का ध्यान रखने की जरुरत है। काम करने में उत्साह उमंग का अभाव रहेगा। मन चिंता में रहेंगे। संतानों की समस्या इसका कारण हो सकती है। व्यवसाय और नौकरी में तकलीफ खड़ी होगी।

मकर -नकारात्मक विचार हावी न होने दें। क्रोध को काबू में रखने से बहुत सी आफतों से बच जाएंगे। भागीदारों के साथ संबंध खराब होगा। अचानक प्रवास करने के संयोग खड़े होंगे। उनके पीछे खर्च करने पड़ेंगे।

कुंभ -आपका आज का दिन प्रसन्नतापूर्वक बीतेगा। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी, इस कारण कार्य सफलता में सरलता होगी। स्वभाव में बिंदासपन आपको मन से ताजा रखेगा।

मीन -मन की दृढ़ता और आत्मविश्वास आपका काम सफल बनाएंगे। परिवार में सुख-शांति और आनंद का वातावरण रहेगा। गुस्से के कारण आपकी वाणी व्यवहार में उग्रता न आए इसका ख्याल रखें।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## नाइजर में सशस्त्र हमले में 31 लोगों की मौत

**नियामे,** 17 अगस्त (एजेंसियां)। नाइजर में हाल ही में हुए सशस्त्र बलों द्वारा हमलों में करीब 31 लोग मारे गए। एक्टुनिगर समाचार पोर्टल ने गुरुवार को सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी। रिपोर्ट में बताया गया कि नाइजीरियाई गांवों पर 15 अगस्त को सशस्त्र बलों ने हमला किया था, जिसमें करीब 31 लोग मारे गए।

सभी पीड़ित टिल्लाबेरी के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र के नागरिक थे। 26 जुलाई को नाइजर में तख्तापलट हुआ। राष्ट्रपति मोहम्मद बज़ौम को जनरल अब्दौराहमाने त्चियानी के नेतृत्व में उनके ही गार्ड ने अपदस्थ कर दिया और हिरासत में ले लिया। तख्तापलट के बाद, पंद्रह देशों का एक क्षेत्रीय राजनीतिक और आर्थिक संघ (इकोवास) ने नाइजर की सभी वित्तीय सहायता निलंबित कर दी और विद्रोहियों की संपत्ति जब्त कर ली। इसके अलावा, देश से आने-जाने वाली वाणिज्यिक उड़ानों पर प्रतिबंध लगा दिया। अगस्त की शुरुआत में, इकोवास नेताओं ने नाइजीरिया की राजधानी अबूजा में शिखर सम्मेलन के दौरान बज़ौम को बहाल करने के लिए एक अतिरिक्त बल को सक्रिय करने पर सहमति व्यक्त की।

## अमेरिका में हवाई प्रांत के जंगलों में भीषण आग, मरने वालों की संख्या बढ़कर 110 हुई

**हवाई,** 17 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिका में हवाई प्रान्त के जंगलों में लगी भीषण आग से मरने वालों की संख्या बढ़कर 110 तक पहुंची।


प्रांतीय गवर्नर जोश ग्रीन ने कहा कि अमेरिका के इतिहास में जंगलों में आग लगने की यह सबसे भीषण घटना है। श्री ग्रीन ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, एक सौ दस लोगों के मरने की पुष्टि की गई है। हम जंगल की आग पर काबू पाने और लोगों को बचाने के लिए और अधिक आपदा स्थल की तैनात कर रहे हैं। गवर्नर ने ट्वीट किया कि अधिकारियों ने बुधवार तक करीब 910 लोगों को 369 किराए के कमरों में शरण दी है। उन्होंने कहा कि हमारे पास दीर्घकालिक किराये के लिए 700 प्रस्ताव हैं और 13 परिवारों को पहले ही रखा जा चुका है। व्हाइट हाउस के प्रेस सचिव कैरिन जीन-पियरे ने बुधवार को कहा था कि राष्ट्रपति जो बिडेन और प्रथम महिला जिल बिडेन क्षेत्र में सबसे भीषण जंगल की आग से बचाए गए लोगों और अधिकारियों से मिलने के लिए 21 अगस्त को माउ के दौरे पर जाएंगे। उल्लेखनीय है कि हवाई में जंगल की आग शुष्क और गर्म मौसम के कारण लगी। इसके अलावा, यहां तूफानी हवाओं से यह आग और अधिक फैल गयी।



### अमेरिकी राष्ट्रपति माउ का दौरा करेंगे

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और प्रथम महिला जिल बाइडन हवाई के जंगलों में लगी भीषण आग के मद्देनजर 21 अगस्त को माउ का दौरा करेंगे। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन जीन-पियरे ने बुधवार कहा कि राष्ट्रपति और प्रथम महिला 21 अगस्त को माउ की यात्रा करेंगे और द्वीप के जंगलों में लगी भीषण आग से जीवित बचे लोगों सहित संघीय, राज्य और स्थानीय अधिकारियों से मुलाकात करेंगे।

## तटरक्षक बल ने समुद्र में फंसे बीमार चीनी नागरिक को सुरक्षित निकाला



**चीनी नागरिक को पड़ गया था दिल का दौरा**

**नई दिल्ली,** 17 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय तटरक्षक बल ने तत्परता दिखाते हुए बुधवार मध्यरात्रि अरब सागर में एक समुद्री पोत के चालक दल में शामिल बीमार चीनी नागरिक को प्रतिकूल परिस्थितियों में सुरक्षित बचा लिया।चीनी नागरिक अनुसंधान पोत एमवी डोंग फैंग कॉन टैन नंबर 2 के चालक दल का सदस्य है। जब यह पोत मुंबई से लगभग 200 किलोमीटर दूर अरब सागर में था तो चीनी नागरिक को दिल का दौरा पड़ गया।


मुंबई में समुद्री बचाव समन्वय केंद्र को जब चालक दल में शामिल यिन वेइगयांग को दिल का दौरा पड़ने की जानकारी मिली तो उसे तत्काल चिकित्सा सहायता देने का निर्णय लिया गया। केन्द्र ने चीन से संयुक?त अरब अमीरात जा रहे जहाज के साथ तुरंत संवाद कायम किया और आवश्यक टेलीमेडिसिन सलाह प्रदान की। चीनी नागरिक को तत्काल सुरक्षित निकालने के बाद एयरलिफ्ट कर प्राथमिक उपचार दिया गया। बाद में उन्हें समुचित उपचार के लिए जहाज के एजेंट के पास भेज दिया गया। भारतीय तटरक्षक ने इस ऑपरेशन को प्रतिकूल मौसम और अंधेरे में अजाम दिया।

## ताइवान के उपराष्ट्रपति सैन फ्रांसिस्को पहुंचे



**सैन फ्रांसिस्को,** 17 अगस्त (एजेंसियां)। ताइवान के उपराष्ट्रपति और राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार लाई चिंग-ते गुरुवार को बीजिंग की पारगमन यात्रा की निंदा के बावजूद पराग्वे से वापस आते समय सैन फ्रांसिस्को पहुंचे। चीन में अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के वरिष्ठ निदेशक लौरा रोसेनबर्गर और अमेरिका में ताइवान के प्रतिनिधि हिसयाओ बी-खिम ने लाई का स्वागत किया। लाई ने ट्विटर पर कहा, सैन फ्रांसिस्को में वापस आने के लिए उत्साहित हूं। बेएरिया में अपने कई दोस्तों को देखने के लिए उत्सुक हूं। हवाई अड्डे पर मेरा स्वागत करने के लिए रोसेनबर्गर और हिसयाओ को धन्यवाद। दूसरी तरफ चीन ने अमेरिका के माध्यम से पारगमन पर कड़ा असंतोष व्यक्त किया है और लाई की देश यात्रा की निंदा की है। ताइवान 1949 से मुख्य भूमि चीन से स्वतंत्र रूप से शासित है। बीजिंग इस द्वीप को अपने प्रांत के रूप में देखता है, जबकि ताइवान का कहना है कि यह एक स्वायत्त देश है, लेकिन स्वतंत्रता की घोषणा करने से कतराता है।

## वर्ग पहेली 6289



**बायें से दायें:-**

१. अपने ऊपर बीती घटनाओं का वृत्तांत
३. रणनायक
५. बल्कि, लेकिन. फिर भी
६. कारण, हेतु, उद्देश्य (उर्दू)
७. शर्म, लज्जा
९. सड़ी-गली वस्तुएं आदि की दुर्गंध
१०. मदिरालय
१२. ललक, गहरी इच्छा
१३. उपचार, चिकित्सा (उर्दू)
१४. सुकुमारता (उर्दू)
१५. संग रहने वाला
१८. ज्ञात-मालूम
२०. प्रतिष्ठा, सीमा
२१. रसीला
२३. रुधिरवर्ग (ब्लड ग्रुप)

**ऊपर से नीचे:-**

१. भरोसा देना, विश्वास दिलाना
२. अज्ञानी से ज्ञानभरी बातें करना, मुहावरा है भैंस के आगे...
३. पुल
४. पावन, शुद्ध
५. मौका, समय
८. श्रीकृष्ण
१०. पवित्र (उर्दू)
११. नष्ट, तबाह (उर्दू)
१२. शर्म, हया
१३. वगैरह
१४. घोंसला, रहने की जगह (उर्दू)
१५. ऋणी (उर्दू)
१७. बादल (उर्दू)
१८. तरक्की
१९. भांति, प्रकार
२२. खुदा, ईश्वर (उर्दू)

### वर्ग पहेली-6288

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बे | ला | २ प | त्र | ३ क | ■ | ४ क | ष्ट | ५ प्र | द |
| ध | ■ | र | ■ | ६ टु | क | ड़ा | ■ | त्य | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | ८ | | | ९ |
| ला | ■ | ट | ■ | १० च | ल | न | ■ | ■ | न्नी |
| ■ | ११ स | ना | १२ त | न | ■ | ■ | १३ त | ड़ | का |
| ■ | जी | ■ | रू | ■ | १४ प्र | ब | ल | ■ | ट |
| १५ अ | व | १६ गु | ण | ■ | ति | ■ | १७ ब | १८ स | ना |
| नि | ■ | रू | ■ | १९ स | मा | २० ज | ■ | फ | ■ |
| २१ वा | रि | ज | ■ | वे | ■ | २२ न | क | ल | २३ ची |
| र्य | ■ | २४ न | का | रा | त्म | क | ■ | ■ | ख |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1800-लार्ड वेलेजली के द्वारा कलकत्ता में फोर्ट विलियम कॉलेज की स्थापना।
1868-फ्रांस के खगोलविद पियरे जेनसीन ने हिलियम की खोज की।
1891-कैरेबियाई द्वीप मार्टिनीक्यु में चक्रवाती तूफान से 700 लोगों की मौत।
1936-प्रसिद्ध गीतकार, कवि और फ़िल्म निर्देशक गुलज़ार का जन्म।
1945-स्वतन्त्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस का निधन।
1949-हंगरी ने संविधान अंगीकार किया।
1951-पश्चिम बंगाल के खड़गपुर में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान की स्थापना।
1959-भारतीय जनता पार्टी की प्रसिद्ध महिला नेत्री निर्मला सीतारमण का जन्म।
1963-अमेरिका में जेम्स मेरीडिथ मिसिसीपी विश्वविद्यालय से स्नातक करने वाला पहला अश्वेत व्यक्ति।
1982-सोवियत संघ द्वारा एक महिला अंतरिक्ष यात्री अंतरिक्ष स्टेशन सेल्युत-7 के लिए भेजी गई।
1985-भारत की प्रसिद्ध महिला पहलवान गीतिका जाखड़ का जन्म।
1999-तुर्की में भूकम्प से लगभग 45000 लोगों की मौत।
2000-इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को हराकर दो दिन में टेस्ट जीतने का इतिहास रचा।
2006-बंगलादेश के पूर्व राष्टपति एच.एम. इरशाद को विशेष अदालत ने भ्रष्टाचार के मामले में बरी किया।
2007-विवादास्पद ब्रिटिश गायिका लिली एलेन के अमेरिका में घुसने पर प्रतिबन्ध लगा।
2008-उत्तर प्रदेश में मायावती सरकार ने छठे वेतन आयोग की सिफारिशों को लागू करने की घोषणा की।

**राहत** *18 वर्ष से अधिक आयु के सभी लोगों के लिए लाई गई योजना*

# बांग्लादेश में यूनिवर्सल पेंशन योजना का शुभारंभ

**ढाका, 17 अगस्त (एजेंसियां)। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने देश में 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी लोगों के लिए यूनिवर्सल पेंशन योजना का गुरुवार को शुभारंभ किया। सुश्री हसीना ने अपने सरकारी आवास गणभवन में प्रगति, सुरोक्खा, समता और प्रबासी पेंशन योजना की लॉचिंग की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यूनिवर्सल पेंशन योजना के तहत चार योजनाओं का आज शुभारंभ किया गया तथा अन्य योजनाएं बाद में लॉन्च की जाएगी।**

उन्होंने कहा, राष्ट्रपिता बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान की आत्मा यह देखकर प्रसन्न होगी कि उनकी सरकार देश के लोगों को एक सुंदर और बेहतर जीवन देने की कोशिश कर रही है, जिसके लिए उन्होंने अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि यूनिवर्सल पेंशन योजना का मुख्य लक्ष्य देश के 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी लोगों को इसके दायरे में लाना है और वे 60 वर्ष की आयु के बाद जीवन भर पेंशन सुविधा का आनंद लेंगे। पेंशन योजना के लिए आयु सीमा प्रारंभ में 50 वर्ष निर्धारित की गई थी जिसे बाद में संशोधित किया गया। 50 वर्ष से अधिक उम्र के लोग भी लगातार 10 वर्षों तक किस्तें चुकाकर पेंशन सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। प्रगति योजना निजी नौकरी धारकों के लिए, सुरोक्खा स्व-रोज़गार व्यक्तियों के लिए, समता कम आय वाले लोगों के लिए और प्रबाशी योजना प्रवासी बंगलादेशियों के लिए लागू होगी। र्यक्रम को वित्त मंत्री एएचएम मुस्तफा कमाल और बंगलादेश बैंक के गवर्नर अब्दुर रौफ तालुकदार ने भी संबोधित किया। प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव मोहम्मद टोफाजेल हुसैन मिया ने समारोह का संचालन किया।



### बांग्लादेश में श्रृंखलाबद्ध बम विस्फोटों की 18वीं बरसी मनाई

**ढाका।** बांग्लादेश के 63 जिलों में सिलसिलेवार बम विस्फोटों की 18वीं बरसी गुरुवार को मनाई गई। वर्ष 2005 में आज ही के दिन 63 जिलों में 434 स्थानों पर लगभग 500 बम विस्फोट हुए थे। विस्फोट की घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई थी और 50 से अधिक लोग घायल हुए थे। इस तबाही के पीछे प्रतिबंधित समूह जमात-उल-मुजाहिदीन बंगलादेश (जेएमबी) का हाथ था। पुलिस मुख्यालय के अनुसार बम विस्फोटों के संबंध में देश भर के विभिन्न पुलिस स्टेशनों में लगभग 159 मामले दर्ज किए गए थे। कुल 94 मामलों की सुनवाई पहले ही पूरी हो चुकी है, जिनमें से 334 को अलग-अलग जेल की सजा सुनाई गई।

## दुनिया को जानें

### डॉक्टरों ने महिला के शरीर से 15 किलो से भारी सिस्ट निकाला

**लंदन,** 17 अगस्त (एजेंसियां)। डॉक्टरों ने ब्रिटेन की एक महिला के पेट से 15 किलोग्राम से अधिक वजन का एक बड़ा सिस्ट निकाला है, जो उसके अनुसार इतना बड़ा था कि वह गर्भवती लग रही थी। न्यूयॉर्क पोस्ट ने बताया कि 26 वर्षीय सियोभान फोस्टर को मार्च 2022 में कष्टदायी पेट दर्द शुरू हुआ। डॉक्टरों को बाद में एक विशाल 40 सेमी (लगभग 15.7 इंच) सिस्ट का पता चला, जिसमें उसके चौड़े लिगामेंट पर, जिसमें अंडाशय, फैलोपियन ट्यूब और गर्भाशय की रक्त वाहिकाएं होती हैं, 16 लीटर तरल पदार्थ था। यह खबर सबसे पहले साउथ वेस्ट न्यूज सर्विस द्वारा रिपोर्ट की गई थी। फोस्टर के हवाले से कहा गया, यह बहुत बड़ा था और मुझे सांस लेने, खाने में दिक्कत हो रही थी। उन्होंने कहा, लोग सोच रहे थे कि वह गर्भवती है। हालांकि, फोस्टर के लिए सर्जरी की राह आसान नहीं थी। प्रक्रिया को 11 महीने के लिए स्थगित कर दिया गया क्योंकि उसे ब्रिटेन की राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा, देश की सार्वजनिक रूप से वित्त पोषित स्वास्थ्य सेवा प्रणाली द्वारा सिस्ट को हटाने के लिए प्रतीक्षा सूची में रखा गया था। उन 11 महीनों में, फोस्टर का सस्टि एक बच्चे के आकार का हो गया।

# प्रादेशिकी

### ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से मजदूर की मौत

**हिसार,** 17 अगस्त (एजेंसियां)। हरियाणा में सुबह यहां कैंट क्षेत्र में ट्रैक्टर- ट्रॉली की चपेट में आने से एक मजदूर बृजकिशोर (46) की जान चली गई। पुलिस ने बताया कि बृजकिशोर खेत में काम कर रहे अपने साथियों के लिये खाना लेने जा रहा था कि रास्ते में ट्रैक्टर- ट्रॉली की चपेट में आकर गम्भीर रूप से घायल हो गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक का शव नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। साथी मजदूरों ने पुलिस से आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज करने और उसे गिरफ्तार करने की मांग की है।

## हिमाचल में तीन दिनों में आपदा से 71 लोगों की मौत, राहत बचाव कार्य जारी

**शिमला,** 17 अगस्त (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश में पिछले तीन दिनों में मूसलाधार बारिश और भूस्खलन की घटनाओं में 71 लोगों की मौत हो गयी है और कई अन्य लोग लापता हैं। राजधानी शिमला के उपनगर समरहिल क्षेत्र में भूस्खलन से जमींदोज हुए शिव बावड़ी मंदिर में लापता लोगों को निकालने का राहत कार्य जारी है। हादसे के चौथे दिन गुरुवार को राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ), पुलिस, होमगार्ड, स्थानीय लोगों ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। आज पूर्वाह्न 10 बजे के करीब घटनास्थल के नीचे नाले में एक और शव बरामद हुआ है।



मौसम विभाग के अनुसार 18 से 20 अगस्त तक दोबारा प्रदेश में भारी बारिश का येलो अलर्ट है। प्रदेश में कल शिमला समेत अधिकांश जिलों में मौसम साफ रहा। प्रदेश में तीन दिनों के भीतर ही बारिश और भूस्खलन के कारण 71 लोग दम तोड़ चुके हैं। वहीं पौंग बांध से पानी छोड़ने से कांगड़ा जिले का इंदौरा और फतेहपुर क्षेत्र जलमग्न हो गए हैं। यहां मंगलवार और बुधवार को दो दिनों में 1,731 लोगों को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया गया। आपदा प्रबंधन के प्रमुख सचिव ओंकार चंद शर्मा ने कहा कि 13 से 15 अगस्त तक लगातार बारिश ने कुल 71 लोगों की जान ले ली है, जबकि इस मानसून में लगभग 7,500 करोड़ रुपये का नुकसान होने का अनुमान लगाया गया है।

इस बीच हेलिकाप्टर से 739, नाव से 780 और अन्य माध्यमों से 212 लोग सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाए गए। पानी भरने से दोनों क्षेत्रों में काफी नुकसान हुआ है। कुल्लू के आनी उपमंडल की पोखरी पंचायत के रगेली गांव में दो मकान भूस्खलन की चपेट में आए। इससे एक ही परिवार के तीन लोग मलबे में दब गए। भूस्खलन के कारण घर से करीब दस किलोमीटर दूर तीनों के शव मिले। किन्नौर जिले के कल्पा खंड के पांगी गांव के दुनंग कंडे (काशंग नाला) में चट्टानों की चपेट में आने से दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। चंबा जिले के चुवाड़ी स्थित कलम खड्ड में दोस्तों के साथ नहाने उतरे 14 वर्षीय युवक की पानी के तेज प्रवाह में बहने से मौत हो गई। कांगड़ा जिले के धीरा के परमार नगर गांव में करीब 30 मकान धंस गए हैं। जमीन धंसने का पता चलते ही गांव खाली कर दिया था। ज्वालामुखी के साथ अधवानी पंचायत के क्रशर में फंसे 67 लोगों को एनडीआरएफ ने सुरक्षित निकाल लिया है। खुंडियां तहसील के अंबाड़ा गांव में 20 परिवार बेघर हो गए हैं। सड़कें बंद होने से कुल्लू में ईंधन और रसोई गैस की किल्लत हो गई है। पौंग बांध से पानी छोड़ने की वजह से इंदौरा और फतेहपुर में बाढ़ आ गई। वायु सेना के चिनूक हेलिकाप्टर ने जेसीबी मशीन को हुक से हवा में लटकाकर अनाडेल हेलीपैड पर उतारा। एडीएम प्रोटोकॉल ज्योति राणा ने बताया कि हेलिकाप्टर की सुरक्षित लैंडिंग की गई। उन्होंने कहा कि जुलाई के पूरे महीने की तुलना में इन तीन दिनों में सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। हिमाचल में विभिन्न क्षेत्रों में 1,220 सड़कें बंद हैं। दो हजार से ज्यादा रूट प्रभावित रहे। पेयजल स्रोतों में गाद आने से लोगों के घरों में पानी नहीं जा रहा है। मंडी की सबसे ज्यादा 541 समेत 1,235 पानी की स्कीमें ठप हैं।

## 'हिमाचल में भारी बारिश, भूस्खलन से 10,000 करोड़ का नुकसान'

**शिमला,** 17 अगस्त (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश में भारी बारिश, भूस्खलन के कारण पूरे राज्य में भारी तबाही हुई है और इस आपदा से लगभग 10,000 करोड़ (अनुमानित) का नुकसान हुआ है।



मंडी जिले के सरकाघाट में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बड़े पैमाने पर भारी बारिश और भूस्खलन के कारण पूरे राज्य में तबाही हुई है। आपदा से लगभग 10,000 करोड़ रुपये का अनुमानित नुकसान हुआ है। इन कठिन चुनौतियों के बावजूद प्रदेश सरकार उपलब्ध संसाधनों का समुचित उपयोग करके आपदा प्रभावितों को को सहायाता राशि प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री ने आज मंडी जिला के सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र में भारी बारिश से प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने मतैहड़ी, बलद्वाड़ा तथा जुकैण क्षेत्र में पहुंचकर प्रभावित लोगों से संवाद किया और राज्य सरकार की ओर से उन्हें हर संभव मदद के प्रति आश्वस्त किया। श्री सुक्खू ने सार्वजनिक एवं निजी संपत्ति को हुए नुकसान के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाने की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त मकानों की मरम्मत के लिए प्रभावित परिवारों को एक-एक लाख रुपये की राशि प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री ने प्राकृतिक आपदा से सीधे प्रभावित ग्राम पंचायत गैहरा के 23 प्रभावित परिवारों से भी संवाद किया और इनमें से प्रत्येक परिवार को एक-एक लाख रुपये प्रदान करने की घोषणा की।

उन्होंने कहा कि विपदा की इस घड़ी में प्रदेश सरकार प्रत्येक प्रभावित परिवार को राहत प्रदान करने के लिए कृत संकल्प है। प्रभावित परिवारों को राहत शिविरों में रहने तथा अन्य सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने जिला प्रशासन को शिविरों में सर्वोत्तम सुविधाएं उपलब्ध करवाने के भी निर्देश दिए।

आम लोगों की ज़रूरतों को प्राथमिकता देने की सरकार की प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस आपदा से प्रभावित परिवारों को उनके घरों के पुनर्निर्माण के लिए बढ़ी हुई सहायता राशि और वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि आपदा के कारण किसानों की फसल को हुई क्षति की भरपाई के लिए राहत नियमावली में संशोधन किया जाएगा।

पत्रकारों के सवालों के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार की अंतरिम राहत की पहली किस्त अभी लंबित है। उन्होंने कहा कि ऑडिट आपत्तियों के कारण पिछले कुछ वर्षों से केन्द्र सरकार के पास लंबित 315 करोड़ रुपये की राहत राशि में से केन्द्र ने 189 करोड़ रुपये जारी किए हैं।

इसके अतिरिक्त राज्य आपदा राहत निधि (एसडीआरएफ) के तहत राज्य को प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान की भरपाई के लिए प्रति वर्ष दो किस्तों में कुल 360 करोड़ रुपये की राशि जारी की जाती है। केंद्र सरकार ने इसमें से 180 करोड़ रुपये की पहली किस्त जून में तथा दिसंबर में मिलने वाली 180 करोड़ रुपये की दूसरी किस्त राज्य को अग्रिम रूप से जारी कर दी है। इस 360 करोड़ रुपये की राशि पर हिमाचल प्रदेश का हक है, जो सभी राज्यों को प्रदान की जाती है और इसके अलावा केन्द्र की ओर से अलग से कोई वित्तीय सहायता जारी नहीं की गई है।

### सार संक्षेप

#### आईओसीएल पानीपत के विस्तार के लिए भूमि अधिग्रहण को मंजूरी

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने इंडियल ऑयल कॉर्पोरेशन की पानीपत रिफाइनरी के विस्तार के लिए साथ लगते आसन कलां, खंडरा तथा बाल जाटान गांवों की 349 एकड़ पंचायती जमीन का अधिग्रहण करने को मंजूरी प्रदान कर दी है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की अध्यक्षता में आज यहां उनके सरकारी निवास पर हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली भी उपस्थित थे। विस्तारीकरण के तहत आसन कलां की 140 एकड़, खंडरा की 57 एकड़ तथा बाल जाटान गांव की 152 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा। जमीन भाव के अलावा, रिफाइनरी अलग से 10 लाख रुपये प्रति एकड़ की दर से गांव के विकास कार्यों के लिए राशि का भुगतान करेगा। उल्लेखनीय है कि पानीपत रिफाइनरी कॉम्प्लेक्स 4200 एकड़ से अधिक क्षेत्र में स्थापित है। आईओसीएल ने रिफाइनरी के विस्तार के लिए राज्य सरकार ने लगभग 600 एकड़ जमीन देने का अनुरोध किया था जिसमें से 349 एकड़ सरकार की ओर से उपलब्ध कराई गई है।

#### डोर-टू-डोर सर्वे करने वाले बीएलओ होंगे सम्मानित : सारंगल

**जालंधर।** पंजाब में जालंधर के जिला उपायुक्त-सह-जिला चुनाव अधिकारी विशेष सारंगल ने गुरुवार को कहा कि मतदाता सूची के विशेष संशोधन के लिए जिन बीएलओ ने 20 अगस्त तक घर-घर सर्वेक्षण का काम शत-प्रतिशत पूरा कर लिया है, उनको सितंबर के पहले सप्ताह को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। जिला उपायुक्त ने बताया कि एक जनवरी 2024 के आधार पर मतदाता सूची के संशोधन को लेकर चल रहे कार्यक्रम अधीन मतदाताओं के विवरण के सत्यापन के लिए बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा घर-घर सर्वेक्षण का काम 21 जुलाई 2023 को शुरू किया गया था , जिसे 31 अगस्त तक पूरा किया जाना है। उन्होंने कहा कि इस सर्वेक्षण के दौरान बीएलओ द्वारा मतदाता सूची में पहले से दर्ज मतदाताओं के विवरण की जांच की जा रही है ताकि मतदाताओं के विवरण में कोई त्रुटि न हो। इसके इलावा, बीएलओ द्वारा ऐसे युवाओं, जिन्होंने अभी तक अपना वोट अभी नहीं बनी है, भविष्य के योग्य मतदाताओं, मृत/स्थानांतरित/एकाधिक प्रविष्टियों और मतदाता सूची में दर्ज विवरण की शुद्धता के बारे में भी डेटा एकत्र कर रहे है। उन्होंने कहा कि यह काम बूथ लेवल अधिकारी बीएलओ एप के द्वारा कर रहे है। उन्होंने जिले के सभी चुनाव अधिकारियों, सहायक चुनाव अधिकारियों रजिस्ट्रेशन पदाधिकारियों एवं पर्यवेक्षकों को इलाके का दौरा कर बीएलओ के कार्यों की जांच करने का निर्देश दिया।

## लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह की मेहनत रंग लाई

**शिमला,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार मके तेजतरार युवा लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह की मेहनत रंग लाई है । केंद्र में लगातार पैरवी करने का नतीजा है कि केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई-3) के बैच-1 के तहत वर्ष 2023-24 के लिए ग्रामीण क्षेत्रों की 254 सड़कों के उन्नयन को 2643.01 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की है। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने इसके लिए केन्द्र सरकार और विशेष तौर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री गिरिराज सिंह तथा केन्द्र के समक्ष हिमाचल के हितों की पैरवी करने पर मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू का आभार व्यक्त किया है।



- **प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-3 के अंतर्गत केन्द्र से 254 सड़कों के लिए 2643.01 करोड़ रुपए स्वीकृत**

विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चरण-3 में स्वीकृत इस राशि से प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों की 254 सड़कों के विस्तारीकरण एवं उन्नयन के कार्य किए जायेंगे, जिनकी कुल लम्बाई लगभग 2683 किलोमीटर है। उन्होंने कहा कि स्वीकृत राशि में केन्द्र का भाग 2372.59 करोड़ रुपये होगा जबकि राज्य का भाग 270.42 करोड़ रुपये है। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश हित के मुद्दे केन्द्र सरकार के समक्ष जोरदार ढंग से उठा रही है। उन्होंने कहा कि गत दिनों उन्होंने स्वयं भी दो बार तथा लोकसभा सांसद एवं कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह के साथ केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री से भेंट कर यह राशि शीघ्र स्वीकृत करने का आग्रह किया था। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश की ओर से भेजे गए प्रस्ताव पर 12 जून, 2023 को आयोजित अधिकार प्राप्त समिति की बैठक में इस पर विचार किया गया। समिति की अनुशंसा एवं प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत किए गए अनुपालना प्रतिवेदन के आधार पर अब केन्द्रीय मंत्रालय ने अब इसे स्वीकृति प्रदान की है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि भारी बरसात के कारण प्रदेश में सड़क अधोसंरचना को सर्वाधिक नुकसान हुआ है। सभी मुख्य मार्गों को बहाल करने के लिए प्रदेश सरकार तथा लोक निर्माण विभाग युद्ध स्तर पर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तृतीय चरण के अंतर्गत ग्रामीण स्तर पर सड़कों के उन्नयन एवं सुधारीकरण में मदद मिलेगी।

## केंद्र ने आपदा के नाम पर हिमाचल सरकार को कुछ नहीं दिया : नरेश चौहान

**शिमला,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि राज्य प्राकृतिक आपदा और बाढ़ की चपेट में है और केंद्र सरकार ने अभी तक केंद्रीय मदद नहीं दी। पहले कुल्लू, मंडी में मानसून की भारी बारिश ने तबाही मचाई थी और उसके बाद शिमला, मंडी व सोलन में 71 लोगों की मौत हो चुकी है। आर्थिक संकट से जूझ रही प्रदेश सरकार को संकट का सामना करना पड़ रहा है। सचिवालय में आयोजित पत्रकार सम्मेलन में प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने कहा कि केंद्रीय मदद नहीं मिलने के बावजूद प्रदेश सरकार ने राहत कार्यों के लिए धन की कमी आड़े नहीं आने दी है। उनका कहना था कि केंद्रीय टीमें बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करके लौट गई हैं मगर अभी तक केंद्र सरकार ने मदद प्राप्त नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू प्रदेश के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का ग्राऊंड जीरो पर जाकर जायजा ले रहे हैं, प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहायता प्रदान कर रहे हैं।



उन्होंने कहा कि जिस तरह से प्रदेश के हर हिस्से में नुकसान हो चुका है, वहां पर पुनर्निर्माण करने के लिए कम से कम तीन साल लगेंगे। केंद्र सरकार ने जो धनराशि प्राप्त हुई है, वह प्रदेश का हिस्सा है, जिसे केंद्र सरकार ने जारी किया है। 180-180 करोड़ की धनराशि दो किश्तों में राज्य को मिलती थी। जिसे केंद्र सरकार ने राज्य में भारी तबाही होने के बाद जुलाई माह के तीसरे सप्ताह में जारी कर दिया था, उसके तुरंत बाद दिसंबर में मिलने वाली इतनी ही धनराशि को अग्रिम दिया है। इसके अतिरिक्त 315 करोड़ की लंबित पड़ी धनराशि में से 189 करोड़ प्राप्त हुए हैं, जोकि प्रदेश का हिस्सा था।

## किन्नौर में आदर्श विद्यालय खोले जाएंगे गुणवतापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाएगी: नेगी



**शिमला,** 17 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्व, बागवानी एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने किन्नौर प्रवास के दौरान गुरुवार को ग्राम पंचायत पानवी का दौरा किया और जनसमस्याएं सुनीं। श्री नेगी ने सभी उचित मांगों का चरणबद्ध तरीके से निपटान सुनिश्चित करने को कहा।

श्री नेगी ने कहा कि जिला किन्नौर में आदर्श विद्यालय खोले जाएंगे जिसमें गुणवतापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार समस्त प्रदेश सहित जनजातीय जिलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए तत्परता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार का विकास प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में किया जा रहा है उसी प्रकार का विकास जनजातीय जिला किन्नौर में भी किया जाएगा।

उन्होंने कहा की हिमाचल प्रदेश अपनी भौगोलिक परिस्थितियों के कारण प्राकृतिक आपदाओं की दृष्टि से संवेदनशील राज्य है। पिछले कुछ दिनों से भारी बारिश, भूस्खलन, बाढ़ इत्यादि के कारण राज्य ने हजारों करोड़ों का नुकसान झेला है, जो आने वाले समय में और बढ़ सकता है। उन्होंने कहा की प्रदेश सरकार द्वारा राज्य में प्रभावित हुए क्षेत्रों में राहत एवम बचाव का कार्य प्राथमिकता के आधार पर तत्परता से किया जा रहा है।

श्री नेगी ने कहा की ग्राम पंचायत पानवी द्वारा रखी गई मांगों को चरणबद्ध रूप से पूर्ण किया जायेगा और पानवी के लिए हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस सेवा शीघ्र आरंभ करने का आश्वासन दिया।

## विस में सीईटी, कानून-व्यवस्था, बाढ़, मुआवजा, नूंह हिंसा के मुद्दे उठाएंगे : हुड्डा

**चंडीगढ़,** 17 अगस्त (एजेंसियां)। हरियाणा विधानसभा में विपक्ष के नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि कांग्रेस ने विधानसभा के मानसून सत्र में कानून- व्यवस्था, नूंह हिंसा, बाढ़ से हुए नुकसान और कुशासन जैसे मुद्दों पर चर्चा के लिए स्थगन प्रस्ताव दिए हैं।




श्री हुड्डा ने बुधवार को यहां पार्टी विधायक दल की बैठक के बाद पत्रकारों से कहा कि पार्टी इसके अलावा सदन में बेरोजगारी, सीईटी पेपर में धांधली, धांधलियां, सरस्वती नदी की खुदाई, दलितों पर बढ़ते अत्याचार, बाजरे की फसल का नुकसान, बाढ़ मुआवजा, परिवार पहचान पत्र की परेशानियां, कर्मचारियों और क्लर्कों के वेतनमान, शिक्षा की चिंताजनक स्थिति, प्रॉपर्टी आईडी में धांधली, सहकारी ऋण और खाद्य बिक्री, आयुष्मान योजना की धांधलियों, किसान बीमा धांधलियां , शामलात और जूमला मालकान आदि जमीन को पंचायतों के नाम करने जैसे मुद्दों पर चर्चा के लिए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव दिए गए हैं। इसके अलावा पार्टी के विधायक अपने क्षेत्र के जुड़े मुद्दों पर सरकार से सवाल-जवाब करेंगे।

इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी उदयभान भी उनके साथ थे। नूंह हिंसा और कानून व्यवस्था को लेकर सवाल पर उन्होंने सरकार की मंशा पर सवाल उठाए। उन्होंने पूछा कि सब कुछ पहले से पता होते हुए भी सरकार ने सही वक्त पर उचित कदम क्यों नहीं उठाए? आखिर सरकार पूरे मामले की न्यायिक जांच से क्यों भाग रही है? श्री उदयभान ने कहा कि सीआईडी द्वारा सरकार को पहले से ही सूचित कर दिया गया था कि इलाके में कई दिनों से तनाव बना हुआ है। शरारती तत्वों द्वारा सोशल मीडिया पर भड़काऊ बयानबाजी की जा रही है। लेकिन, हैरानी की बात है कि बावजूद इसके यात्रा वाले दिन मौके के पुलिस अधीक्षक कथित तौर पर छुट्टी पर भेज दिए गए।

श्री हुड्डा ने दावा किया कि सरकार की प्रत्येक योजना में घोटाले सामने आ रहे हैं। आयुष्मान भारत योजना में घोटाले का खुलासा खुद कैग ने किया है। इसमें बताया गया है कि हरियाणा में मरे हुए लोगों का इलाज करने के नाम पर भी भारी भरकम 'क्लेम' लिया गया।

## खट्टर की बड़ी घोषणा, हरियाणा में 450 अनधिकृत कॉलोनियां नियमित

**चंडीगढ़,** 17 अगस्त (एजेंसियां)। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने एक अहम फैसले के तहत राज्य के विभिन्न शहरों में स्थित अनधिकृत कॉलोनियों के निवासियों को बड़ी सौगात देते हुए 450 अनधिकृत कालोनियां नियमित करने की घोषणा की।



**नियमित की गईं कॉलोनियों में पहली बार उन अनधिकृत कॉलोनियों को भी शामिल किया गया है, जो पालिका क्षेत्रों के बाहर स्थित हैं और नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग के अन्तर्गत आती हैं। ऐसी कॉलोनियों में मूलभूत विकास कार्यों के लिए 500 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है: मनोहर लाल**

श्री खट्टर ने यहां एक एक प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि इन 450 कॉलोनियों में नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग की 239 कालोनियां तथा शहरी स्थानीय निकाय विभाग की 211 कॉलोनियां शामिल हैं। नियमित की गईं कालोनियों में पहली बार उन अनधिकृत कालोनियों को भी शामिल किया गया है, जो पालिका क्षेत्रों के बाहर स्थित हैं और नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग के अन्तर्गत आती हैं। ऐसी कॉलोनियों में मूलभूत विकास कार्यों के लिए 500 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है।

उन्होंने कहा कि निमयन उपरांत जो कॉलोनियां पालिका क्षेत्र से बाहर पड़ती हैं, उनके विकास कार्य हरियाणा ग्रामीण विकास प्राधिकरण द्वारा किए जाएंगे। पालिका के भीतर स्थित कॉलोनियों के विकास कार्य सम्बंधित नगर पालिका द्वारा किए जाएंगे।

सरकार ने इससे पहले वर्ष 2014 से 2022 तक शहरी स्थानीय निकाय विभाग के अंतर्गत आने वाली 685 कालोनियां नियमित की थीं। इस तरह वर्ष 2014 से अब तक कुल 1135 अनधिकृत कॉलोनियां नियमित की गई हैं। उन्होंने अनधिकृत कॉलोनियों को लेकर भविष्य की योजना साझा करते हुए बताया कि वर्तमान में प्रदेश में कुल 1856 अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित करना विचाराधीन है। इनमें 727 कॉलोनियां नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग तथा 1129 कॉलोनियां शहरी स्थानीय विभाग के अंतर्गत आती हैं। इन कॉलोनियों में मापदंड पूरे होने पर इन्हें भी नियमित किया जाएगा। यह राज्य के शहरी नियोजन और विकास में एक महत्वपूर्ण कदम है।

श्री खट्टर ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने अपने 10 साल के कार्यकाल में 874 अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित किया था। वर्तमान सरकार ने एक अलग दृष्टिकोण अपनाया और नागरिक सुविधाओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए नियमितीकरण के मानदंडों में ढील दी है। उन्होंने कहा कि इन कॉलोनियों में रहने वाले लोगों के जीवन स्तर में सुधार करने के लक्ष्य से नागरिकों की सुविधा के लिए अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित करने के लिए मानदंडों में छूट दी है। जिन कॉलोनियों तक पहुंचने वाली सड़क छह मीटर या इससे अधिक तथा आंतरिक सड़कें तीन मीटर या इससे अधिक चौड़ी हैं, अब उन्हें नियमित किया गया है। मुख्यमंत्री ने जिलावार कॉलोनियों की जानकारी देते हुए बताया कि फरीदाबाद में 59, फतेहाबाद में 16, गुरुग्राम में तीन, हिसार में 20, झज्जर में 25, कैथल में 30, करनाल में 2, कुरुक्षेत्र में 25, नूहं में 35, पलवल में 31, पानीपत में 22, रेवाड़ी में 14, रोहतक में 32, सिरसा में नौ, सोनीपत में 35 और यमुनानगर में 92 अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित किया गया है। उन्होंने कहा कि कुछ अनधिकृत कॉलोनियां पालिका क्षेत्र से बाहर भी बन गई थी।

## हिमाचल में प्रोफेसर का शव चौथे दिन बरामद, अन्य 10 की तलाश जारी

**शिमला,** 17 अगस्त (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला के उपनगर समरहिल क्षेत्र में भूस्खलन से जमींदोज हुए शिव बावड़ी मंदिर में लापता लोगों को निकालने का राहत कार्य जारी है। राहत एवं बचाव अभियान के दौरान आज चौथे दिन एक प्रोफेसर को शव बरामद किया गया। जबकि अन्य 10 लोगों की तलाश जारी है। हादसे के चौथे दिन गुरुवार को राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ), पुलिस, होमगार्ड, स्थानीय लोगों ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। पूर्वान्ह 10 बजे के करीब घटनास्थल के नीचे नाले में एक और शव बरामद हुआ है।

मृतक की पहचान प्रोफेसर पीएल शर्मा के रूप में हुई है। यह हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में गणित के प्रोफेसर थे। प्रोफेसर की पत्नी का शव दो दिन पहले मिल चुका है। फ़िलहाल हादसे में उनका बेटा भी अभी लापता है।

इस हादसे में अब तक 14 शव बरामद हुए हैं, जबकि एक शव की बाजू मिली है। राहत एवं बचाव कर्मी अब घटनास्थल से नीचे नाले में लापता लोगों की तलाश कर रहे हैं।

अभी भी मलबे में आठ से 10 और लोगों के लापता होने की आशंका जतायी गयी है। पिछले 74 घंटे से बचाव अभियान चल रहा है। इस हादसे में अब तक मंदिर के पुजारी सहित 14 लोगों के शव बरामद किए गए। एक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। शिमला पुलिस ने लोगों से अपील की है कि हादसों के बाद जिनके स्वजन लापता हैं, वे पुलिस को इसकी सूचना दें, ताकि रेस्क्यू शुरू किया जा सके।

### सुडोकू 6289 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 6 | 4 | 9 | 1 | 7 | 3 | 8 |
| 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 1 | 2 | 9 |
| 7 | 9 | 1 | 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 1 | 9 | 3 | 7 | 5 | 2 | 8 | 4 |
| 2 | 5 | 7 | 9 | 8 | 4 | 3 | 6 | 1 |
| 4 | 8 | 3 | 2 | 1 | 6 | 5 | 9 | 7 |
| 9 | 7 | 2 | 1 | 3 | 8 | 6 | 4 | 5 |
| 1 | 4 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 | 7 | 3 |
| 3 | 6 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 | 1 | 2 |

# दुनिया रंग-बिरंगी

देशबन्धु नई दिल्ली, शुक्रवार, 18 अगस्त, 2023, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

### 'ड्रीम गर्ल 2' देखकर दर्शक अपनी सीट से गिर जाएंगे : आयुष्मान खुराना

**मुंबई।** लीक से हटकर काम करने वाले अभिनेता आयुष्मान खुराना जल्द ही 'ड्रीम गर्ल 2' में दिखाई देंगे। वह पहले ऐसे अभिनेता हैं, जिनके पास कमर्शियल कॉमेडी फिल्म फ्रेंचाइजी है। अभिनेता ने कहा कि उन्होंने ऐसी कोई योजना नहीं बनाई थी। कामर्शियल कॉमेडी फिल्म फ्रेंचाइजी के बारे में बात करते हुए आयुष्मान ने कहा कि मैंने कभी योजना नहीं बनाई थी कि मेरी फिल्मोग्राफी में एक हिट कॉमेडी फ्रेंचाइजी होगी। ईमानदारी से कहूं तो यह मेरे साथ गलती से हुआ है। मैंने केवल मनोरंजक प्रोजेक्ट्स की तलाश की है, जिससे मैं अधिक से अधिक लोगों से जुड़ सकूं। उन्होंने कहा कि मुझे 'ड्रीम गर्ल' फ्रेंचाइजी का मौका मिला और यह मेरे लिए बिल्कुल सही साबित हुई क्योंकि यह वास्तव में एक ब्रेक-आउट कॉन्सेप्ट है, जिसे फिलहाल किसी ने नहीं किया।

## युवाओं में सामान्य खाने के बजाय भारी नाश्ते का चलन

**नई दिल्ली,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। दिन में तीन बार खाने की परंपरा को अब चुनौती मिल रही है क्योंकि देश में खाने वालों की नई पीढ़ी सामान्य खाने के बजाय स्नैक्स का विकल्प चुन रही है। यानी खाने के बजाय हैवी ब्रेकफास्ट पर

**■ मांग पूरी करने के लिए सेहतमंद प्रोडक्ट्स पर फोकस कर रही कंपनियां**

निर्भर हो रही है। इसे स्नैकिफिकेशन कहा जाता है, ज्यादा से ज्यादा युवा इसे खाने के मानक तरीके के रूप में अपना रहे हैं।

यह पेशेवरों और परिवारों दोनों की आधुनिक व्यस्त जीवनशैली में ज्यादा फिट बैठता है। मार्केट इंटेलिजेंस एजेंसी मिंटेल रिपोर्ट्स की स्टडी में यह खुलासा किया गया है। ऐसा नहीं है कि जेन जी (9-24 साल) सेहतमंद नहीं खाना चाहती, पर इनके इरादे और खानपान के बीच बड़ा अंतर मौजूद है, जो उन्हें स्नैक्स पर निर्भर बना देता है।

स्टडी के मुताबिक खपत की प्रवृत्ति भी इसी आयु वर्ग में सबसे ज्यादा है। इसी कारण देश का ब्रेकफास्ट बिजनेस बदल रहा है। कंपनियां भी इन युवा ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए अपने उत्पादों को दोबारा स्थापित करने की होड़ में हैं।

**स्नैकिंग सेक्टर 2022-26 के बीच 7 प्रतिशत से ज्यादा की दर से बढ़ेगा**

अधिकांश कंपनियां पहले ही प्रॉडक्ट पोर्टफोलियो में बदलाव कर चुकी हैं, या कर रही हैं ताकि मौके का फायदा उठा सकें। स्टडी में अनुमान जताया गया है कि देश का स्नैकिंग सेक्टर 2022-26 के बीच 7त्न से ज्यादा की दर से बढ़ेगा। इस बात के पर्याप्त संकेत हैं कि इस वृद्धि का अहम फैक्टर जेन जेड ही है। जिन कंपनियों का जेन जी खरीदारों के साथ ज्यादा जुड़ाव नहीं था, उन्हें भी अब सुधार के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

उदाहरण के लिए 6 दशक पुराने ब्रांड गिट्स का पूरा फोकस 'रेडी टू ईट' पर हो गया है। कंपनी में डायरेक्टर (सेल्स एंड मार्केटिंग) साहिल गिलानी कहते हैं- बढ़ती युवा



पीढ़ी में पाक कौशल कम हो रहे हैं। इसलिए रेडी टू ईट विकल्पों को प्राथमिकता दी जाती है। ब्रांड अब 'बेहतर' खानपान को अहमियत देते हैं जो स्वाद और सेहत को संतुलित रखते हैं। टेल की सीनियर एनालिस्ट तुलसी जोशी कहती हैं- आने वाले दिनों में ब्रेकफास्ट बिजनेस में अहम बदलाव होगा, क्योंकि बड़ी संख्या में जेन जेड वर्कफोर्स में जुड़ेंगे। काम की अधिकता व व्यस्त जीवनशैली के चलते वे समय बचाने वाले सुविधाजनक स्नैक्स तलाशेंगे, जो उन्हें लंबे समय तक संतुष्ट रख सकें।

**जेन जी सोचते सलाद के बारे में हैं, पर खाने में तो फास्ट फूड ही पहली पसंद**

मिंटेल की स्टडी के मुताबिक बीते एक माह के खान-पान पर नजर डालें तो 60 प्रतिशत जेन जेड ने दिन में एक या उससे ज्यादा बार स्नैक्स खाया। वहीं इनकी खरीद की आदतों का विश्लेषण करने पर पता चलता है कि 35 प्रतिशत युवा अक्सर हैल्दी स्नैक्स जैसे सलाद वगैरह को प्राथमिकता देते हैं।

वहीं, 25 प्रतिशत कभी-कभार, 18 प्रतिशत हमेशा ऐसा करते हैं। सिर्फ 11 प्रतिशत कभी ऐसा नहीं सोचते। इन 35 प्रतिशत में भी एक तिहाई का कहना है कि इनकी खोज तो सेहतमंद स्नैक्स विकल्प चुनने के साथ शुरू होती है, पर खत्म चिप्स और फ्राइज जैसे फास्ट फूड के साथ ही होती है।

## 'खतरों के खिलाड़ी' से टेलीविजन की दुनिया का गुर सीखा : डेजी शाह

**मुंबई,** 17 अगस्त (एजेंसियां) । रोहित शेट्टी के शो 'खतरों के खिलाड़ी' सीजन 13 में प्रतिभागी 'डेजी शाह' को लगता है कि वह इस शो से काफी कुछ सीख गई हैं। उन्होंने कहा कि 'खतरों के खिलाड़ी' करने के बाद वह यह सीख चुकी हैं कि टेलीविजन पर क्या करना चाहिए और क्या नहीं। डेजी शाह ने सलमान खान के साथ फिल्म 'जय हो' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। अभिनेत्री 'डेजी शाह' रियलिटी शो करने वाली बॉलीवुड हस्तियों की लिस्ट में शामिल हो गई हैं। वह वर्तमान में 'फियर फैक्टर खतरों के खिलाड़ी 13' में प्रतिभागी हैं। अभिनेत्री को बुधवार को शिव ठाकरे और साउंडस मौफाकिर के साथ गेमिंग चैलेंज में भाग लेते देखा गया।



अभिनेत्री ने शो 'खतरों के खिलाड़ी' में अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए कहा कि इस शो के लिए मुझे सभी से बहुत प्यार मिल रहा है। मैंने इस तरह के प्यार की उम्मीद नहीं की थी। इस शो को करने का मकसद बड़े पैमाने पर दर्शकों से जुड़ना था।

उन्होंने कहा कि मुझे इस बारे में कोई अंदाजा नहीं था कि टीवी की दुनिया कैसे चलती है। अब मैंने सीख लिया है कि टेलीविजन में क्या करना चाहिए और क्या नहीं। यह सीखने का एक शानदार अनुभव रहा है। मैंने इस शो के साथ बहुत अच्छी यादें और दोस्त बनाए हैं।

शो में अपने विभिन्न स्टंट के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि स्टंट शुरू करने से ठीक पहले एक तितली जैसा एहसास होता है लेकिन फिर आपको रोहित सर की आवाज सुनाई देती है कि आप यह कर सकते हैं। यह आपको स्टंट करने के लिए प्रेरणा देता है।

## कोविड संक्रमण का नया वैरिएंट एरिस चिंता का विषय नहीं

**श्रीनगर,** 17 अगस्त (एजेंसियां)। डॉक्टर्स एसोसिएशन कश्मीर (डीएके) ने गुरुवार को कहा कि कोविड-19 का नया वैरिएंट एरिस चिंता का विषय नहीं है और

**■ ब्रिटेन, अमेरिका, चीन, यूरोप व जापान में मामले**

इसे लेकर चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है।

डीएके अध्यक्ष डॉ. निसार उल हसन ने देश के कुछ राज्यों में नए कोविड-19 वेरिएंट एरिस के मामलों की रिपोर्टों के बीच कहा कि इस बात का कोई साक्ष्य नहीं है कि नया वेरिएंट अधिक गंभीर बीमारी की वजह हो सकती है। उन्होंने कहा कि ईजी.5 जिसे एरिस कहा जाता है, कोविड-19 के ओमिक्रॉन संस्करण का एक लघु संस्करण है। यह ब्रिटेन और अमेरिका में तेजी से फैल रहा है और चीन, यूरोप और जापान में भी इसके मामले सामने आये हैं।

उन्होंने कहा कि वैरिएंट का पहली बार भारत में मई 2023 में पता चला था और तथ्य यह है कि तीन महीने पहले इसका पता चलने के बाद से नए स्ट्रेन की घटनाओं में कोई उल्लेखनीय वृद्धि नहीं हुई है, जिससे स्पष्ट है कि यह चिंता का विषय नहीं है। डॉ. निसार ने कहा कि नये वैरिएंट आते रहेंगे क्योंकि जीनोमिक संरचना में लगातार बदलाव वायरस के प्राकृतिक पाठ्यक्रम का हिस्सा है। यह वायरस की प्रकृति है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने नये वेरिएंट ईजी.5 को मॉनिटर किये गये वेरिएंट की सूची में जोड़ा है लेकिन यह भी कहा गया है कि यह सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए खतरा है।

## महज 14 महीने तक चली ब्रिटनी स्पीयर्स और सैम असगरी की शादी

**लॉस एंजेलिस,** 17 अगस्त (एजेंसियां)। हॉलीवुड सिंगर ब्रिटनी स्पीयर्स एक बार फिर से चर्चा में हैं। पॉप स्टार के पति सैम असगरी ने शादी के महज 14 महीने बाद अपने मतभेदों को लेकर तलाक के लिए अर्जी दी है। टीएमजेड की रिपोर्ट के अनुसार सैम ने आरोप लगाया है कि ब्रिटनी स्पीयर्स ने उन्हें धोखा दिया। अलग हो चुके जोड़े ने अधिकांश विवरण गुप्त रखे हैं। लेकिन कथित तौर पर दोनों के बीच भारी झगड़ा हुआ जिसके बाद सैम ने तलाक के लिए फाइल करने का फैसला किया। टीएमजेड ने आगे बताया कि सैम, ब्रिटनी स्पीयर्स के वकील की फीस का भुगतान करने के लिए कह रहा है। लेकिन उनकी फाइलिंग में कहा गया है कि उन्होंने अभी तक संपत्ति, परिसंपत्तियों और दायित्वों का निर्धारण नहीं किया है। शादी के बाद से ही इस जोड़े के बीच कुछ गहरी परेशानी चल रही है। शादी के बाद सैम और ब्रिटनी में कुछ ठीक नहीं था। अक्सर दोनों



में झगड़े होते थे, जिसमें चिल्लाना, अपमान करना और मारना भी शामिल है। सैम ने कहा कि 28 जुलाई, 2023 को तलाक हो चुका है। तलाक को अभी तक अंतिम रूप नहीं दिया गया है। दोनों सितारों ने अब आगे साथ रहने से इनकार कर दिया है। इस जोड़े की पहली मुलाकात 2016 में गायक के 'स्लंबर पार्टी' संगीत वीडियो के सेट पर हुई थी, जिसके बाद वे बिना किसी स्पॉटलाइट के अपनी केमिस्ट्री को आगे बढ़ाने लगे।

## सहपाठी छात्रों द्वारा पेपर स्प्रे का छिड़काव


### गोवा में 11 लड़कियां अस्पताल में भर्ती

**पणजी,** 17 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तरी गोवा के बिचोलिम में एक उच्च माध्यमिक स्कूल की लगभग 11 लड़कियों को गुरुवार को उस समय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जब उनके साथ पढ़ने वाले दो लड़कों ने उन पर पेपर स्प्रे का इस्तेमाल किया।

हालांकि लड़कों द्वारा पेपर स्प्रे का इस्तेमाल करने के पीछे का सटीक कारण अभी तक स्पष्ट नहीं है, लेकिन सूत्रों ने कहा कि उन्होंने मनोरंजन के लिए ऐसा किया।

बिचोलिम के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने घटना का संज्ञान लिया है और स्कूल प्रबंधन से उनकी आंतरिक समिति द्वारा रिपोर्ट तैयार करने के बाद संस्थान से सीसीटीवी फुटेज जमा करने को कहा है।

पुलिस ने कहा कि जिन छात्रों ने



**■ साथ पढ़ने वाले दो लड़कों ने उन पर पेपर स्प्रे का इस्तेमाल किया**

पेपर स्प्रे का इस्तेमाल किया, वे दोनों नाबालिग हैं। इसलिए, स्कूल की आंतरिक समिति घटना की जांच कर रही है। वे एक रिपोर्ट तैयार करेंगे और उन लड़कों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे जिन्होंने लड़कियों पर पेपर स्प्रे छिड़का था। पुलिस के मुताबिक, दोनों लड़कों ने पेपर स्प्रे एक ऑनलाइन शॉपिंग प्लेटफॉर्म से खरीदा था।

अधिकारी ने कहा कि लगभग 11 छात्राओं को जलन और बेचैनी महसूस हुई और उन्हें अस्पताल ले जाया गया। उनमें से कुछ को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई।

उन्होंने कहा कि इसी तरह की एक घटना पहले भी इस स्कूल में हुई थी और दो लड़कों के खिलाफ कार्रवाई की गई थी।

अधिकारी ने कहा कि दोनों घटनाओं के अपराधी अलग-अलग हैं। हम उपाय कर रहे हैं ताकि ऐसे मामले दोबारा न हों।

## 'कावाला' पर थिरके जापानी राजदूत हिरोशी सुजुकी, वीडियो वायरल



**मुंबई,** 17 अगस्त (एजेंसियां)। इन दिनों रजनीकांत की फिल्म 'जेलर' का गाना 'कावाला' लोगों के दिलों पर राज कर रहा है। गाने में अभिनेत्री तमन्ना भाटिया की कातिलाना अदाएं दिख रही हैं। अब, 'कावाला' की फैन लिस्ट में एक और नाम जुड़ गया है। भारत में जापानी राजदूत हिरोशी सुजुकी ने इस गाने पर वीडियो बनाई है।

भारत में जापानी राजदूत हिरोशी सुजुकी ने हाल में अपने एक्स (पहले ट्विटर) अकाउंट पर गाने पर डांस करते हुए एक क्लिप साझा की, जिसमें उन्होंने वही डांस स्टेप्स किए हैं, जो गाने में हैं। उनके डांस में जापानी यूट्यूबर मेयो सैन भी हैं। वीडियो काफी वायरल हो चुका है।

17 सेकेंड लंबे इस वीडियो की शुरुआत मेयो सैन की कोरियोग्राफी से होती है, जिसमें बाद में तमन्ना की तरह डांस करने की कोशिश की जाती है। उन्होंने लिखा, 'जापानी यूट्यूबर मेयो सैन के साथ 'कावाला' डांस वीडियो, रजनीकांत के लिए मेरा प्यार जारी है।'

हिरोशी सुजुकी ने इसमें रजनीकांत की नकल करते हुए चश्मे वाला सीन भी किया। वीडियो को 5,00,000 से अधिक बार देखा जा चुका है और 10,000 से अधिक लाइक मिले हैं।

रजनीकांत-स्टारर 'जेलर' बॉक्स-ऑफिस विजेता के रूप में उभर रही है। फिल्म ने रिलीज के सातवें दिन 210.65 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया। फिल्म की दुनिया भर में कमाई 392.20 करोड़ रुपए आंकी गई है।

फिल्म को उत्तर भारत में सनी देओल-स्टारर 'गदर 2' से कुछ प्रतिस्पर्धा मिल रही है, लेकिन रुझानों को देखते हुए यह बॉक्स-ऑफिस पर पूरी तरह से धूम मचाने के लिए तैयार है।

## दस बच्चों के पिता मस्क ने प्रजनन अनुसंधान के लिए 10 मिलियन डॉलर का दिया दान

**सैन फ्रांसिस्को,** 17 अगस्त (एजेंसियां)। टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने अमेरिका के टेक्सास में प्रजनन और जनसंख्या अनुसंधान परियोजना के लिए 10 मिलियन डॉलर का दान दिया है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार तीन महिलाओं से 10 बच्चों के पिता मस्क 52 वर्षीय तकनीकी अरबपति ने अपनी धर्मार्थ शाखा मस्क फाउंडेशन के माध्यम से ऑस्टिन में टेक्सास विश्वविद्यालय में स्थित एक परियोजना, पॉपुलेशन वेलबीइंग



इनिशिएटिव (पीडब्ल्यूआई) को पैसा दिया। एक्स मालिक ने हाल ही में दो दिवसीय पीडब्लूआई सम्मेलन को वित्त पोषित किया। ऑस्टिन के जनसंख्या अनुसंधान केंद्र और उसके अर्थशास्त्र विभाग में टेक्सास विश्वविद्यालय के बीच एक संयुक्त कार्यक्रम, पीडब्ल्यूआई की वेबसाइट इसे 'शोधकर्ताओं के एक नेटवर्क' के रूप में वर्णित करती है, जो अर्थशास्त्र, जनसांख्यिकी और सामाजिक कल्याण मूल्यांकन में मूलभूत कार्य करते हैं। मस्क का मानना है कि धन का सीधा संबंध आईक्यू से है और उन्होंने 'अपने जानने वाले सभी अमीर लोगों' से यथासंभव अधिक से अधिक बच्चे पैदा करने का आग्रह किया है।

## आर. बाल्की की 'घूमर' को नई ऊंचाई देता है अभिषेक का दिलचस्प अभिनय

**मुंबई,** 17 अगस्त (एजेंसियां)। आर. बाल्की की नई फिल्म में अभिषेक बच्चन एक ऐसी भूमिका में हैं जो परंपराओं और अपेक्षाओं के विपरीत है। सैयामी खेर और अंगद बेदी के सपोर्ट के साथ उनका पावरहाउस परफॉर्मेंस के रूप में उनकी स्थिति को मजबूत करता है। 'घूमर' एक महिला क्रिकेटर की असाधारण यात्रा को दर्शाता है, जिसके जीवन में एक अप्रत्याशित दुर्घटना होती है, जिसमें सैयामी का केवल बायां हाथ रह जाता है। वह अपनी जीवन लीला समाप्त करने के बारे में सोचती है, लेकिन तभी अभिषेक का किरदार उनकी जिंदगी में प्रवेश करता है। कोच की भूमिका में अभिषेक की बहुमुखी प्रतिभा उभरकर सामने आई है। सैयामी का ट्रांसफॉर्मेशन शानदार है। अपने चरित्र के व्यक्तित्व के बावजूद, अभिषेक ने कहानी को नई ऊर्जा से भर दिया है, और सैयामी के चरित्र को एक होनहार बल्लेबाज से एक अभिनव स्पिनर बनने में मदद की है।

सैयामी का किरदार आपको हर शॉट और एंगल के साथ दर्द का एहसास कराता है। यह इस बात का भी एक आदर्श उदाहरण है कि कैसे सही धैर्य और दृढ़ संकल्प के साथ सब कुछ संभव है।'घूमर' में अभिषेक का किरदार ऐसा है जो उनकी परफॉर्मेंस को आंखों से बात करने का मौका देता है। एक परेशान शराबी, एक अत्यंत दोषपूर्ण और अपने भीतर के राक्षसों से जूझती पीड़ित आत्मा का उनका चित्रण मंत्रमुग्ध कर देने वाला है। वह उद्देश्यहीनता की भावना से भी जूझते नजर आते हैं। उनका किरदार एक प्रतिभाशाली गेंदबाज का है जो अपने इतिहास से परेशान है। अभिषेक ने इसे जीवंत कर एक कथात्मक उत्कृष्ट कृति के रूप में प्रस्तुत किया है। जब अभिषेक अपने मोनोलॉग के साथ मंच पर आते हैं तो फिल्म अपने चरम पर पहुंच जाती है। वह अपने पात्र पैडी के जीवन की भूलभुलैया में उतरता है और उसकी दुर्दशा के कारणों को उजागर करता है। इस मौके पर उनका प्रदर्शन अंधेरे और बुद्धि के एक रहस्यमय मिश्रण में बदल जाता है।

जैसे-जैसे फिल्म अपने मनोरंजक चरमोत्कर्ष की ओर बढ़ती है, अभिषेक का चरित्र एक अप्रत्याशित मोड़ लेता है, जो



सहजता से एक परिष्कृत कोच के रूप में विकसित होता है। इस विकास के हर सूक्ष्म विवरण को कुशलता से चित्रित किया गया है, और उनका ऑन-स्क्रीन व्यक्तित्व एक प्रामाणिकता के साथ प्रतिध्वनित होता है जिसे नज़रअंदाज़ करना कठिन है। 'घूमर' में अमिताभ बच्चन का विस्तारित कैमियो स्वागत योग्य है जो अभिषेक-सैयामी अभिनीत फिल्म को समृद्ध बनाता है। अपने ट्रेडमार्क गौरव के साथ कहानी में कदम रखते हुए अमिताभ बच्चन एक ऐसा प्रदर्शन करते हैं जो दर्शकों पर छाप छोड़ता है। यह किरदार एक अंतर्दृष्टिपूर्ण टिप्पणी प्रस्तुत करता है जो केंद्रीय विषय का पूरक है। अपने अनूठे करिश्मे के साथ, अमिताभ बच्चन का कैमियो 'घूमर' की भावनात्मक अनुगूंज को बढ़ाता है, जो सिनेमा की दुनिया में उनके स्थायी प्रभाव की याद दिलाता है।

'घूमर' महज एक फिल्म नहीं है, यह एक ऐसी कहानी है जो उस क्षण को कैद कर लेती है। यह फिल्म अभिषेक बच्चन के करियर में एक मील का पत्थर है, जो उनकी प्रतिभा की उल्लेखनीय यात्रा को दर्शाती है। 'घूमर' क्रिकेट की दुनिया का सिर्फ एक सिनेमाई अनुभव नहीं है, यह सैयामी खेर और अंगद बेदी द्वारा समर्थित मानवीय भावनाओं के अज्ञात क्षेत्रों में एक अभियान है।

यह फिल्म 18 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

**फ़िल्म - घूमर**
**अवधि - 2 घंटे 15 मिनट**
**निदेशक - आर. बाल्की**
**कलाकार - अभिषेक बच्चन, सैयामी खेर, अंगद बेदी और शबाना आज़मी**

### वैज्ञानिको का हिप्नोथेरेपी पर अध्ययन

## मधुमेह, अस्थमा, गठिया, लकवा का इलाज

**नई दिल्ली,** 17 अगस्त (एजेंसियां)। गुरुग्राम में रहने वाली 25 साल की रीना रोड एक्सिडेंट में गंभीर रूप से घायल हो गईं। एक्सिडेंट का उनके मन पर इतना गहरा असर पड़ा कि वह पोस्टट्रॉमैटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर की चपेट में आ गईं। दवाओं का भी उन पर ज्यादा असर नहीं हुआ, तो डॉक्टर्स ने उन्हें हिप्नोथेरेपी लेने की सलाह दी। कुछ सेशन के बाद ही उन्हें आराम मिलने लगा। वह PTSD से उबर आईं और घाव भी तेजी से ठीक होने लगे।

योग और आयुर्वेद की तरह ही 'सम्मोहन चिकित्सा' भी भारत की प्राचीन चिकित्सा



पद्धति है। लेकिन, गलतफहमियों की वजह से आम लोग हिप्नोथेरेपी के नाम से ही डरने लगे। जबकि, पिछले 250 साल से यूरोप और अमेरिका में इस पर रिसर्च होती रही। मानसिक बीमारियों से लेकर कैंसर और फ्रैक्चर के इलाज से लेकर प्रेग्नेंसी तक में सम्मोहन चिकित्सा काफी कारगर है।

ऑप्टिमस सेंटर फॉर वेलबीइंग, गुरुग्राम की डायरेक्टर और साइकोलॉजिस्ट डॉ. अमिता पुरी बताती हैं कि यह मिथ है कि थेरेपिस्ट किसी व्यक्ति को सम्मोहित करके उसके माइंड पर कंट्रोल कर लेता है और जो चाहे करवा सकता है। हकीकत इसके उलट है। कोई उसे अपने वश में नहीं कर सकता। हिप्नोथेरेपी के दौरान मरीज अपने होशोहवास में रहता है। सम्मोहित होने के बाद भी उसके माइंड पर सिर्फ उसी का कंट्रोल होता है।

आंख बंद करने के बाद 'ट्रांस स्टेट' में होने के बावजूद वह सिर्फ वही बातें बताता है, जो वह अपनी मर्जी से बताना चाहता है। थेरेपिस्ट खुद से कुछ नहीं जान सकता। वह जब चाहे आंखें खोलकर सम्मोहन की अवस्था से बाहर निकल सकता है। इसीलिए सम्मोहन को 'ऑल्टर्ड स्टेट ऑफ कॉन्शसनेस' कहते हैं। अगर कोई सम्मोहित नहीं होना चाहता, तो सम्मोहन चिकित्सा संभव ही नहीं है।

### मानसिक बीमारियों में हिप्नोथेरेपी कारगर

डॉ अमिता ने बताया कि हिप्नोथेरेपी की मदद से कई तरह की मानसिक समस्याओं जैसे एंग्जायटी, स्ट्रेस, डिप्रेशन, फोबिया के साथ ही क्क्षस्ठ जैसे कई डिसऑर्डर में भी राहत दिलाती है। कुछ लोगों को गुस्सा बहुत आता है, नींद नहीं आती। आत्महत्या के ख्याल आते हैं। ठीक से जॉब नहीं कर पाते। ऐसी सभी मेडिकल और इमोशनल प्रॉब्लम्स में सम्मोहन चिकित्सा का अच्छा असर होता है।

### अवचेतन मन में दबी गुत्थियों को सुलझाने में मदद

कामिनेनी हॉस्पिटल, हैदराबाद में सीनियर न्यूरोसाइकेट्रिस्ट डॉ. गौतमी नागभिरवा कहती हैं कि इलाज शुरू करने से पहले मरीज के मन से सभी शंकाएं मिटा देनी चाहिए। उसके हर सवालों का सही जवाब देना चाहिए, ताकि उसकी झिझक दूर हो और वह थेरेपिस्ट की बात माने। ध्यान और समाधि की तरह ही इसमें भी व्यक्ति रिलैक्स फील करता है, अपने मन पर ध्यान केंद्रित करता है और ऐसी अवस्था में पहुंच जाता है, जिसे 'ट्रांस स्टेट' कहते हैं। फिर उसके अवचेतन मन में दबी भावनाओं और विचारों का पता लगाकर उन्हें समझने और सुलझाने की कोशिश की जाती है।

देशबन्धु

# [अर्थ जगत]

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत

**नयी दिल्ली** 17 अगस्त (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी लौटने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज भी यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एनटीपीसी | 4.02 प्रतिशत |
| पावर ग्रिड | 3.00 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 2.28 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 2.16 प्रतिशत |
| टीसीएस | 1.96 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| बजाज फाइनेंस | 1.12 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 1.09 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनीलीवर | 0.91 प्रतिशत |
| आईटीसी | 0.63 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 0.46 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2500-3000 |
| गेहूं दडा | 2150-2160 |
| आटा | 2800-2290 |
| मैदा | 945-950 |
| चोकर | 620-630 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| बासमती औसत किस्म | 4500-4600 |
| परमल | 1750-1775 |
| चावल सेला | 2250-2350 |
| आरआर (आठ ) | 1650-1670 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 4,850-4,950 |
| दाल चना | 4,850-4,950 |
| मसूर काली | 7,800-7,900 |
| उड़द दाल | 10300-10400 |
| मूंग दाल | 7,900-8,000 |
| अरहर दाल | 9700-9800 |

# भारत में युवा स्टार्टअप अब सामान्य को बदल रहे हैं : चंद्रशेखर



कनीक का गुरुत्वाकर्षण का केंद्र, जो पहले कुछ देशों में ही हुआ करता था और कुछ ही कंपनियों के आसपास केंद्रित था, ओपन सोर्स सिस्टम की ओर बढ़ रहा है और युवा तथा युवा स्टार्टअप सामान्य को बदल रहे हैं :- **राजीव चंद्रशेखर, इलेक्ट्रॉनिक्स व आईटी राज्यमंत्री**

- **14,903 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के विस्तार को मंजूरी**
- **डिजिटल इंडिया कार्यक्रम पहली बार केंद्र द्वारा 2015 में शुरू किया था**

**नई दिल्ली,** 17 अगस्त (एजेंसियां)। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने गुरुवार को कहा कि प्रौद्योगिकी का गुरुत्वाकर्षण केंद्र आखिरकार ओपन सोर्स सिस्टम की ओर बढ़ रहा है और देश में युवा स्टार्टअप अब सामान्य को बदल रहे हैं।

मंत्री ने बेंगलुरु में जी20 डिजिटल इनोवेशन अलायंस शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि स्टार्टअप की रुचि तीन प्रकार के ट्रेंड्स में है जो नवाचार अर्थव्यवस्था का हिस्सा हैं।

उन्होंने सभा को बताया, तकनीक का गुरुत्वाकर्षण का केंद्र, जो पहले कुछ देशों में ही हुआ करता था और कुछ ही कंपनियों के आसपास केंद्रित था, ओपन सोर्स सिस्टम की ओर बढ़ रहा है और युवा तथा युवा स्टार्टअप सामान्य को बदल रहे हैं।

मंत्री ने कहा, ये रुझान देश में बढ़ते डिजिटलीकरण और तेजी से डिजिटलीकरण की व्यापक प्रवृत्ति का लाभ उठा रहे हैं।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को 14,903 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के विस्तार को मंजूरी दी थी।

रेलवे, इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि फ्यूचरस्किल्स प्राइम कार्यक्रम के तहत 6.25 लाख आईटी पेशेवरों को फिर से कुशल और उन्नत किया जाएगा।

डिजिटल इंडिया कार्यक्रम पहली बार केंद्र द्वारा 2015 में शुरू किया गया था और अब इसके दायरे में, सूचना सुरक्षा और शिक्षा जागरूकता चरण कार्यक्रम के तहत 2.65 लाख लोगों को सूचना सुरक्षा में प्रशिक्षित किया जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 77वें स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्र को संबोधित करते हुए देश में स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र की सराहना की, जो विश्व स्तर पर तीसरे स्थान पर है।

मोदी ने कहा था, हमारी नीतियां युवा शक्ति को और अधिक ताकत दे रही हैं। उनकी ताकत ने भारत को दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बनने में मदद की है। इस साल अप्रैल तक, सरकार द्वारा 98,119 संस्थाओं को स्टार्टअप के रूप में मान्यता दी गई थी। दरअसल देश में पिछले आठ साल से तेजी से स्टर्टअप बढे हैं। कोरोना काल में जरूर इन पर ब्रेक लग गया था और कई स्टार्टअप बंद भी हो गए थे। लेकिन कोरोना की लहर बीत जाने के बाद स्टार्टअप में फिर से तेजी आना शुरू हो गई है।

## घायल कर्मचारियों को गोदामों में काम करने के लिए मजबूर कर रहा अमेजन : रिपोर्ट




**सैन फ्रांसिस्को,** 17 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिकी पत्रिका वायर्ड की एक रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि अमेज़न गोदामों में स्थित प्राथमिक चिकित्सा क्लीनिक घायल कर्मचारियों को उपचार के बाद काम पर वापस जाने का निर्देश दे रहे हैं, जिससे उन्हें और अधिक चोट लगने का खतरा पैदा होता है। हाल ही में व्यावसायिक सुरक्षा और स्वास्थ्य प्रशासन (ओएसएचए) की जांच और अमेज़ॅन के ऑन-साइट प्राथमिक चिकित्सा क्लिनिक, जिसे एमकेयर के नाम से जाना जाता है, में काम करने वाले 11 ऑन-साइट मेडिकल रेप्रिजेंटेटिव (ओएमआर) के साथ वायर्ड के साक्षात्कार में एक ऐसी प्रणाली का पता चला जो कर्मचारियों को जोखिम में डाल सकती है। उन्हें उचित चिकित्सा देखभाल के लिए रेफर करने की बजाय काम पर रखने से और अधिक चोट का खतरा हो सकता है।

ओएमआर, आमतौर पर आपातकालीन चिकित्सा तकनीशियन, को कभी-कभी श्रमिकों को गोदामों में उपलब्ध उपचार के लिए भेजने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। नेवादा एमकेयर में काम करने वाले एक ईएमटी (आपातकालीन चिकित्सा तकनीशियन) को यह कहते हुए उद्धृत किया गया, हम जो कुछ भी कर रहे थे वह एक तरह से छद्म चिकित्सा था, जो चिकित्सा होने का दिखावा करने के लिए पर्याप्त था। ईएमटी ने कहा, जब हम ईएमटी के रूप में एम्बुलेंस में होते हैं, तो पूरा उद्देश्य लोगों को निश्चित देखभाल प्रदान करना होता है। फिर मैं अमेज़ॅन पहुंचता हूं, और ऐसा लगता है, नहीं, हम उन्हें डॉक्टर के पास नहीं ले जा रहे हैं। तो तुम्हें मेरी क्या जरूरत थी मैं वह व्यक्ति हूं जो लोगों को डॉक्टरों के पास ले जाता है। रिपोर्ट के अनुसार, एमकेयर कर्मचारी चोटों का निदान और उपचार करने के लिए योग्य नहीं हैं। आधिकारिक तौर पर, वे केवल प्राथमिक चिकित्सा प्रदान करते हैं। कंपनी के एक प्रवक्ता ने निष्कर्षों पर विवाद करते हुए कहा कि कंपनी चोटों को छिपाने की कोशिश नहीं करती है। प्रवक्ता के हवाले से कहा गया, हम जानबूझकर या व्यवस्थित रूप से कर्मचारियों को आवश्यक चिकित्सा देखभाल लेने में देरी या हतोत्साहित करते हैं, गलत है। ओएसएचए ने चिकित्सा कुप्रबंधन के लिए अप्रैल में एजेंसी के 53 साल के इतिहास में अमेज़न को तीसरा पत्र जारी किया।

## व्यापारियों के लिए ड्रोन डिलीवरी सेवा के लिए शिपरॉकेट का स्काई एयर से समझौता

**नई दिल्ली,** 17 अगस्त (एजेंसियां)। लॉजिस्टिक्स समाधान प्रदाता शिपरॉकेट ने गुरुवार को ई-कॉमर्स परिदृश्य में क्रांति लाने और भारत में ड्रोन के माध्यम से शिपमेंट वितरण की क्षमता पेश करने के लिए सॉफ्टवेयर-ए-ए-सर्विस (सास) आधारित ड्रोन डिलीवरी समाधान प्रदाता स्काई एयर के साथ समझौते की घोषणा की। कंपनी के अनुसार, साझेदारी स्काई एयर के स्वायत्त ड्रोन लॉजिस्टिक्स समाधानों की मदद से शहरी यातायात भीड़ के भीतर तेजी से ऑर्डर पूर्ति को सक्षम बनाती है। यह साझेदारी पांच से अधिक ड्रोन के साथ गुड़गांव में शुरू होगी। शिपरॉकेट के सह-संस्थापक और सीईओ साहिल गोयल ने एक बयान में कहा, स्काई एयर के साथ हमारा समझौता उस लक्ष्य को प्राप्त करने और पूरे भारत में भविष्य की प्रगति के लिए ई-कॉमर्स परिदृश्य को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। गुरुग्राम में ड्रोन डिलीवरी सेवाओं की शुरुआत करके, हम ई-कॉमर्स के भविष्य को फिर से परिभाषित कर रहे हैं और अपने विक्रेताओं को बाजार में प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त प्रदान कर रहे हैं। इसके अलावा, कंपनी ने कहा कि ड्रोन डिलीवरी सेवाओं की शुरूआत न केवल शिप्रॉकेट विक्रेताओं को उसी दिन और अगले दिन डिलीवरी की पेशकश करने की क्षमता प्रदान करेगी, बल्कि पूरी डिलीवरी प्रक्रिया में क्रांतिकारी बदलाव लाएगी, इससे यह अधिक कुशल, पर्यावरण-अनुकूल और ग्राहक केंद्रित बन जाएगी।

## भारतीय बाजार में एफआईआई के अधिक पैसा डालने की संभावना कम



**नई दिल्ली,** 17 अगस्त (एजेंसियां)। डॉलर इंडेक्स 103.5 पर और अमेरिकी 10-वर्षीय बॉन्ड यील्ड 4.27 प्रतिशत पर होने के कारण, एफआईआई द्वारा जून और जुलाई की तरह भारतीय बाजार में अधिक पैसा डालने की संभावना नहीं है। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी.के. विजयकुमार ने ये बात कही है।

सूचकांक को देखने के बजाय, निवेशक पूंजीगत सामान, ऑटोमोबाइल और निर्माण जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं जहां प्रदर्शन अच्छा है। उन्होंने कहा, उच्च गुणवत्ता वाले बैंकिंग स्टॉक गिरावट पर खरीदारी के अवसर पेश करते हैं।

बाजारों के लिए वैश्विक संकेत लगातार कमजोर बने हुए हैं। वैश्विक शेयर बाजारों पर अब दो नकारात्मक प्रभाव पड़ रहे हैं = एक, यूएस फेड मिनट्स से संकेत मिलता है कि इंफ्लेशन को कंट्रोल करने के लिए एक और रेट हाइक हो सकती है। उन्होंने कहा, कि दूसरी बात ये कि चीनी मैक्रो डेटा से संकेत मिलता है कि अर्थव्यवस्था धीमी हो रही है और इसका वैश्विक आर्थिक विकास पर असर पड़ेगा।

इस परिदृश्य में भारतीय बाज़ार के निरंतर आधार पर नई ऊंचाइयों तक पहुंचने और दुनिया से अलग होने की संभावना नहीं है। उन्होंने कहा, हालांकि, तेज सुधार की संभावना नहीं दिखती।

गुरुवार सुबह के कारोबार में बीएसई सेंसेक्स 173 अंक गिरकर 65,366 अंक पर है। आईटीसी में 1.7 फीसदी और पावरग्रिड में 1.2 फीसदी की गिरावट है।

### सार संक्षेप


#### एयरटेल पेमेंट्स बैंक का मुनाफा 143 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र का प्रमुख फिनटेक एयरटेल पेमेंट्स बैंक का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में शुद्ध मुनाफे में इसके पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 143 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। बैंक ने गुरुवार को जारी बयान में बताया कि उसने एक और तिमाही में मजबूत वित्तीय प्रदर्शन किया है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि में पहली बार बैंक का तिमाही राजस्व वर्ष 2024 की पहली तिमाही के लिए 400 करोड़ रुपये तक बढ़ गया, जो गत वर्ष की तुलना 41 प्रतिशत अधिक है। वर्ष 2024 की पहली तिमाही के लिए, बैंक का मुनाफा पिछले वित्तीय वर्ष की इसी तिमाही की तुलना में 143 फीसदी बढ़ा है। बड़ी संख्या में नए उपयोगकर्ताओं के जुड़ने से ग्राहक जमा राशि बढ़कर 1,922 करोड़ रुपये हो गई। बैंक के पास अब 5.54 करोड़ मासिक लेनदेन करने वाले उपयोगकर्ता हैं। वार्षिक सकल वाणिज्यिक मूल्य (जीएमवी) 2,381 अरब रुपये है और वार्षिक आधार पर 1,600 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व है। एयरटेल पेमेंट्स बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनुब्रत बिस्वास ने कहा, हमने इस तिमाही के दौरान अपनी विकास यात्रा में एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। पहली बार हमारा राजस्व बढ़कर 400 करोड़ रुपये हो गया है। हमारे ब्रांड की विश्वसनीयता और हमारे द्वारा विभिन्न अत्याधुनिक उत्पाद पेशकश, एक अद्वितीय वितरण नेटवर्क और उन्नत तकनीक ने मिलकर हमें अपने विस्तार में तेजी लाने के लिए अनुकूल स्थिति प्रदान की है। हमने जो उल्लेखनीय सफलता हासिल की है वह पेमेंट्स बैंक मॉडल और देश की डिजिटल और वित्तीय समावेशन आवश्यकताओं को पूरा करने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका की पुष्टि करती है।

#### स्वतंत्रता दिवस पर टाटा टी प्रीमियम ने 3डी इंटरेक्टिव एनामॉर्फिक अनुभव के साथ 'देश के धागे' अभियान को किया जीवंत

नई दिल्ली। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर, टाटा टी के विविधतापूर्ण पोर्टफोलियो के प्रमुख ब्रांड, टाटा टी प्रीमियम ने अपने 'देश के धागे' अभियान के साथ भारत की समृद्ध हथकरघा विरासत के प्रति श्रद्धापूर्ण भेंट अर्पित की। देश में सबसे बड़े 3डी एनामॉर्फिक आउटडोर एक्टिवेशन में से एक के माध्यम से जीवंत, इस अद्वितीय ऑन-ग्राउंड इंस्टॉलेशन ने 13 से 17 अगस्त, 2023 तक गुरुग्राम के डीएलएफ साइबरहब में टाटा टी प्रीमियम के विशेष संस्करण पैक के माध्यम से प्रदर्शित भारतीय हथकरघा की जीवंत कहानियों को प्रदर्शित किया। लक्ष्य मीडिया ग्रुप के सहयोग से तैयार, इस ने उपभोक्ताओं को भारत की कुछ प्रतिष्ठित हथकरघा बुनाई की कलात्मकता का शानदार अनुभव प्रदान किया। उत्तर प्रदेश के बनारसी सिल्क की भव्यता से लेकर मध्य प्रदेश की पेचीदी चंदेरी तक, पंजाब की जीवंत फुलकारी से लेकर तेलंगाना के उत्कृष्ट पोचमपल्ली तक, हरियाणा की शानदार पंजा दरी से लेकर गुजरात के शानदार पाटन पटोला तक, उपभोक्ता इन्हें देखकर मंत्रमुग्ध हो गए।

# शेयर बाजार की तेजी थमी




**मुंबई** 17 अगस्त (एजेंसियां)। चीन के कमजोर आर्थिक आंकड़ों से वैश्विक बाजार में जारी गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर ऊर्जा, एफएमसीजी, यूटिलिटीज और कैपिटल गुड्स समेत सोलह समूहों में हुई बिकवाली से शेयर बाजार की पिछले दिनों को तेजी आज थम गई। बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 388.40 अंक लुढ़ककर 65,151.02 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 99.75 अंक की गिरावट लेकर 19,365.25 अंक पर आ गया। वहीं, दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में लिवाली हुई, जिससे बीएसई का मिडकैप 0.06 प्रतिशत बढ़कर 30,390.10 अंक और स्मॉलकैप 0.19 प्रतिशत की तेजी लेकर 35,364.28 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3740 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1834 में लिवाली जबकि 1741 में बिकवाली हुई वहीं 165 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 15 कंपनियां हरे जबकि 34 लाल निशान पर रही वहीं दो के भाव स्थिर रहे।

बीएसई के 16 समूहों में गिरावट का रुख रहा। इस दौरान कमोडिटीज 0.09, ऊर्जा 0.79, एफएमसीजी 0.93, वित्तीय सेवाएं 0.17, हेल्थकेयर 0.26, इंडस्ट्रियल्स 0.31, आईटी 0.34, दूरसंचार 0.08, यूटिलिटीज 1.03, ऑटो 0.13, बैंकिंग 0.17, कैपिटल गुड्स 0.75, धातु 0.25, तेल एवं गैस 0.77, पावर 0.73 और टेक समूह के शेयर 0.38 प्रतिशत लुढ़क गए।

विश्व बाजार में बिकवाली का दबाव रहा। इससे ब्रिटेन का एफटीएसई 0.29, जर्मनी का डैक्स 0.16, जापान का निक्केई 0.44 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.01 प्रतिशत फिसल गया जबकि चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.43 प्रतिशत की तेजी रही।

शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 35.57 अंक की गिरावट लेकर 65,503.85 अंक पर खुला लेकिन लिवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 65,535.14 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं बिकवाली के दबाव में यह दोपहर बाद 65,046.10 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 65,539.42 अंक की तुलना में 0.59 प्रतिशत लुढ़ककर 65,151.02 अंक पर आ गया।

इसी तरह निफ्टी भी 14 अंक फिसलकर 19,450.55 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,461.55 अंक के उच्चतम जबकि 19,326.25 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,465.00 अंक के मुकाबले 0.51 प्रतिशत टूटकर 19,365.25 अंक पर रहा।

सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली प्रमुख कंपनियों में आईटीसी 2.04, पावर ग्रिड 1.67, रिलायंस 1.44, एलटी 1.40, जेएसडब्ल्यूएस स्टील 0.89, टाटा मोटर्स 0.85, एनटीपीसी 0.76, एचडीएफसी बैंक 0.55, इंफोसिस 0.51, आईसीआईसीआई बैंक 0.51, टीसीएस 0.47, मारुति 0.36 और महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.10 प्रतिशत शामिल है।

वहीं, टाइटन 2.10, बजाज फिनसर्व 1.19, टेक महिंद्रा 0.43, एक्सिस बैंक 0.35, टाटा स्टील 0.13 और सन फार्मा ने 0.12 प्रतिशत का मुनाफा कमाया।

## जिंसों में टिकाव



**नई दिल्ली,** 17 अगस्त (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में जारी तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में सितंबर का पाम ऑयल वायदा 69 रिंगिट उबलकर 3884 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया गया। इसी तरह सितंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 1.03 सेंट की तेजी लेकर 63.84 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गुड़ और चीनी के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के दाम स्थिर रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में टिकाव रहा। इस दौरान चावल और गेहूं के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** चना 6000-6100, दाल चना 7000-7100, मसूर काली 7800-7900, मूंग दाल 9100-9200, उड़द दाल 11000-11100, अरहर दाल 10500-10600 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

**अनाज :** (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2550-2650 रुपये और चावल = 3000-3100 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

**चीनी-गुड़ :** चीनी एस 3640-3740, चीनी एम. 3900-4000, मिल डिलीवरी 3520-3620 और गुड़ 4000-4100 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

# इस साल दशक के निचले स्तर रहेगी स्मार्टफोन की वैश्विक शिपमेंट : रिपोर्ट



**नई दिल्ली,** 17 अगस्त (एजेंसियां)। वैश्विक स्मार्टफोन शिपमेंट के लिए 2023 एक दशक में सबसे खराब वर्ष हो सकता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, इस साल छह प्रतिशत की गिरावट के साथ इसके 1.15 अरब इकाई पर रहने की संभावना है। काउंटरप्वाइंट रिसर्च के प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार, एशिया सकारात्मक विकास के लिए प्रमुख बाधाओं में से एक है, क्योंकि प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण साल की शुरुआत में चीन के लिए प्रत्याशित आर्थिक बदलाव रुक गया है, और इस व्यापक क्षेत्र के उभरते बाजारों में तीव्र गिरावट देखी जा रही है।

उत्तरी अमेरिका वैश्विक सुधार पर एक बड़ा दबाव बनाये हुए है। साल की पहली छमाही में वहां निराशाजनक स्थिति के कारण पूरे साल में 10 प्रतिशत से ज्यादा गिरावट का अनुमान है। रिपोर्ट में कहा गया है कि नौकरियों के बाजार में मजबूती और मुद्रास्फीति में गिरावट के बावजूद, उपभोक्ता अपने उपकरणों को अपग्रेड करने में झिझक रहे हैं, जिससे अमेरिका और वैश्विक स्तर पर रिप्लेसमेंट रेट रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई हैं।

हालांकि, रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रीमियम और अल्ट्रा-प्रीमियम फोनों की बिक्री बढ़ रही है। यह पूरी दुनिया में हो रहा है और ऐप्पल जैसे विक्रेताओं को इसका फायदा हो रहा है जिनकी ज्यादातर बिक्री इसी सिग्मेंट में है। यह वर्ष एक लचीले प्रीमियम बाजार के रूप में एप्पल के लिए एक नए युग की शुरुआत का प्रतीक हो सकता है और अमेरिका में मजबूत प्रदर्शन इसे पहली बार वार्षिक शिपमेंट के मामले में विश्व स्तर पर नंबर एक बनने में मदद कर सकता है।

उत्तरी अमेरिका के अनुसंधान निदेशक जेफ फील्डहैक ने कहा, यह एप्पल के शीर्ष स्थान के सबसे करीब है। हम उस प्रसार के बारे में बात कर रहे हैं जो वस्तुत: कुछ दिनों की बिक्री के बराबर है। यह मानते हुए कि एप्पल को पिछले साल की तरह उत्पादन समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ा, इस बिंदु पर यह वास्तव में एक टॉस-अप है। विश्लेषक साल की चौथी तिमाही को दिलचस्पी से देख रहे हैं क्योंकि आईफोन 15 लॉन्च होने वाला है।

फील्डहैक ने कहा, बड़े आईफोन 12 के इंस्टॉल किए गए बेस के साथ प्रोमो आक्रामक होने जा रहे हैं, जिससे एप्पल अच्छी स्थिति में आ जाएगा। चीन के एसोसिएट डायरेक्टर एथन क्यूई ने कहा, चीन में एप्पल अच्छी स्थिति में है क्योंकि प्रीमियम सिग्मेंट में अधिक हिस्सेदारी हासिल करना जारी है।

## भारत के पारंपरिक पीसी बाजार में जून तिमाही में 15.3 प्रतिशत की गिरावट, एचपी सबसे आगे

**नई दिल्ली।** भारत में पारंपरिक पीसी बाजार (डेस्कटॉप, नोटबुक और वर्कस्टेशन) लगातार संघर्ष कर रहा है, क्योंकि जून तिमाही में 3.2 मिलियन यूनिट की बिक्री हुई, जो कि 15.3 फीसदी (साल-दर-साल) की गिरावट है। गुरुवार को जारी एक नई रिपोर्ट में यह बात सामने आई है। अप्रैल-जून की अवधि में सभी उत्पाद श्रेणियों में साल-दर-साल गिरावट आई। आईडीसी के अनुसार, जहां नोटबुक श्रेणी में 18.5 फीसदी की गिरावट आई, वहीं डेस्कटॉप श्रेणी, जो पिछली तिमाही तक विकास पथ पर थी, में भी 7 फीसदी की गिरावट आई। उपभोक्ता और वाणिज्यिक दोनों खंड क्रमश: 17 और 13.8 फीसदी की गिरावट के साथ लाल रंग में थे। एचपी ने 31.1 फीसदी की हिस्सेदारी और उपभोक्ता और वाणिज्यिक दोनों क्षेत्रों में मजबूत प्रदर्शन के साथ बाजार का नेतृत्व किया। लेनोवो 16.2 फीसदी हिस्सेदारी के साथ दूसरे स्थान पर रही, लेकिन सालाना आधार पर इसमें 30.2 फीसदी की गिरावट आई। डेल टेक्नोलॉजीज 15.3 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ तीसरे स्थान पर थी। साल-दर-साल दोहरे अंकों में गिरावट के बावजूद भारत के उपभोक्ता पीसी सेगमेंट ने तिमाही-दर-तिमाही मजबूत दोहरे अंकों की वृद्धि दर्ज की। आईडीसी इंडिया के वरिष्ठ बाजार विश्लेषक भरत शेनॉय ने कहा, पीसी विक्रेताओं ने सफलतापूर्वक कॉलेज अभियान चलाया और उन्हें अच्छा आकर्षण मिला। उनके ई-टेल चैनलों के बेहतर प्रदर्शन ने उपभोक्ता वर्ग को बहुत जरूरी राहत प्रदान की है। शिक्षा और सरकारी खंड ने पीसी बाजार को आगे बढ़ाना जारी रखा।

# खेल जगत

## सिनसिनाटी मास्टर्स : रयबाकिना, सबालेंका प्री-क्वार्टर में पहुंचे



**सिनसिनाटी (अमेरिका),** 17 अगस्त (एजेंसियां)। पूर्व ग्रैंड स्लैम चैंपियन, नंबर 4 वरीयता प्राप्त एलेना रयबाकिना ने जेलेना ओस्टापेंको को 6-7(6), 6-2, 6-4 से हराया। पिछले साल की विंबलडन चैंपियन रयबाकिना को बुधवार रात को पिछड़ने के बाद जीत हासिल करने में 2 घंटे और 17 मिनट का समय लगा। 2017 रोलैंड गैरां टाइटलिस्ट जेलेना ओस्टापेंको के साथ आमने-सामने की भिड़ंत में वह 3-2 से आगे हो गईं। क्वार्टरफाइनल स्थान के लिए रयबाकिना का गुरुवार को इटालियन क्वालीफायर जैस्मीन पाओलिनी से मुकाबला होगा। पाओलिनी ने बुधवार को क्रिस्टीना बुक्सा को 6-1, 6-3 से हराया। दूसरी ओर, दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी आर्यना सबालेंका को भी अपने पहले मैच में तीन सेट तक हार का सामना करना पड़ा और उन्होंने नंबर 192 एन ली को 7-5, 2-6, 6-4 से हराकर 2 घंटे और 3 मिनट में बाद बढ़त बना ली।

# आयरलैंड के खिलाफ भारत की निगाहें चोट के बाद वापसी करने वाले तेज गेंदबाज बुमराह व प्रसिद्ध पर

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 17 अगस्त (देशबन्धु)। भारत की निगाहें मालाहाइड(डबलिन) में शुक्रवार को पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच से शुरू हो रही तीन मैचों की सीरीज में चोट के बाद ऑपरेशन करा फिट होकर वापसी करने वाले कप्तान तेज गेंदबाज और प्रसिद्ध कृष्ण की गेंदबाजी पर रहेंगी। बुमराह और प्रसिद्ध कृष्ण के लिए मेजबान आयरलैंड के खिलाफ यह टी-20 सीरीज अपने देश में शुरू हो रहे आईसीसी वनडे विश्व कप से पहले यह साबित करने का मौका है कि वे अब % फिट हैं। बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बीते बरस घरेलू सीरीज में सितंबर में टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने के बाद से भारत के लिए कोई मैच नहीं खेला है। बुमराह न्यूजीलैंड में अपनी पीठ की सर्जरी कराने के बाद के बाद पिछले करीब ढाई महीने से एनसीए में धीमे-धीमे गेंदबाजी की अपनी पूरी लय पाने में जुटे थे। एनसीए में वीवीएस लक्ष्मण खासतौर पर बुमराह की चोट के बाद बतौर गेंदबाज प्रगति से संतुष्ट नजर आए और इसी कारण उन्हें आयरलैंड दौरे के लिए भारतीय टीम में चुना गया। भारत ने आयरलैंड से बेशक अपने पिछले सभी पांचों टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच जीते हैं। भारत को मौजूदा टी-20 सीरीज में मेजबान आयरलैंड के खिलाफ अपना वर्चस्व बनाया रखना है तो उसके ऋतुराज गायकवाड़, यशस्वी जायसवाल और तिलक वर्मा जैसे नवोदित बल्लेबाजों को कसौटी पर खरा उतरना होगा।

हार्दिक पांडया की अगुआई में भारत ने दीपक हुड्डा के शतक की बदौलत डबलिन के इसी मैदान पर बीते बरस जून में दो टी-20 मैचों की सीरीज




का दूसरा व आखिरी मैच मात्र चार रन से जीत सीरीज 2-0 से अपने नाम की थी। भारत को आयरलैंड के कप्तान पॉल स्टर्लिंग और एंडी बलबिर्नी की सलामी जोड़ी के साथ , हैरी टैक्टर, जॉर्ज डॉकरैल और मार्क एडेयर कर्टिस कैम्फर जैसे बल्लेबाजों से चौकस रहना होगा।भारत के खिलाफ पिछले और आखिरी टी-20 मैच में शतकीय भागीदारी करने वाले स्टर्लिंग और बलबिर्नी की सलामी जोड़ी के लिए चोट के बाद वापसी करने वाले भारत के कप्तान तेज गेंदबाज बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा , अर्शदीप सिंह के साथ शिवम दुबे जैसे तेज गेंदबाजों की चौकड़ी से पार पाना आसान नहीं होगा। साथ ही भारत के ऑफ स्पिन ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर, लेग स्पिनर रवि बिश्नोई के साथ तिलक वर्मा अपनी कामचलाऊ ऑफ स्पिन और यशस्वी जायसवाल लेफ्ट आर्म स्पिन गेंदबाजी से आयरलैंड के बल्लेबाजों को स्पिन का जाल बुनकर उसमें फसाने का दम रखते हैं।

भारत ने कप्तान बुमराह को छोड़ आयरलैंड के खिलाफ इस तीन टी-20 मैचों की सीरीज के लिए दूसरे भी नहीं बल्कि तीसरे दर्जे की टीम उतारी है। बुमराह की अगुआई में भारत ने इस आयरलैंड दौरे के लिए अपनी करीब करीब वही तीसरे दर्जे की टीम चुनी है, जो उन्हें छोड़ अगले महीने हांग्जो (चीन) में सलामी बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ की अगुआई में एशियाई खेलों में खेलेगी। भारत की हार्दिक पांड्या की अगुआई में वेस्टइंडीज से उसके घर में पांच टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज 2-3 से हारने वाली टीम में सबसे ज्यादा 173 रन बना सीरीज की खोज रहे बाएं हाथ के शीर्ष क्रम के नवोदित बल्लेबाज तिलक वर्मा और दमदार प्रदर्शन करने वाले यशस्वी जायसवाल के लिए आयरलैंड के

■ भारत के ऋतुराज,यशस्वी और तिलक जैसे बल्लेबाज कसौटी पर होंगे

■ स्टर्लिंग-बलबर्नी के लिए भारत के बुमराह व प्रसिद्ध से पार पाना आसान नहीं


खिलाफ यह टी-20 सीरीज अपने ही घर में होने वाले वनडे विश्व कप के लिए अपनी दावेदारी और मजबूत करने का मौका होगा। भारत के चीफ कोच राहुल द्रविड़ ने अपनी टीम की वेस्टइंडीज के हाथों टी-20 सीरीज हारने के बाद इस बात की जरूरत बताई कि टीम को अगले टी-20 विश्व कप के लिए ऑलराउंडरों की ज्यादा जरूरत है। खासतौर पर क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट यानी टी 20 में उन्होंने आयरलैंड के खिलाफ इस टी-20 सीरीज के लिए भारतीय टीम में वापसी करने वाले वाशिंगटन सुंदर और शिवम दुबे को आजमाने की पैरवी की है। साथ ही बल्ले के साथ गेंद से भी दो-दो ओवर फेंकने में सक्षम बल्लेबाज को बतौर गेंदबाज ज्यादा तवज्जो देने की बात की थी। भारत की बल्लेबाजी आयरलैंड के खिलाफ ऋतुराज गायकवाड़, यशस्वी जायसवाल, तिलक वर्मा, विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन के साथ आईपीएल में निचले मध्यक्रम में उतर कर धमाल मचाने वाले रिंकू सिंह पर निर्भर करेगी। साथ ही बतौर ऑलराउंडर शिवम दुबे और वाशिंगटन सुंदर से भारत मध्यक्रम में बड़ी पारी की आस करेगा। भारत के बल्लेबाजों को आईपीएल में खेल चुके आयरलैंड के तेज गेंदबाज जोश लिटिल और बॉलिंग ऑलराउंडर मार्क अडेयर ,बेन व्हाइट के साथ स्पिन ऑलराउंडर जॉर्ज डॉकरेल से चौकस रहना होगा।

# दुबई में अपने ऐतिहासिक मेडल का रंग बदलना चाहता हूं : परमजीत

**दुबई,** 17 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के शीर्ष पावरलिफ्टर परमजीत कुमार पैरा पावरलिफ्टिंग विश्व चैंपियनशिप में बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार हैं। उन्होंने 2021 में कांस्य पदक जीता था और इस बार मेडल में सुधार को लेकर आश्वस्त हैं। परमजीत कुमार को पैरा पावरलिफ्टिंग में पहचान तब मिली, जब उन्होंने 2018 में एशियन पैरा गेम्स में 11 साल के इंतजार को कांस्य पदक के साथ खत्म किया। यह उनका पहला अंतरराष्ट्रीय पदक था। इसके तीन साल बाद, उन्होंने त्बिलिसी-2021 पैरा पावरलिफ्टिंग विश्व चैंपियनशिप में पुरुषों के 49 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता। अब, दुबई विश्व पैरा पावरलिफ्टिंग-2023 के लिए एक सप्ताह से भी कम समय बचा है। ऐसे में एक बार फिर उनके ऐतिहासिक विश्व पदक की यादें ताजा हो गई हैं। यह मेडल भारत में पैरा-पावरलिफ्टिंग के लिए बहुत बड़ा था, जो पैरालंपिक खेल में तेजी से बढ़ रहा है। विश्व पैरा पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में यह पहला पदक है। परमजीत के लिए व्यक्तिगत रूप से, यह एक सपने के सच होने जैसा क्षण था।

भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) ने परमजीत के हवाले से कहा, वह पदक भारत में कई उभरते पैरा-एथलीटों के लिए एक बड़ी प्रेरणा थी। परमजीत को जिस बात पर गर्व है वह यह है कि कई युवा उनके नक्शेकदम पर चल रहे हैं और प्रमुख प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए तैयार हैं। उनमें से एक सीमा रानी हैं जो आगामी दुबई-2023 वर्ल्ड कप में महिलाओं के 55 किग्रा वर्ग में प्रतिस्पर्धा करेंगी।

परमजीत ने कहा, मुझे खुशी और गर्व है कि मैं किसी को पैरा खेल के लिए प्रेरित कर सका और उसके करियर को आकार देने में भूमिका निभा सका। मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं। भारत के एकमात्र पैरालंपिक पदक विजेता राजेंद्र सिंह रहेलू काफी समय से पमजीत के कोच हैं। भारतीय पैरा



पावरलिफ्टिंग स्टार परमजीत भी हांगझोऊ एशिया खेल में हिस्सा ले रहे हैं और उन्हें पूरा भरोसा है कि वो इस बार अपने मेडल का रंग बदलने में जरूर कामयाब होंगे। परमजीत ने कहा, दुबई हमेशा मेरे लिए अच्छा रहा है। पिछले साल फ़ज़ा 2022 विश्व कप में, मैंने रजत पदक जीता था। इस साल एक और रोमांचक चैंपियनशिप की उम्मीद कर रहा हूं। दुबई में परमजीत 20 सदस्यीय भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगे। जिसमें 2010 एशियाई पैरा खेलों के रजत पदक विजेता अनुभवी फरमान बाशा भी शामिल हैं। दुबई 2023 पैरा पावरलिफ्टिंग वर्ल्ड कप में 80 से अधिक देशों के 555 पावरलिफ्टर भाग लेंगे।

# डूरंड कप में दिल्ली के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी चेन्नईयिन एफसी



**गुवाहाटी,** 17 अगस्त (एजेंसियां)। डूरंड कप 2023 में अपने अंतिम ग्रुप मुकाबले में शुक्रवार को चेन्नईयिन एफसी यहां इंदिरा गांधी एथलेटिक स्टेडियम में दिल्ली एफसी के खिलाफ जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगी।

फारुख चौधरी, रहीम अली और राफेल क्रिवेलारो के गोल की मदद से ओवेन कॉयले की टीम ने त्रिभुवन आर्मी के खिलाफ 3-0 से जीत के साथ टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। मरीना मचान्स वर्तमान में छह अंकों के साथ ग्रुप ई तालिका में शीर्ष पर हैं। हालाँकि, डिफेंडर आकाश सांगवान ने कहा कि उनका ध्यान नॉकआउट चरण से पहले अपने आखिरी ग्रुप मैच को जीतने पर है। आकाश ने दिल्ली एफसी के खिलाफ मैच से पहले कहा, हम अपने पिछले मैच से बहुत सारी सकारात्मक बातें लेते हैं। हमने लगातार दो जीतें दर्ज कीं। आगामी संघर्ष के लिए हमारी मानसिकता नहीं बदली है क्योंकि हम जीत के लिए जा रहे हैं। मैं मैच के लिए बहुत उत्साहित हूं। आप जानते हैं कि मैंने दिल्ली एफसी के अधिकांश खिलाड़ियों के साथ खेला है। मैं पहले मिनर्वा का प्रतिनिधित्व करता था। इसलिए मैं सभी पंजाबी लोगों के खिलाफ खेलने के लिए बहुत उत्साहित हूं। मेरा उनके साथ बहुत अच्छा रिश्ता है और मैं यह साबित करना चाहता हूं कि हम बेहतर टीम हैं। डूरंड कप के 132वें संस्करण में आईएसएल, आई-लीग और सशस्त्र बलों की कुल 24 टीमें शामिल हैं, जिन्हें चार टीमों के छह समूहों में विभाजित किया गया है। प्रत्येक समूह से शीर्ष टीम और सभी छह समूहों में दूसरे स्थान पर रहने वाली दो सर्वश्रेष्ठ टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचेंगी।

# पीसीबी ने की भूल सुधार, अपडेटड वीडियो में इमरान शामिल

**लाहौर** 17 अगस्त (एजेंसियां)। क्रिकेट के मैदान पर देश की उपलब्धियों का जश्न मनाने वाले वीडियो से इमरान खान को बाहर रखने पर तीखी प्रतिक्रियाओं के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने 1992 विश्व कप विजेता टीम के कप्तान इमरान खान के फुटेज का एक अपडेटड संस्करण जारी किया है। गुरुवार को अपडेटेड वीडियो को दोबारा जारी करते हुए पीसीबी ने इसे 'मूल संस्करण' बताते हुये कहा कि पहले के वीडियो में समय की कमी के कारण महत्वपूर्ण क्लिप शामिल नहीं गये थे। पीसीबी ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर नए वीडियो के साथ लिखा पीसीबी ने क्रिकेट विश्वकप 2023 के लिए एक प्रचार अभियान शुरू किया है। एक वीडियो 14 अगस्त 2023 को अपलोड किया गया था। वीडियो संक्षिप्त था और कुछ महत्वपूर्ण क्लिप गायब थे। इसे वीडियो के पूर्ण संस्करण में ठीक कर दिया गया है।

अद्यतन संस्करण में वीडियो में चार भाग



जोड़े गए हैं जिनमें इमरान के क्रिकेट के लिये योगदान,1992 में कप्तान के रूप में प्रतिष्ठित ट्रॉफी उठाना, मिस्बाह-उल-हक की टेस्ट गदा जीत, एशिया कप में महिला टीमों की जीत और निदा डार की 100 विकेट की उपलब्धि शामिल है। इससे पहले इमरान की टीम के साथी और 1992 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य वसीम अकरम ने वीडियो में इमरान खान को शामिल नहीं करने के लिए पीसीबी पर हमला बोला था। पीसीबी से वीडियो हटाने और माफी मांगने के लिए कहते हुए अकरम ने 'एक्स' पर लिखा, श्रीलंका पहुंचने के बाद जब मैंने पीसीबी की छोटी क्लिप देखी तो मुझे अपने जीवन का सबसे बड़ा झटका लगा। राजनीतिक मतभेद अलग हैं लेकिन इमरान खान विश्व क्रिकेट के प्रतीक हैं और उन्होंने अपने समय में पाकिस्तान को एक मजबूत इकाई के रूप में विकसित किया और हमें एक रास्ता दिया। पीसीबी को वीडियो हटा देना चाहिए और माफी मांगनी चाहिए।

क्रिकेटर से नेता बने इमरान ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) की स्थापना की और 2018 से 2022 तक पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया। 2022 में अविश्वास प्रस्ताव के बाद उन्हें पद से हटा दिया गया और हाल ही में उन्हें कथित भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में डाल दिया गया।

# 'धवन को नहीं मिलता श्रेय जिसके वो हकदार'

**नई दिल्ली,** 17 अगस्त (एजेंसियां)। एशिया कप 2023 के नजदीक होने के साथ ही भारतीय टीम प्रबंधन और चयनकर्ता लाइनअप में शीर्ष सात स्थानों के लिए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के चयन के लिए गहन चर्चा कर रहे हैं। इस साल टीम इंडिया को कई बड़े टूर्नामेंट में भाग लेना है। लेकिन, टीम इंडिया अब तक एक स्टेबल टीम तैयार नहीं कर पाई है। चाहे बात प्लेइंग-11 की हो या कॉम्बिनेशन, हर पैमाने पर भारतीय टीम संघर्ष कर रही है।

सबसे बड़ा सवाल ये है कि कप्तान रोहित शर्मा के साथ सलामी बल्लेबाज के रूप में कौन साझेदारी करेगा। इस रोल के लिए ईशान किशन और शुभमन गिल प्रबल दावेदार हैं। इस बीच भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने आगामी एशिया कप 2023 और आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप पर अपना दृष्टिकोण साझा किया है।

स्टार स्पोर्ट्स सिलेक्शन डे शो पर बोलते हुए रवि शास्त्री ने इस बारे में बात की कि एशिया कप 2023 के लिए ईशान किशन बल्लेबाजी क्रम में कहां होंगे और



अनुभवी खिलाड़ी शिखर धवन का टीम पर क्या प्रभाव पड़ा है, जो 2019 वर्ल्ड कप में इंजरी के कारण चूक गए थे। टीम के पिछले अनुभवों, विशेषकर 2019 विश्व कप अभियान पर विचार करते हुए, शास्त्री ने अनुभवी भारतीय सलामी बल्लेबाज द्वारा टीम की संरचना में निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया।

रवि शास्त्री ने स्टार स्पोर्ट्स पर एक चर्चा में साफतौर पर कहा कि शिखर धवन को वो सम्मान नहीं मिलता, जिसके शायद वह हकदार रहे हैं। उन्होंने कहा, लोगों ने कभी शिखर धवन को उतना क्रेडिट नहीं दिया, जो उन्हें मिलना चाहिए था। वह एक शानदार खिलाड़ी हैं। जब साल 2019 में हम वर्ल्ड कप सेमीफाइनल हारे तो टीम ने उन्हें बहुत मिस किया। बता दें कि उस वर्ल्ड कप में धवन शुरुआती फेज के बाद चोटिल हो गए थे और उन्हें बाहर होना पड़ा था। शास्त्री ने आगे कहा कि टॉप ऑर्डर में एक बाएं हाथ के बल्लेबाज के होने से आपको मदद मिलती है। जब गेंद स्विंग होती है तो दाएं हाथ के बल्लेबाज के लिए वो अंदर आती है लेकिन बाएं हाथ के बल्लेबाज के लिए बाहर जाती है और रन बनाने में आसानी होती है।

पिछले महीने, बीसीसीआई ने सितंबर-अक्टूबर में होने वाले आगामी हांगझोऊ एशियाई खेलों के लिए मुख्य रूप से युवा प्रतिभाओं से बनी एक टीम की घोषणा की। घरेलू मैदान पर वनडे विश्व कप की तैयारियों में व्यस्त पहली पसंद के खिलाड़ियों के साथ, चीन में भारत की दूसरी टीम का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी 37 वर्षीय बाएं हाथ के बल्लेबाज धवन के कंधों पर आने की उम्मीद थी। हालांकि, चयनकर्ताओं ने एशियाई खेलों में टीम की कप्तानी के लिए युवा ऋतुराज गायकवाड़ को चुना। भारत के लिए धवन का आखिरी मैच पिछले साल दिसंबर में बांग्लादेश दौरे के दौरान था।

# एक दशक बाद बांग्लादेश का दौरा करेगी कीवी टीम

**ढाका,** 17 अगस्त (एजेंसियां)। लगभग एक दशक के लंबे अंतराल के बाद न्यूजीलैंड की क्रिकेट टीम एशियाई देश बांग्लादेश में एक दिवसीय और टेस्ट श्रृखंला खेलने आयेगी। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने न्यूजीलैंड के बहुप्रतीक्षित दौरे के कार्यक्रम का खुलासा किया है। वर्ष 2013 के बाद यहां आने वाली कीवी टीम तीन वनडे और दो टेस्ट मैच खेलेगी। दो चरणों में होने वाला यह दौरा 21 सितंबर को शुरू होगा जिसमें तीनों एकदिवसीय मैच मीरपुर के शेर-ए-बांग्ला राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जायेंगे जिसके बाद दोनो टीमें एक दिवसीय विश्व कप में मशगूल हो जायेंगी। दौरे के दूसरे चरण में टेस्ट श्रृंखला नवंबर के अंत




में शुरू होगी जिसके आयोजन स्थल की घोषणा बाद में की जाएगी। 2019 विश्व कप फाइनलिस्ट न्यूजीलैंड अपने आगामी विश्वकप अभियान की शुरुआत पांच अक्टूबर को टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में अहमदाबाद में मौजूदा चैंपियन इंग्लैंड के खिलाफ करेगा। वहीं बांग्लादेश विश्व कप के सफर की शुरुआत सात अक्टूबर को धर्मशाला के सुरम्य हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में अफगानिस्तान के खिलाफ करेगा।

# चोट के कारण बाहर कप्तान उत्तम की जगह विष्णुकांत जर्मनी में चार देशों के हॉकी टूर्नामेंट में भारत के कप्तान

**नई दिल्ली,** 17 अगस्त (देशबन्धु)। स्कीमर विष्णुकांत सिंह की अगुआई में भारत की जूनियर पुरुष हॉकी टीम डसेलडर्फ (जर्मनी) में चार देशों के डसेलडर्फ हॉकी टूर्नामेंट में अपने अभियान का आगाज शुक्रवार को स्पेन की जूनियर टीम के खिलाफ मैच करेगी। नियमित कप्तान उत्तम सिंह प्रशिक्षण शिविर में चोट के चलते जूनियर भारती टीम की कप्तानी के लिए उपलब्ध नहीं थे और इसीलिए कप्तानी विष्णुकांत को सौंपी गई है। बेशक भारत को बतौर स्ट्राइकर उत्तम सिंह की कमी जर्मनी में टूर्नामेंट में अखरेगी लेकिन स्कीमर विष्णुकांत सिंह के रूप में भारत के पास टीम का मार्गदर्शन करने में सक्षम अनुभवी कप्तान है। उत्तम सिंह की कप्तानी में भारत ने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को फाइनल में 2-1 से हराकर ओमान में एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी एशिया कप जीत कर सीधे क्वालालंपुर में होने वाले एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप के लिए क्वॉलिफाई किया था।

### हमें जर्मनी में टूर्नामेंट में भी बढ़िया प्रदर्शन जारी रखन का भरोसा : विष्णुकांत

भारत के की जूनियर हॉकी टीम के कप्तान विष्णुकांत सिंह ने कहा, %हमारे लिए जर्मनी में होने वाला यह टूर्नामेंट जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप से पहेल यूरोप की कुछ श्रेष्ठ टीमों के खिलाफ खेल अनुभव हासिल करने और अपनी प्रगति जारी रखने का मौका है। हमारी टीम में अनुभवी और मजबूत खिलाड़ी हैं। हमें जर्मनी में इस टूर्नामेंट में हाल ही के टूर्नामेंटों की तरह बढ़िया प्रदर्शन जारी रखने का भरोसा है। हमारे लिए इस टूर्नामेंट में सकारात्मक नतीजे हासिल कर आत्मविश्वास पाना अहम है।'




चार देशों के इस हॉकी टूर्नामेंट में मेजबान जर्मनी, भारत, स्पेन और इंग्लैंड की जूनियर टीमें शिरकत करेंगी। भारत की जूनियर टीम 19 अगस्त के मेजबान जर्मनी से तथा 21 अगस्त को इंग्लैंड से भिड़ेगी। फाइनल 22 अगस्त को खेला जाएगा। यह टूर्नामेंट मेजबान जर्मनी सहित इस टूर्नामेंट में शिरकत करने वाली चार देशों की जूनियर हॉकी टीमें के लिए खुद को इस साल क्वालालंपुर (मलयेशिया) में 5 से 16 दिसंबर तक खेले जाने एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी टूर्नामेंट के लिए तैयारियों का हिस्सा है। भारतीय जूनियर हॉकी टीम साई सेंटर, बेंगलुरू में जून और अगस्त में लगे जूनियर राष्ट्रीय हॉकी शिविर में शिरकत करने के बाद डसेलडर्फ(जर्मनी) पहुंची है।

■ भारत की जू. टीम अपने अभियान का आगाज स्पेन के खिलाफ मैच से करेगी

### ध्यान अपनी योजना को अमली जामा पहनाने पर : सीआर कुमार

भारत की जूनियर हॉकी टीम के हेड कोच सीआर कुमार ने हा, %स्पेन, जर्मनी और इंग्लैंड की जूनियर टीमें खासी मजबोत हैं और हमने हाल ही में इन टीमों के पिछले कुछ मैचों का बारीकी से विश्लेषण किया है। हमारा ध्यान मुख्य तौर पर अपनी ताकत के मुताबिक खेल कर अपनी योजना को अमली जामा पहनाने पर रहेगा। हमने शिविर में अपनी खामियों को दूर करने पर मेहनत की है। हम अच्छे और सकारात्मक नतीजे हासिल करने के लिए अपनी रणनीति पर काबिज रहेंगे।'

### जर्मनी और स्पेन के खिलाफ हावी रही भारतीय जूनियर हॉकी टीम

भारतीय जूनियर हॉकी टीम स्पेन के खिलाफ आखिरी बार 2018 में आठ देशों के टूर्नामेंट में उसके खिलाफ उसके घर मैड्रिड में खेली थी जहां स्पेन की जूनियर टीम 3-1 से जती थी, 2016 के बाद भारत और स्पेन की जूनियर टीमें चार बार आमने सामने हुई हैं और इनमें तीन बार भारतीय जूनियर टीम जीती है जबकि स्पेन की टीम मात्र एक बार भारत की जूनियर टीम से पार पा सकी है। वहीं भारतीय टीम मेजबान जर्मनी से 2021 के एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप में भिड़ी थी और तब उसे 2-4 से हार झलनीपड़ी थी।

## सार संक्षेप

### आइनबॉल स्पोर्ट इंटरनेशनल लीग की मेजबानी करेगा भारत

**नई दिल्ली।** आइनबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया साल के अंत में जी-20 आइनबॉल स्पोर्टस् इंटरनेशनल लीग 2023 की मेजबानी करेगा। आईनबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष एवं नौसेना स्टाफ के पूर्व उपप्रमुख वाइस एडमिरल एस एन घोरमडे और फेडरेशन के संस्थापक अध्यक्ष प्रताप सिंह ने गुरुवार को संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, जी-20 आइनबॉल स्पोर्ट इंटरनेशनल लीग चैंपियनशिप में करीब एक दर्जन देशों के अंतरराष्ट्रीय खेल क्लब हिस्सा ले रहे हैं। आइनबॉल एक उभरता हुआ खेल है जो दुनिया भर में गति पकड़ रहा है, जिसने भारत को इस खेल में एक मजबूत दावेदार के रूप में स्थापित किया है।

### 2023 फीबा विश्व कप के लिए तीन महिला रेफरी चयनित

**बर्न।** आगामी 2023 बास्केटबॉल विश्व कप के लिये तीन महिला रेफरियों का चयन कर लिया गया है। अंतर्राष्ट्रीय बास्केटबॉल महासंघ (एफआईबीए) ने बुधवार को अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर यह जानकारी साझा की है। फीबा के कार्यक्रम के इतिहास में पहली बार, तीन महिला रेफरी, एमी बोनर, ब्लैंका बर्न्स और जेना रेनेउ को 25 अगस्त को शुरू होने वाले टूर्नामेंट के लिए नामांकित किया गया है। सभी पांच क्षेत्रों के कुल 44 रेफरी को मनीला में एक प्री-प्रतियोगिता शिविर के बाद विभिन्न स्थानों पर भेजा जाएगा ताकि उनकी तैयारी को अंतिम रूप दिया जा सके।

### यूरोस्पोर्ट इंडिया ने अफगानिस्तान- पाकिस्तान सीरीज के प्रसारण अधिकार हासिल किए

**मुंबई।** यूरोस्पोर्ट इंडिया ने गुरुवार को अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच 22 अगस्त से खेली जाने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए विशेष प्रसारण अधिकार हासिल करने की घोषणा की है। अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज 22 अगस्त से खेली जाएगी। यह तीनों एकदिवसीय मैच श्रीलंका के हंबनटोटा और कोलंबो में खेले जाएंगे। दोनों टीमों के लिए यह सीरीज एशिया कप और विश्व कप-2023 से पहले तैयारी करने का बेहतरीन मौका होगा। एशिया कप 30 अगस्त से शुरू होने वाला है, जबकि विश्व कप 5 अक्टूबर से शुरू होगा। रुचिर जैन ने कहा, क्रिकेट भारत में एक धर्म है, और यूरोस्पोर्ट को प्रशंसकों के लिए अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच एकदिवसीय श्रृंखला का लाइव कवरेज लाने पर गर्व है। हमें विश्वास है यह हमारे लिए सिर्फ शुरुआत है और हम भविष्य में भारतीय फैंस की स्क्रीन पर और अधिक हाई-प्रोफाइल गेम लाना जारी रखेंगे।